*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
24 अगस्त, 2024
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 304
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

धांय-धांय, धुआं-धुआं, चट-चट, पानी की बौछार और पत्थरबाजी



# स्व. बिनोद बिहारी महतो

## की वीर भूमि उत्तरी छोटानागपुर की लाखों बहनों को

# खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**

मानानीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

झारखण्ड मुख्यमंत्री **मंईयां** सम्मान योजना

## हर बहना को हर साल ₹ 12 हजार

# सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

**24 अगस्त, 2024 | अपराह्न 12:30 बजे से**
**सिंदूर मैदान, हजारीबाग**

**उत्तरी छोटानागपुर** (रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद और बोकारो) **की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

46 लाख से अधिक निबंधन

अब तक 43 लाख बहनों का आवेदन स्वीकृत

31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)

सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

P.R. 333644 (Women, Child Development & Social Security) 24-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,500 रु./10 ग्राम
चांदी 86,000 रु./प्रति किलो



# आंसू गैस, आंखें लाल, दमघोंटू माहौल और भागमभाग

## ■ कुछ के पैरों से खून बह रहा था, तो कुछ सांसें नहीं ले पा रहे थे

## ■ गाड़ियों में टांग अस्पताल की ओर भागते भाजपा नेता

## ■ आंसू गैस की तीव्रता का एहसास गांधी जी की प्रतिमा तक भी थी

भागो-भागो सांस नहीं ली जा रही है, दम घुट रहा है, आंखें जल रही हैं, आंसू नहीं रुक रहे, कोई रुमाल दो, अरे अपना कपड़ा चेहरा पर बांध लो, मैं हार्ट का मरीज हूं, मर जाऊंगा, हम लोग कोई आतंकवादी हैं, जो इस तरह से प्रशासन हमलावर है। इतने में दो पैकेट जैसा कुछ लोगों के बीच गिरता है, अचानक से विस्फोट होता है। भीड़ से आवाज आ रही है, अरे बम मार रहा है क्या, भागो। हर तरफ भागते लोग, हांफते लोग, एक वक्त तो ऐसा भी आया कि लोगों का दम घुटने लगा। लोग सांस नहीं ले पा रहे थे। आंसू गैस की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दो से तीन सौ मीटर दूर खड़ लोगों को सांस लेने में कठिनाई होने लगी। वे खांसने लगे।

## जैसे ही बाबूलाल मरांडी ने मंच से कहा हेमंत सरकार की उलटी गिनती शुरू, आंसू गैस का गोला आ गिरा

राकेश सिंह

भीड़ मैदान में जमा थी। बाबूलाल मरांडी मंच से बोल रहे थे। जैसे ही बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार की उलटी गिनती शुरू हो गयी है, तभी अचानक आंसू गैस का एक गोला मंच से कुछ दूर आ गिरा। भीड़ तीतर-बितर होने लगती है। कुछ कार्यकर्ता बदहवास होकर भागने लगते हैं। दरअसल रैली पर नियंत्रण के लिए प्रशासन ने कंटीले तारों से बैरिकेडिंग कर रखी थी। बेरिकैडिंग पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के आवास और ऑक्सीजन पार्क की तरफ की गयी थी। भाजपा कार्यकर्ता बैरिकेडिंग के पास नारेबाजी कर रहे थे। इसी बीच उन लोगों ने बैरिकेडिंग को हिलाना शुरू कर दिया। कुछ लोगों ने प्लास से नुकीले तारों को काटना शुरू किया। इसी बीच पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। वाटर कैनन की धार के साथ ही रैली में जुटे कार्यकर्ताओं का जोश उफान मारने लगता है। वे हेमंत सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगते हैं। यह संवाददाता भी कैमरा लिये यह दृश्य कैप्चर कर रहा था। तभी अचानक से हवा में एक विस्फोट होता है। यह संवाददाता भी भाग कर दूसरी तरफ जाता है। उसकी आंखों में भी जलन होने लगती है। बीच-बीच में वाटर कैनन का प्रयोग होता रहता है। हेमंत सरकार के





खिलाफ नारेबाजी अब और तेज होने लगती है। भाजपा कार्यकर्ता सरकार से साढ़े चार साल का हिसाब मांग रहे हैं। युवाओं की नौकरी का क्या हुआ, यह सवाल पूछ रहे हैं। सरकार को वे वादे याद दिला रहे हैं, जो सत्ता में आने से पहले किया गया था। भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए जब पुलिस प्रशासन के लोग सख्ती दिखाते हैं, तो कार्यकर्ता कंटीले तारों से लैश बैरिकेडिंग को उखाड़ फेंकते हैं। उन तारों को पास की नाली की ओर फेंक देते हैं। यह कंटीले तारों से लेस बैरिकेडिंग उखाड़ने का पहला पड़ाव था। लेकिन तभी पुलिस और उग्र तरीके से आंसू गैस के गोले छोड़ना शुरू करती है। सब आंख मींचते हुए भागने लगते हैं। क्या नेता, क्या कार्यकर्ता और क्या पत्रकार, सभी आंख मींच रहे होते हैं। कुछ पत्रकार भी कहते हैं, इतना इंटेंसिटी वाला आंसू गैस पहले महसूस नहीं किया। थोड़ा पीछे हटने के बाद भाजपा कार्यकर्ता फिर से बैरिकेडिंग की ओर रुख करते हैं। वे पहले से ज्यादा जोश और गुस्से में हैं। भाजपा कार्यकर्ता नारों के माध्यम से आंदोलन को धार दे रहे हैं। हेमंत सरकार से हिसाब मांग रहे हैं। पुलिस का तेवर कड़ा होता है और रैली में आये युवाओं को रोकने के लिए उपकरणों का प्रयोग तेज कर देती है। इसी बीच भगदड़ में अचानक से एक

**आँखों देखी**

भाजपा कार्यकर्ता को टांगे हुए कुछ भाजपा समर्थक गाड़ी की ओर भाग रहे हैं। उस कार्यकर्ता के पैरों से खून निकल रहा था। वह कह रहा है कि कुछ छर्रा जैसा पैर में आकर लगा। पैर फट चुका था। खून की धार और दर्द के बीच भी वह कार्यकर्ता जोर-जोर से नारा लगा रहा है। तभी अचानक से भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय को भी जख्मी हालत में टांग कर भाजपा कार्यकर्ता आगे बढ़ते हैं। उनका भी पैर फट गया था। साथ में विरंची नारायण भी हैं। यदुनाथ पांडेय के पैर से खून का रिसाव हो रहा था। उनको भी टांग कर गाड़ी में बिठा कर अस्पताल ले जाया गया। उधर बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा मंच से उतर कर ऑक्सीजन पार्क वाली बैरिकेडिंग की तरफ कार्यकताओं के पास पहुंचते हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं पर वाटर कैनन दागा जा रहा था, तभी अचानक से कोई विस्फोटक आता है और फटता है। विस्फोटक में डाई मार्कर ग्रेनेड का निशान लगा हुआ है। उधर आंसू गैस के कुप्रभाव के कारण प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी और रांची के विधायक सीपी सिंह की आंखों में जलन होने लगती हैं और वे लोग आंखों में पानी मारते हुए लंबी-लंबी सांसें ले रहे हैं। आंखें बिल्कुल लाल हो गयी हैं। बाउरी आंखें मींचते हुए कहते हैं कि आप लोग देखिये, पुलिस प्रशासन हम लोगों के साथ ऐसा व्यवहार कर रहा है, मानों हम आतंकवादी हैं। सीपी सिंह कह रहे हैं, हम डरनेवाले नहीं हैं। हम लड़ेंगे और अंजाम तक पहुंचेंगे।

बाउरी कह रहे हैं कि भाजपा का आंदोलन उग्र नहीं था, लेकिन फिर भी पुलिस ने इस तरह का बल प्रयोग कैसे कर दिया, यह समझ से परे है। जब यह संवाददाता यह दृश्य कैमरे में कैद कर रहा था तो उसने देखा कि भाजपा की कुछ महिला कार्यकर्ता आंखें मीचते जमीन पर बैठी हुई हैं। आंखों में पानी मार रही हैं। आंखें लाल हो चुकी हैं। वे जोर से हांफ रही हैं, कह रही हैं कि पुलिसवाले भद्दी-भद्दी गालियां दे रहे हैं, लाठियां बरसा रहे हैं। हम तो सिर्फ नारेबाजी कर रहे थे। उनका कहना था कि महिलाओं पर पुरुष पुलिस कैसे लाठी मार सकती है। हर तरफ अफरा तफरी का माहौल था। भगदड़ मची हुई थी। उधर प्रेस क्लब जो करीब 200 मीटर पर स्थित है, वहां से भी आंखों में जलन की सूचना आने लगी। लोग वहां भी खांस रहे थे। समझा जा सकता है कि आंसू गैस कितना प्रभावी था। यह संवाददाता भी आंखों में आंसू लिये और खासते हुए दृश्य को कैप्चर कर रहा था। आंसू गैस की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि पूरा चेहरा जल रहा था। सांस नहीं ली जा रही थी। मैं रुमाल ढूंढ़ रहा था, मिली नहीं, अपनी टीशर्ट में नाक डाल कर सांस लेने की कोशिश करने लगा। मेरे बगल से एक व्यक्ति भागा। बोला कि उसे सांस लेने में कठिनाई हो रही है। पीछे से उसका साथी बोला, यह हार्ट का पेशेंट हैं। लोग गांधी जी की प्रतिमा की ओर भागने लगे। इसी बीच कई लोग पानी से अपना चेहरा धो रहे थे, मैंने भी उनसे पानी मांगा और अपनी आंखों को धोया। यकीन मानिये एक वक्त तो सही मायने में ऐसा प्रतीत हुआ कि दम घूंट जायेगा, जितना भागा जाये कम पड़ रहा था। लेकिन आंसू गैस की तीव्रता पीछा नहीं छोड़ रही थी।

## मोरहाबादी में आक्रोश रैली में गरजे भाजपा के नेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के मोरहाबादी में आयोजित भाजपा युवा मोर्चा के आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड युवाओं के नेतृत्व में फिर एक उलगुलान के लिए तैयार है। जिन युवाओं को ठगकर यह जुल्मी सरकार सत्ता में आयी, उस सरकार को यह डर दिखाना जरूरी था। यह डर अच्छा है हेमंत जी, आप संगीनों के साये में कटीले तार लगाकर एक बुजदिल की तरह सीएम आवास में बैठे हुए हैं और राज्य के युवा सड़क पर संघर्ष कर रहे हैं। युवा आपके और आपके प्रशासन के रोकने से रुकने वाले नहीं हैं और मैदान में लाखों की उपस्थिति आपकी सरकार का भविष्य बताने के लिए काफी है। इस सरकार को तो बांग्लादेशी घुसपैठियों से प्यार है लेकिन झारखंड के युवाओं को फटकार है। राज्य का युवा जब आपकी घोषणा के अनुसार 5 लाख नौकरी, बेरोजगारी भत्ता की मांग करते हैं, अनुबंध कर्मी स्थायीकरण की बात करते हैं, परीक्षा में गड़बड़ी की सीबीआइ जांच की मांग किया जाता है तब सरकार कुंभकर्णी निंद्रा में सोई हुई है। इस सरकार ने नौकरियां नहीं दी, जो दी भी उसके पद को बेचने का काम किया गया। सीजीएल हो, जेइ, नेट की परीक्षा हो, जेटेट, जेपीएससी, जेएसएससी की परीक्षा हो सारे को बेचने का काम किया है। झारखंड छोड़कर कहीं देखने को नहीं मिलेगा कि 100 में 252 अंक अभ्यर्थी को प्राप्त होता हो। जेपीएससी की परीक्षा को जांचने







के लिए घंटी आधारित शिक्षकों को जांच की जिम्मेवारी दे दी गयी। यह युवा विरोधी सरकार है। इस सरकार को डॉ मुश्ताक अहमद नहीं दिखता जो यहां अलकायदा का मॉड्यूल लागू करने की कवायद में जुटा रहा। कई आतंकी पकड़े गये। इस सरकार को गाय बथान का दानदू हेंब्रम नहीं दिखता, केकेएम कॉलेज में आदिवासियों छात्रों को पीटा गया यह नहीं दिखता, करमा उरांव के जमीन पर मस्जिद बन रही है यह नहीं दिखता। पारा शिक्षक सरकार से अधिकार मांगने आते हैं तो इनपर लाठियां बरसायी जाती हैं। सरकार को भाजपा युवा मोर्चा की आक्रोश रैली दिखती है जो सरकार की वादा खिलाफी को लेकर जवाब मांगने आये हैं। हम बिरसा, सिदो कान्हू की धरती से हैं, हम कंटीले तारों से डरने वाले नहीं हैं। आप कितना भी ताकत लगा लीजिये, ये युवाओं का जनसैलाब रुकने वाला नहीं है। आगामी चुनाव में कमल का बटन दबाकर आपकी सरकार को उखाड़ कर फेंक देंगे, आपके तार और बेरिकेटिंग को इसी प्रकार राज्य के युवा उखाड़ फेंकेंगे।

**हेमंत सरकार पश्चिम बंगाल का चरित्र अपना रही है: अर्जुन मुंडा :** पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि राज्य की दशा और दिशा से आप सब परिचित हैं। चाहे युवा हो, किसान हो, महिला हो, दलित हो, आदिवासी हो, पिछड़ा हो, सामान्य हो, किसी वर्ग को कुछ नहीं मिला। ना युवाओं को नौकरी मिली, ना महिलाओं को सम्मान मिला। यह दुर्दशा इस सरकार के गठन के प्रारंभ से ही देखी जा रही है। यह परिवारवादी सरकार बात आदिवासियों की करती है लेकिन एक आदिवासी मुख्यमंत्री को हटाने के लिए कैसी नीति अपनायी गयी, देखा गया। यह सरकार हर मोर्चे पर विफल है। योजना में घपला हो रहा, जेपीएससी, जेएससीसी में परीक्षा होने के बाद परिणाम नहीं आ रहा है तो कहीं किस्तों में परिणाम आ रहा है। सरकार की मंशा परीक्षा परिणाम जारी करने में खेल करना चाहती है। स्थानीय नीति और रोजगार के मामले में सरकार फेल है। सरकार ने जो भी वादा किया, एक भी वादा पूरा नहीं किया। झारखंड में 7000 बलात्कार का केस और एक भी अपराधी को सजा नहीं। यह सरकार महिलाओं को क्या न्याय दिलायेगी। यहां की सरकार पश्चिम बंगाल का चरित्र अपना रही है। यह कार्यक्रम राज्य की जनता को न्याय दिलाने के लिए है।

**लोकतंत्र को कुचलने का काम किया: दीपक प्रकाश:** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा। राज्य भर से युवा झामुमो के निश्चय पत्र में किये गये घोषणाओं का हिसाब लेने आये हैं। झारखंड सरकार ने इस दौरान जो रवैया अपनाया, वह लोकतंत्र विरोधी है। भाजपा कार्यकर्ताओं को रोका गया, इससे साबित होता है कि सरकार डरी सहमी हुई है। यह विदाई का संकेत है। ऐसी सरकार पूरे जीवन में कभी नहीं देखी। यह आपातकाल की पुनरावृत्ति है। नौकरी, बेरोजगारी के सवालों पर भागने वाला मुख्यमंत्री आज तक नहीं देखा। घोषणा पत्र के सारे दावे फेल हैं। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने झामुमो कार्यकर्ताओं की तरह लोकतंत्र को कुचलने का काम किया है। बीजेपी का जन्म ही दमन से हुआ है, इस दमन से भाजपा कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं। हम संकल्प लेते हैं कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।

**यह नौजवान हेमंत सोरेन को वीआरएस दिलाने आये हैं: भानु प्रताप शाही:** विधायक सह युवा आक्रोश रैली कार्यक्रम के संयोजक भानु प्रताप शाही ने कहा कि इस सड़ी गली सरकार को धक्का देने के लिए लाखों युवा यहां आये हैं। ना आपकी पुलिस रोक पायी ना प्रशासन, यहां से युवाओं की हुंकार आपके कानों तक जरूर पहुंच रही होगी। यह नौजवान हेमंत सोरेन को वीआरएस दिलाने आये हैं। हर साल 5 लाख नौकरी, बेरोजगारी भत्ता, नहीं तो राजनीति से संन्यास लेने के आपके वादे को याद दिलाने आये हैं। सभी मोर्चे पर आपकी सरकार फेल है। 5 साल हो गया स्पष्ट नियोजन नीति नहीं बनाया, 60/40 का नियोजन नीति बना दिया। ये नाय चलतो। आज की तारीख में अगर सर्वे करा दिया जाये तो सबसे डरपोक मुख्यमंत्री में हेमंत सोरेन का नाम आयेगा।

## झामुमो ने निकाला झारखंडी अधिकार मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से शुक्रवार को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर झारखंडी अधिकार मार्च निकाला गया। झामुमो रांची जिला समिति की ओर से झारखंडी अधिकार मार्च जयपाल सिंह स्टेडियम से निकाला गया और अलबर्ट एक्का चौक के समीप पहुंचा। इस दौरान नेताओं और कार्यकताओं ने जमकर प्रदर्शन किया । मौके पर झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा झारखंडी अधिकार मार्च के जरिये हम केंद्र सरकार से राज्य का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये की मांग करते हैं। दूसरा 1932 के खतियान की बात है जिसे विधानसभा से पारित करके भेजा गया है, उसके अधिकार की बात है। एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण की मांग करते है। अडानी पावर प्लांट में झारखंडियों की जमीन गयी और हमारा कोयला जा रहा है, जिसका अधिकार हम मांग रहे हैं।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव नन्द किशोर मेहता, राज्य सभा सांसद डॉ महुआ माजी,




केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष बीरू तिर्की, रामानंद बेदिया, जनक नायक, अश्वनी शर्मा, कलाम आजाद, बीरू साहू, जिला सचिव हेमलाल कु मेहता, संयुक्त सचिव आदिल इमाम, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा, रामशरण तिर्की, अफरोज अंसारी, महावीर विश्वकर्मा, तलाकेश्वर महतो, मंटू लाला, अफताब आलम, जीत गुप्ता, अरुण वर्मा, युवा मोर्चा जिला सचिव सोनू मुंडा, कैथरीना तिर्की, कोषाध्यक्ष अजीत नायक, राजेश सिंह, संगठन सचिव महताब अंसारी, उपाध्यक्ष आरिज खान, अशोक मुंडा, गुलाम रब्बानी, अनमोल रतन सांचा, सबीबुल रहमान, नौशाद, श्याम खलखो, शहाबुद्दीन, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शमीम मंसूरी, परवेज आलम गुड्डू, सचिव सुजीत कुजूर कोषाध्यक्ष विलियम रिचर्ड लकड़ा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नयनतारा उरांव, सचिव शांति तिर्की, कोषाध्यक्ष उषा उरांव, उपाध्यक्ष मंजू महतो, अंशु लकड़ा, राखी देवी, महानगर अध्यक्ष संध्या गुड़िया, संगठन सचिव सुनीता लिंडा, सुषमा, क्रीड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष झब्बूलाल महतो, सचिव सज्जाद अंसारी, कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी, ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर महतो, सचिव नरेश यादव, योगेंद्र राम सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पुलिस पर हमला करनेवाले नेताओं पर होगी एफआइआर : चंदन सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिले के एसएसपी चंदन सिन्हा ने कहा है कि युवा आक्रोश रैली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने में जुटे पुलिसकर्मियों पर पत्थर चला कर हमला करनेवाले भाजपा नेताओं पर एफआइआर दर्ज की जायेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस



ने आत्मरक्षा में आंसू गैस और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। पुलिस ने पहले से रूट निर्धारित किया था।

कहीं भी भाजपा कार्यकर्ताओं को रोका नहीं गया। सीसीटीवी फुटेज और वीडियो फुटेज के आधार पर पत्थर फेंकने वाले की पहचान होगी और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

www.epaper.azadsipahi.in

24 अगस्त, 2024
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 304

मुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद की दिवंगत पुत्री को दी श्रद्धांजलि



## भाजयुमो की आक्रोश रैली: 2.25 से 3.15 तक रांची का मोरहाबादी मैदान

# धांय-धांय, धुआं-धुआं, चट-चट, पानी की बौछार और पत्थरबाजी

*रांची (आजाद सिपाही)। तारीखः 23 अगस्त 2024, समयः 2.25 से 3.15,स्थान- रांची का मोरहाबादी मैदान। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की जन आक्रोश रैली में अपने चेहरों पर आक्रोश का गुब्बार लिये राज्यभर के भाजपा कार्यकर्ता जुटे हुए थे। मोरहाबादी मैदान में आने के लिए इन कार्यकर्ताओं को जगह-जगह पुलिसिया रोक का सामना करना पड़ा। मोरहाबादी मैदान में प्रवेश करना जंग लड़ने के समान थे। मैदान के चारों ओर बैरिकेडिंग, मैदान से सटे हर इंट्री प्वाइंट पर बैरिकेडिंग, शहर के सभी प्रवेश द्वारों पर गहन चेकिंग। फिर भी कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लग गया। उनके माथे पर केसरिया पगड़ी, हाथों में पार्टी का झंडा और झंडे को डंडे का सहारा। मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के हाथ में माइक। बैठे थे नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, अर्जुन मुंडा, दीपक प्रकाश, भानुप्रताप सिंह, नवीन जयसवाल, शशांक राज, प्रदीप वर्मा सहित डेढ़ दर्जन नेता। माइक से बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार की एक-एक वादाखिलाफी गिनानी शुरू की। युवाओं से हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। वहीं, दूसरी ओर आक्रोश रैली को रोकने के लिए वहां हजारों की संख्या में मौजूद सुरक्षाकर्मी। कुछ के हाथों में लाठी। कुछ के हाथों में बंदूक। कुछ के हाथों में आंसू गैस के गोले, तो कुछ के हाथों में हथगोले (छोटे बम)। वहीं पानी की बौछार छोड़ने के लिए तैनात वाट्र कैनन वाहन इस्तेमाल के लिए तैयार। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 2.25 में युवाओं से आह्वान करते हैं कि 'इस सरकार को हर हाल में उखाड़ फेंकना है। इस सरकार ने युवाओं को ठगा है। छला है। वादाखिलाफी की है।' इतना सुनते ही युवा जोश और आक्रोश में भर गये। युवाओं की एक टोली कंटीले तार जड़ित बैरेकेडिंग को हिलाने लगती है। युवा बैरिकेडिंग को गिराने की कोशिश करने लगते हैं। फिर क्या था, वहां मौजूद हजारों जवान आक्रामक मुद्रा में आ जाते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के आवास की तरफ तैनात वाटर कैनन से एकाएक पानी की बौछारें युवाओं को रोकने के लिए छोड़ी जाती हैं। इस बीच मंच पर बाबूलाल की आवाज गूंजती है 'सरकार की उलटी गिनती शुरू हो गयी है।' तभी शिबू सोरेन के आवास की तरफ से 'धांय-धांय' (एक तरह के बम) की आवाज आती है। वहीं, रामदयाल मुंडा पार्क की तरफ से लाठीचार्ज शुरू हो जाती है। पूरा इलाका आशु गैस से 'धुआं-धुआं' हो जाता है। इस धुएं का असर इतना था कि क्षेत्र के 300 मीटर के दायरे में असर महसूस हो रहा था। आंख में जलन और गले में बेचैनी महसूस होने लगी थी। सांस लेने में भी कठिनाई। इस बीच रैली में आये युवाओं की तरफ से कुछ पत्थरबाजी भी हुई। देखते ही देखते मोरहाबादी मैदान रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। रैली पक्ष के लगभग एक दर्जन लोग घायल हुए, वहीं कुछ पुलिसकर्मियों को भी पत्थर लगे। आक्रोश और नियंत्रण में जबरदस्त जंग देखने को मिली।*









**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा ने हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में युवा आक्रोश रैली निकाली। रैली भाजयुमो की तरफ से आयोजित की गयी थी। कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए प्रशासन ने जगह-जगह बैरिकेडिंग कर रखी थी। कंटीले तार से बाड़बंदी की गयी थी। कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़ कर आगे बढ़ने की कोशिश की, तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया। कुछ बम भी फोड़े। इस दौरान मोराहाबादी में रैली के बाद भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास घेरने के लिए निकल रहे थे। प्रदर्शनकारियों को टीओपी के पास ही रोक दिया गया। वहीं कार्यकर्ता जोर जबरदस्ती करते हुए मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने की कोशिश करते दिखे। उसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने सख्त रुख अपना लिया। पुलिस-प्रशासन का कहना है कि प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। पुलिस पर पथराव किया गया, जिसके बाद उन्हें रोकने के लिए सख्त कदम उठाया गया। सुरक्षा में लगे कई जवान के घायल होने का दावा भी पुलिस प्रशासन कर रहा है, वहीं, भाजपा नेताओं का कहना है कि युवा शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज करा रहे थे। पुलिस ने बर्बरतापूर्ण रवैया अपनाया है। पार्टी के लगभग एक दर्जन कार्यकर्ता घायल हुए हैं। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जन मुंडा, सांसद संजय सेठ, दीपक प्रकाश, विधायक भानू प्रताप शाही, भाजपा युवा मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री रोहित चहल, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने युवाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, रविंद्र कुमार राय, अभयकांत प्रसाद, यदुनाथ पांडेय, राकेश प्रसाद, सांसद विद्युत वरण महतो, मनीष जयसवाल, ढुल्लू महतो, विधायक सीपी सिंह, नीरा यादव, नारायण दास, आरती कुजूर , विकाश प्रीतम, बालमुकुंद सहाय, योगेंद्र प्रताप सिंह, अमरदीप यादव , पवन साहू , रूपेश सिन्हा सहित हजारों की संख्या में राज्य के सभी हिस्सों से नेताओं, युवाओं और आम लोग उपस्थित थे।



## हेमंत सरकार की उलटी गिनती शुरू: बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी में आयोजित भाजपा युवा मोर्चा की आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आप याद कीजिए झारखंड की सरकार ने नौजवानों को किस प्रकार ठगा है। उन्होंने झारखंड के युवाओं से प्रतिवर्ष 5 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया था। नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। बेरोजगारी भत्ता की बात इन्होंने विधानसभा में कही थी। इतना ही नहीं उन्होंने अपना वादा पूरा नहीं करने पर राजनीति से सन्यास लेने की बात कही थी। पांच साल गुजर गये, लेकिन हेमंत सरकार युवाओं को सरकारी नौकरी नहीं दे पायी। नौकरी तो दी नहीं और संन्यास भी नहीं लिया। उन्होंने हेमंत सोरेन की तरफ इशारा करते हुए कहा कि अगर थोड़ी भी आपमें नैतिकता बची हो, तो आपको सार्वजनिक रूप से अपनी वादाखिलाफी को लेकर यहां के नौजवानों और राज्य की जनता से माफी मांगनी चाहिए। आप झूठ भी बोलते हैं, और माफी भी नहीं मांगते हैं तो जनता आपके दरवाजे तक उसका हिसाब मांगने पहुंची हुई है। आप माफी मांगिये, नहीं तो राज्य भर के युवा आपसे हिसाब मांगने आपकी चौखट पर ही आ रहे हैं।



### युवा ही नहीं सभी आपसे हिसाब मांगने आये हैं

बाबूलाल ने कहा कि इस कार्यक्रम में युवा के अलावा गरीब, पीड़ित और बुजुर्ग भी आये हैं। युवा आक्रोश रैली के बारें में जब लोगों ने सुना तो उन्हें भी लगा कि इस सरकार ने तो उन्हें भी ठगा है, धोखा दिया है इसलिए हम सबों को हिसाब मांगने चलना चाहिए। 2019 में हेमंत सोरेन ने घोषणा की थी कि सरकार बनेगी तो गरीबों को साल में 72000 रुपये देंगे। यह पैसा तो गरीबों को सरकार ने दिया नहीं, तो 5 साल का जोड़ कर हेमंत सोरेन सरकार को यह रकम देनी चाहिए। दिव्यांगो और वृद्धों को 2500 रुपये महीना पेंशन की बात कही थी, वह भी वादा पूरा नहीं किया। इसलिए गरीबों के साथ ये दिव्यांग, ये बुजुर्ग भी अपना हिसाब किताब आपसे करने आये हुए हैं, सभी को पैसा आपको देना पड़ेगा। इतना ही नहीं ग्रीन कार्ड के माध्यम से 10 लाख गरीबों को 5 किलो अनाज मुफ्त देने का वादा किया था। ये लोग भी 5 साल का राशन लेने के लिए बोरा लेकर पहुंचे हैं इनको राशन दे दीजिए। वैसे आप राशन क्या देंगे, जब उक्त सारे लोग रांची कार्यक्रम में आ रहे थे तो इन्हें रोकने की कोशिश की जा रही है। पहले गाड़ी वालों को रोकने की कोशिश की, फिर राज्य के हर थाना क्षेत्र में रांची आनेवाली हर सड़क पर पुलिस की पहरेदारी लगा दी, ताकि कार्यक्रम में लोग पहुंच नहीं सकें।

### पहली बार किसी सरकार ने नुकीले तार लगाया है

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने हमें देश के अंदर यह हक दिया है कि हम अपनी मांगों को लेकर रैली, प्रदर्शन, जुलूस, कर सकते हैं। लोकतंत्र में धरना, आंदोलन, रैली करना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार होता है। अपने राजनीतिक और सामाजिक जीवन के 40 वर्षों में हमने पहली बार देखा कि कोई सरकार इस प्रकार से नुकीले तार के कांटों से घेराबंदी करायी है, ताकि युवा और जनता अपनी आवाज बुलंद करने के लिए मोराबादी मैदान नहीं पहुंच सकें। हेमंत सोरेन युवाओं का आक्रोश देख कर डरे सहमे हैं, उनकी सरकार घबराई हुई है। प्रदेश की जनता- जनार्दन देख रही है, किस प्रकार से युवाओं के आंदोलन को तानाशाही तरीके से दबाने का प्रयास किया जा रहा है। हेमंत सोरेन जी, हम लोग तो इस आंदोलन को रांची के मोरहाबादी मैदान में करने वाले थे, लेकिन आपने जिस प्रकार रोकने और कार्यक्रम को बाधित करने की कोशिश की, पूरे राज्य में नौजवानों को उग्र कर दिया है। आज से आपकी उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। 100 दिन से भी कम आयु इस सरकार की है। जो भी पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारी सरकार के इशारे पर टूल्स की तरह काम कर रहे हैं, उन्हें भी चिह्नित किया जायेगा।



‘ झारखंड युवाओं के नेतृत्व में फिर एक उलगुलान के लिए तैयार है। जिन युवाओं को ठग कर यह सरकार सत्ता में आयी, उस सरकार को यह डर दिखाना जरूरी था। यह डर अच्छा है हेमंत जी, आप संगीनों के साये में कटीले तार लगाकर एक बुजदिल की तरह सीएम आवास में बैठे हुए हैं और राज्य के युवा पर संघर्ष कर रहे हैं।

**-अमर कुमार बाउरी, नेता प्रतिपक्ष**



‘ राज्य की दशा और दिशा से आप सब परिचित हैं। चाहे युवा हो, किसान हो, महिला हो, दलित हो, आदिवासी हो, पिछड़ा हो, सामान्य हो, किसी वर्ग को कुछ नहीं मिला। यह परिवारवादी सरकार बात आदिवासियों की करती है, लेकिन एक आदिवासी मुख्यमंत्री को हटाने के लिए कैसी नीति अपनायी गयी, देखा गया।

**-अर्जुन मुंडा, पूर्व केंद्रीय मंत्री**



‘ इस सड़ी गली सरकार को धक्का देने के लिए लाखों युवा यहां आये हैं। ना आपकी पुलिस रोक पायी और ना प्रशासन। यहां से युवाओं की हुंकार आपके कानों तक जरूर पहुंच रही होगी। हर साल 5 लाख नौकरी, बेरोजगारी भत्ता , नहीं तो राजनीति से सन्यास लेने के आपके वादे को याद दिलाने आये हैं।

**- भानू प्रताप शाही, विधायक**



‘ अपने जीवन में ऐसी डरी हुई सरकार नहीं देखी। आपने ही नौकरी देने, बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, वही जवाब मांगने आये थे। परंतु मिनी आपातकाल आपने लगा दिया। ये लोग इतने भयभीत हैं। दो दिन पूर्व से ही पूरे राज्य में वाहन मालिकों को धमकाया जा रहा है। आपने तो मोराबादी आने से रोका पर पूरे प्रदेश में सड़को पर थाने में जो हुंकार हो रही है वह भी अच्छी तरह आप सब सुन लें।

**- संजय सेठ, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री**



‘ आज का यह कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा। राज्य भर से युवा जेएमएम के निश्चय पत्र में की गयी घोषणाओं का हिसाब लेने आये हैं। झारखंड सरकार ने इस दौरान जो रवैया अपनाया, वह लोकतंत्र विरोधी है। भाजपा कार्यकर्ताओं को रोका गया, पूरे राज्य में कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए चेकिंग अभियान यलाया गया। इससे साबित होता है कि सरकार डरी सहमी हुई है। यह विदाई का संकेत है।

**- दीपक प्रकाश, राज्यसभा सांसद**



‘ जब तक राज्य के युवाओं को न्याय नहीं मिल जाता है तब तक यह संघर्ष और आंदोलन जारी रहेगा। राज्य के युवाओं को ठग कर सत्ता हथियाने वाले आज मुंह छिपा कर दुबके हुए हैं। युवाओं के एक-एक सवाल का हिसाब और जवाब आपको देना पड़ेगा मुख्यमंत्री जी। आपकी सरकार और प्रशासन से युवा डरने वाले नहीं हैं। अब बदलाव का वक्त आ गया है। मुख्यमंत्री की चौखट से कुर्सी तक हिलाकर युवा रख देगा।

**- शशांक राज, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष**



‘ जिस प्रकार का माहौल झारखंड का है, पूरा देश देख रहा है। यहां के मुख्यमंत्री झूठे हैं। इन्होंने लोगो को ठगने और गुमराह करने का काम किया। इनके सारे वादे झूठे निकले। घोटाले में सरकार है या सरकार में घोटाला, पता नहीं। कानून व्यवस्था लचर है। तुष्टिकरण की राजनीति चरम सीमा पर है। मुख्यमंत्री का आदिवासी राग केवल ड्रामा है। इस सरकार को केवल परिवार और भ्रष्टाचार से मतलब है।

**- रोहित चहल, राष्ट्रीय मंत्री, भाजपा युवा मोर्चा**

## 24 अगस्त को सभी जिलों के एसपी कार्यालय और सभी थाना के समक्ष होगा पुतला दहन कार्यक्रम

रांची (आजाद सिपाही)। भाजयुमो की आक्रोश रैली के दौरान राज्य सरकार की तानाशाही के खिलाफ दिनांक 24 अगस्त को सभी जिलों के एसपी कार्यालय और सभी थाना के समक्ष राज्य सरकार का पुतला दहन कार्यक्रम करने का निर्णय भाजपा ने लिया है। प्रदेश पार्टी कार्यालय में इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि आज का दिन हमेशा के लिए काला अध्याय के रूप में दर्ज हो गया।

## भाजपा ने घटना की न्यायिक जांच की मांग की



**अजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज मेरे भाषण के दौरान मोराबादी मैदान में आंसू गैस के गोले छोड़े गये। एक नहीं, 7-8 आंसू गैस छोड़े गये। कुछ आंसू गैस तो मंच के समानांतर छोड़े गये। ये आंसू गैस के गोले, वाटर कैनन के फव्वारे और कंटीले तारों की घेराबंदी भी अब हेमंत सरकार को नहीं बचा पायेगी। झारखंड के युवाओं को उनके हक की नौकरी, उनके हक का रोजगार और पिछले 5 सालों से हो रही नाइंसाफी का न्याय दिलाने के लिए निर्णायक लड़ाई का आगाज हो चुका है। भाजपा युवाओं को इंसाफ दिलाने के लिए हेमंत सरकार के हर दमनकारी कदम का मुंहतोड़ जवाब देगी। आज जिस अलोकतांत्रिक तरीके से युवाओं/बेरोजगारों को रांची आने से रोका गया और मेरे संबोधन के दौरान जिस प्रकार से आंसू गैस छोड़ कर नुकसान पहुंचाने एवं बाधा डालकर जनमानस को उकसाने का प्रयास किया गया, हम इसकी न्यायिक जांच की मांग करते हैं। न्यायिक जांच हाइकोर्ट के सीटिंग जज से करायी जाये। रैली में पुलिस की कारवाई से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता घायल हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ,संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, पूर्व मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद दीपक प्रकाश और नेता अस्पताल में उन्हें देखने पहुंचे।







छात्रों ने जैक कार्यालय का किया घेराव, छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो ने कहा-

# सिलेबस और कट ऑफ मार्क्स में संशोधन अनिवार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची ।** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा-2024 को लेकर राज्य में एक बार फिर विवाद उत्पन्न हो गया है। बोर्ड की ओर से जारी किए गए विस्तृत सिलेबस और कट ऑफ मार्क्स से छात्रों में भारी नाराजगी है। झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने इस पर विरोध जताया। शुक्रवार को हजारों छात्र-छात्राओं ने झारखंड अधिविध परिषद रांची यानी जैक कार्यालय रांची का घेराव और जमकर विरोध किया। घंटों तक बोर्ड के मुख्य द्वार को बाधित रखा। विरोध के दौरान छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि बोर्ड की ओर से मनमाने तरीके से वृहद सिलेबस और हायर कट ऑफ मार्क्स की बाध्यता तय कर दी गयी है। यह गलत है। बोर्ड को इसमें संशोधन करते हुए एनसीटीई की गाइडलाइन या पूर्ववर्ती 2016 के अनुरूप निर्धारित की जानी चाहिए।जैक सचिव और छात्र मंडली की लंबी वार्ता के बाद आंदोलन समाप्त कर दिया गया। घेराव कार्यक्रम में छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो, अजय महतो, अंतोष कुमार, रामप्रसाद आदि छात्र शामिल हुए। गौरतलब है कि जेटेट परीक्षा के लिए आवेदन करने की तिथि को बढ़ाकर 26 अगस्त तक कर दिया गया है।

## सेक्रेड चाइल्ड एकेडमी कोकर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** सेक्रेड चाइल्ड एकेडमी कोकर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस तरह के आयोजन बच्चों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। क्योंकि ऐसे आयोजन उन्हें धार्मिक और सांस्कृतिक ज्ञान से परिचित कराते हैं। साथ ही उनके मनोरंजन और रचनात्मकता को भी प्रोत्साहित करते हैं। बच्चों को इस प्रकार के त्योहारों का हिस्सा बनाना उन्हें अपनी परंपराओं से जुड़ने का एक सुंदर अवसर प्रदान करता है। कृष्ण और राधा के वेश-भुषा में बच्चों के बीच एक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें सर्वश्रेष्ठ कृष्ण और राधा को चुना गया। बच्चों को कृष्ण के जन्म की कहानी सुनायी गयी और उनके द्वारा बचपन में किये गये लिलाओं को भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति की और सभी का मन मोह लिया।

## झारखंडी भाषा और संस्कृति के पर्याय थे डॉ रामदयाल मुंडा : डॉ तपन कुमार शांडिल्य



रांची(आजाद सिपाही)। शुक्रवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा की जयंती आयोजित की गयी। विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के द्वारा आयोजित इस जयंती कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत डॉ विनोद कुमार ने किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने प्रो, डॉ रामदयाल मुंडा को स्मरण करते हुए कहा कि झारखंडी भाषा और संस्कृति को एक सूत्र में बांधने के लिए अखड़ा संस्कृति बचाये रखने को डॉ मुंडा ने आवश्यक बताया था। उन्होंने कहा कि डॉ रामदयाल मुंडा का संपूर्ण व्यक्तित्व एवं कृतित्व स्वयं में एक विलक्षण प्रतिभा का परिचायक हैं। विशिष्ट अतिथि के तौर आमंत्रित प्रो . डॉ गोपाल पाठक, महानिदेशक, सरला बिरला विश्वविद्यालय, डॉ पीपी महतो, डॉ जिंदर सिंह मुंडा, डॉक्टर जय किशोर मंगल, लक्ष्मीकांत प्रमाणिक, सपन रणवीर सिंह, जयमंगल किशोर, डूमिनी माय मुर्मू सहित सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## महाप्रबंधक ने पटना और सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर रेलखंड का निरीक्षण किया



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा शुक्रवार को राजेंद्रपुल, समस्तीपुर, दरभंगा, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर के रास्ते पटना से हाजीपुर तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के मध्य पड़ने वाले स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, समपार फाटक सिगनलिंग प्रणाली सहित संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल दिया। उन्होंने दरभंगा एवं सीतामढ़ी स्टेशन का भी निरीक्षण किया। सीतामढ़ी में महाप्रबंधक ने सकुर्लेटिंग एरिया, साफ-सफाई, प्रतीक्षालय, एफओबी, प्लेटफार्म सहित यात्रियों को उपलब्ध करायी जा रही समस्त सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक द्वारा दरभंगा एवं सीतामढ़ी स्टेशन पर स्टेशन पुनर्विकास से संबंधित कार्यों की अधिकारियों के साथ समीक्षा की गयी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद तथा समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव अपने-अपने क्षेत्राधिकार में महाप्रबंधक के साथ उपस्थित रहे।

## डॉ रामदयाल मुंडा की जयंती मनायी



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष बबलू ने पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार कहती है कि झारखंड में आदिवासियों की सरकार है लेकिन पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा झारखंड प्रदेश से लेकर देश विदेश तक आदिवासी समाज को पहचान दिलाने वाले शिक्षाविद आंदोलनकारी महान व्यक्ति पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा के बारे में एक शब्द तक नहीं कहा। श्री बबलू मुंडा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का आक्रोश रैली को हेमंत सोरेन सरकार ने फ्लाप करने के लिए पूरा मोरहाबादी मैदान में धारा 144 लगाकर मोरहाबादी मैदान स्थित पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा के प्रतिमा के पास आदिवासी मूलवासी समाज को पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा की जयंती मानने से रोकने का काम किया। हेमंत सोरेन झारखंड आंदोलनकारी दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पुत्र हैं लेकिन शिक्षाविद आंदोलनकारी पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा की जयंती पर उन्हें याद नहीं करना झारखंड के आदिवासी मूलवासी समाज का अपमान करना है। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार के द्वारा वादा खिलाफी के विरोध में पूरे झारखंड का युवा सड़क पर हैं। हेमंत सोरेन सरकार लाठी, गोली चलाकर युवाओं की आवाज को दबाना चाहती है। कहा कि आदिवासी, मूलवासी समाज को हेमंत सोरेन की सरकार ने ठगने का काम किया।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने मुंबई में आयोजित 15वें कॉन्फ्लुएंसरू एसआइएस लिटरेसी कर्न्वजेंस में अपने शानदार प्रदर्शन से सफलता प्राप्त की। इस राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में देश भर के 18 स्कूलों ने भाग लिया। कक्षा नौवीं की कृतिका सरकार ने मल्टी-फॉर्मेट इंग्लिश डिबेट्स के टर्नकोट सेगमेंट में बेस्ट स्पीकर का पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं, कक्षा ग्यारहवीं के नभ्या लाल और कृतिका सरकार को क्रिएटिव राइटिंग में ओवरऑल बेस्ट डेलिगेशन से सम्मानित किया गया।

प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों की इस महत्वपूर्ण सफलता पर गर्व व्यक्त किया और उनकी उत्कृष्टता को सराहा। उन्होंने अन्य छात्रों को भी वैश्विक मंचों पर भाग लेकर अपने कौशल को निखारने और नये अनुभव प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# सरला बिरला विश्वविद्यालय में दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के सभागार में केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तत्वावधान में दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसबीयू के डायरेक्टर जनरल प्रो. गोपाल पाठक ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के एडीजी अखिल कुमार मिश्रा, बीआइटी मेसरा के रॉकेट्री विभाग के प्रियांक कुमार, भारतीय प्राकृतिक रेजिन और गोंद संस्थान के निदेशक डॉ. अभिजीत कार, मॉडल कॉलेज राजमहल के प्राचार्य डॉक्टर रंजीत कुमार सिंह एवं इएसआई के क्षेत्रीय क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन और आचार्यकुलम की प्राचार्या सुजाता कौर उपस्थित हुईं।

प्रो. गोपाल पाठक ने अंतरिक्ष में भारत की अतुलनीय यात्रा का उल्लेख करते हुए इस क्षेत्र में देश की उपलब्धि पर प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने एसबीयू में इसरो के चेयरमैन एस. सोमनाथ के दौरे का भी जिक्र किया। सीबीसी के अखिल मिश्रा ने चंद्रयान की लैंडिंग को भारत की महान उपलब्धि बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एस. दुर्गा और धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. मनोज पांडेय ने दिया। इस अवसर पर एसबीयू के कुलसचिव प्रो. वीके सिंह, प्रभारी कुलपति एसबी डांडीन, डीन डॉ. नीलिमा पाठक, डॉ. पंकज गोस्वामी, डॉ. संदीप कुमार समेत विश्वविद्यालय के अन्यान्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के आयोजन पर विवि के कुलाधिपति विजय कुमार दलान और राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## इंडिया इंटरनेशनल ग्रांड ट्रेड फेयर 24 अगस्त से 8 सितंबर तक मोरहाबादी में

रांची (आजाद सिपाही)। मोरहाबादी मैदान में क्राफ्ट्स इंडिया एक्सहीबीट्स शो, सीसीजी मार्केटिंग और भारत चेंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त तत्वावधान में इंडिया इंटरनेशनल ग्रैंड ट्रेड फेयर का आयोजन मोरहाबादी मैदान में 24 अगस्त से 8 सितंबर तक किया जा रहा है। यह ट्रेड फेयर प्रतिदिन 12 बजे से रात्री 9 बजे तक चलेगा। यह सारी जानकारी क्राफ्ट्स इंडिया एक्सहीबीट्स शो के निदेशक संजीव कुमार गोडाकिया, रोहित चौरसिया, संयोजक कृष्णा साव, सीसीजी मार्केटिंग के चंदन चटर्जी, अरिंदम चटर्जी, राजीव घोष और भारत चेंबर ऑफ कॉमर्स के मेम्बर्स के द्वारा संयुक्त रूप से दी गयी।

# सीसीएल को सीएसआर टाइम्स अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल ) को अपने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी रांची में खेल अकादमी के बेहतर संचालन के लिए पीएसयू श्रेणी में सीएसआर टाइम्स अवार्ड 2024 (गोल्ड अवार्ड) से सम्मानित किया गया। 23 अगस्त 2024 को गोवा में आयोजित एक समारोह के दौरान यह अवार्ड सांसद, राज्यसभा सदानंद शेट तानावड़े द्वारा प्रदान किया गया। जेएसएसपीएस परियोजना से जुड़े सीसीएल टीम द्वारा पुरस्कार ग्रहण किया गया। ज्ञात हो कि झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएसपीएस), झारखंड सरकार के सहयोग से चलायी जा रही सीसीएल की इस सीएसआर पहल के तहत राज्यव्यापी प्रतिभा खोज के माध्यम से चुने गये 291 लड़कों और लड़कियों को 11 अकादमियों में प्रतिभाशाली एवं अनुभवी कोच द्वारा रांची स्थित राष्ट्रीय खेल संरचना का उपयोग कर मुफ्त आवासीय प्रशिक्षण एवं स्कूली शिक्षा प्रदान की जा रहा है। अधिकांश कैडेट अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अन्य वंचित समुदायों से संबंधित हैं। अकादमी झारखंडी बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा को राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर के पदक विजेताओं में बदल रही है और लाभार्थियों के जीवन को शिक्षा के साथ खेलों के माध्यम से नयी दिशा प्रदान कर रही है।

## पासवान कल्याण समिति कोकर के अध्यक्ष पद का चुनाव रविवार को

रांची (आजाद सिपाही)। पासवान कल्याण समिति कोकर के अध्यक्ष पद का चुनाव दिनांक रविवार को कोकर जतराटांड़ बाजार में सुबह 8:00 से दोपहर 2:00 बजे तक संपन्न होगा। इस चुनाव में कुल पांच प्रत्याशी अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के रूप में हैं। चुनाव में कोकर के पासवान समाज के लगभग 1000 मतदाता अपने मतों का उपयोग करेंगे। चुनाव वैलेट पेपर के माध्यम से होगी। इस चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने हेतु पासवान चुनाव कमेटी के बंटी पासवान, धर्मेंद्र कुमार, गुड्डन पासवान, गणेश पासवान, मुन्ना पासवान, दीपू पासवान, बबलू पासवान, राजकुमार पासवान, सागर पासवान, संजय राम, अरुण राम, आशीष पासवान, संतोष पासवान, विक्की पासवान, शिवराज पासवान, शंकर पासवान, मनोज पासवान, राजा पासवान और रोशन कुमार पासवान की मुख्य भूमिका रहेगी।

## आउटसोर्स कंपनियां यहां के नौजवानों के भविष्य खराब कर रहीं : इरफान अंसारी



रांची (आजाद सिपाही)। पूरे राज्य को आउटसोर्स कंपनियां दीमक की तरह खाये जा रही हैं। जिसपर लगाम लगाया जाना जरूरी है, उक्त बातें आज झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ मिलने के उपरांत राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहीं। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय कर रहे थे।डॉ इरफान ने कहा कि 28 तारीख को कैबिनेट की बैठक होने वाली है उससे वह संघ के प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर इस संबंध में बात करेंगे। इस अवसर पर विधायक उमाशंकर अकेला ने भी संघ को आश्वासन देते हुए कहा कि वो आउटसोर्स खत्म करने को लेकर जो भी आवश्यक कदम उठाने होंगे वो उठायेंगे। इससे पूर्व झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ अपने मांगों को लेकर आज 23 अगस्त 2024 को प्रातः 10:00 बजे डॉ इरफान अंसारी, ग्रामीण विकास मंत्री झारखंड सरकार से उनके आवास में केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में मिल कर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर विजय सिंह, मुकेश साहू, जलील अंसारी, प्रवीन टोप्पो, सुरेंद्र सिंह, शाश्वत कुमार, अनुराग कुमार, अनिकेत कुमार, मुकेश यादव, राज कुमार राज, रजनीकांत मेहता, संजीत कुमार महतो, प्रवीण कुज्जूर, अशोक महतो, रमेशचंद्र महतो, संजय कुमार, महावीर कुमार, अरविंद कुमार, गोविंद मुंडा, प्रकाश नायक, विनय महतो, अनुराग कुमार, सुजीत कुल्लू, सुरेंद्र सिंह, विनय बड़ाईक,सुनील कुमार,रवि कुमार सहित सैकड़ों कर्मी शामिल थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### राजू राम ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को दी बधाई



रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति विभाग के रांची महानगर अध्यक्ष राजू राम ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। अनुसूचित जाति विभाग के रांची महानगर अध्यक्ष राजू राम ने कहा कि सही समय में सही निर्णय मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, केसी वेणुगोपाल, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद को भी साथ-साथ बधाई दी। बधाई देने वालों में प्रकाश राम, वशिष्ठ लाल पासवान, बलेश्वर पासवान, सूरज कुमार पासवान, संजय कुमार, बंट्टी पासवान, गणेश पासवान, शिव कुमार पासवान, राज कुमार राम, बसंत पासवान आदि ने बधाई दी।

### हटिया स्टेशन राजभाषा समिति की बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को 11 बजे हटिया स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रथम त्रैमासिक बैठक स्टेशन प्रबंधक, ध्रुव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस बैठक में हटिया रेलवे स्टेशन पर राजभाषा अधिनियमों एवं नियमों के कार्यान्वयन की स्थिति पर चर्चा की गयी। इस बैठक में रांची रेल मंडल के वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी सुनील कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार यादव, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, रूपेश कुमार, निरीक्षक, रेल सुरक्षा बल, रागिनी एक्का, मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक, संतोष कुमार सिन्हा, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (कार्य), प्रसन्न कुमार, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (बिजली) एवं सभी पर्येक्षक इकाई के प्रभारी उपस्थित थे।

### साईं नाथ विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में नामांकित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का भव्य आयोजन विश्वविद्यालय के बबहुउदेश्यीय हॉल में किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो० (डॉ) एसपी अग्रवाल का कुलसचिव, एकेडेमिक डीन, प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सर्वप्रथम, विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो० (डॉ) एसपी अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उदेश्य यह सुनिश्चित कराना था कि प्रत्येक छात्र शिक्षा के इस नए महत्वपूर्ण चरण को शुरू करने के लिए स्वागत, जुड़ाव और उत्साहित महसूस करें। इसका उदेश्य छात्रों को उनके संभावित अवसर से अवगत कराना था।

### मास कॉम डिपार्टमेंट में फोटोग्राफी वर्कशॉप



रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को मास कौम डिपार्टमेंट में फोटोग्राफी वर्कशॉप तथा फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह आयोजन वर्ल्ड फोटोग्राफी डे के उपलक्ष्य पर हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग के निदेशक प्रो. डॉ. बी.पी. सिन्हा एवं शिक्षकों ने द्वीप प्रज्जवलन कर किया। इसके बाद सभी वरिष्ठ फोटोग्राफरों को शॉल, स्मृतिचिह्न और पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कुलदीप सिंह दीपक, माणिक बोस, जगदीश सिंह, डॉ. विष्णु महतो, मनोज जायसवाल, संजय बोस, मनोज कुमार शर्मा, अरिंदम मुखर्जी, अनन्या, अनुप्रिया, पीएस तिवारी, निरंजन और संतोष उरांव उपस्थित थे।

### सीएमपीडीआइ के सीएमडी मनोज कुमार ने खाद्य वितरण वाहनों को रवाना किया



रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने कंपनी की सीएसआर परियोजना के तहत हजारीबाग, झारखंड के स्कूली बच्चों के पौष्टिक स्तर में बेहतरी लाने हेतु अक्षय पात्र फाउंडेशन-रांची को प्रदान किये गये पूरी तरह से इंसुलेटेड 6 (छह) खाद्य वितरण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर सीएमपीडीआइ के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक/ विभागाध्यक्षगण, मुख्यालय-रांची की सीएसआर टीम और अक्षय पात्र फाउंडेशन-रांची के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### टीआरएल संकाय में जयंती मनायी गयी



रांची (आजाद सिपाही)। जनजातीय एवं क्षेत्रीय संकाय के स्नातकोत्तर मुंडारी विभाग में शुक्रवार को पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा की 85 वीं जयंती धूमधाम के साथ मनायी गयी। मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ) सत्यनारायण मुंडा ने कहा कि उनकी सोच व परिकल्पना को साकार रूप देना होगा। इस मौके पर डॉ बीरेंद्र कुमार सोय, डॉ उमेश नंद तिवारी, डॉ. हरि उरांव, डॉ नारायण भगत, कुमारी शशि, मनय मुंडा, डॉ मेरी एस सोरेंग, डॉ किशोर सुरिन, करम सिंह मुंडा, डॉ दमयंती सिंकू, तारकेश्वर सिंह, अनुराधा मुंडा, दिनेश कुमार और टीआरएल संकाय के प्राध्यापक, छात्र उपस्थित थे।

www.epaper.azadsipahi.in

24 अगस्त, 2024
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 304

कोलकाता रेप-मर्डर केस, पूर्व प्रिंसिपल और पीड़िता के साथ डिनर करने वाले 4 डॉक्टरों पर शिकंजा




## मुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद की दिवंगत पुत्री को दी श्रद्धांजलि



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन शुक्रवार को पूर्व सांसद दिवंगत सुनील महतो तथा पूर्व सांसद सुमन महतो के जमशेदपुर सोनारी स्थित आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री ने वहां पूर्व सांसद सुमन महतो की दिवंगत पुत्री अंकिता महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने सुमन महतो एवं उनके अन्य शोकाकुल परिजनों से मिल कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा उनका ढांढ़स बंधाया। इस मौके पर मंत्री दीपक बिरुआ, बेबी देवी व मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, सांसद जोबा मांझी, विधायक रामदास सोरेन, सुखराम उरांव, सविता महतो, संजीव सरदार, समीर मोहंती और विधायक मंगल कालिंदी सहित अन्य लोगों ने भी दिवंगत अंकिता महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

## फ्लॉप रही युवा आक्रोश रैली, सड़क पर उतरे झामुमो कार्यकर्ताओं की गूंज दिल्ली तक सुनाई दी : सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजयुमो की युवा आक्रोश रैली और केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। सुप्रियो ने शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि बीजेपी का कार्यक्रम पूरी तरह असफल रहा है और जेएमएम के कार्यकर्ता जो सड़क पर उतरे हैं, उसकी गूंज राज्य से लेकर दिल्ली तक सुनाई दी। केंद्र सरकार के पास हमारा 1.36 लाख करोड़ बकाया है। साथ-साथ विधानसभा से पारित प्रस्ताव सरना धर्म कोड लागू करने की मांग, वन अधिकार पर अतिक्रमण, मिनरल फायरिंग एक्ट में बदलाव के साथ विपरीत परिस्थिति में सरकार का संचालन कर रहे हैं। इस राज्य को फिर से राजनीतिक तौर पर अस्थिर करने की साजिश बीजेपी ने शुरू किया है। इसके खिलाफ फिर से लड़ाई शुरू हुई है। विपक्ष ने युवा आक्रोश रैली की। जबकि उनकी पार्टी की तरफ से बताया गया था कि हम शांतिपूर्ण तरीके से रैली करना चाहते हैं। इसके लिए परमिशन भी लिया गया, लेकिन पुलिस पर हमले किये गये। लाठी से और कांच से कई पुलिसकर्मी घायल भी हुए। पुलिस ने संयम बरतते हुए उसे रोकने का काम किया। जब सूचना मिली लोग सीएम आवास तक जायेंगे तो उसे पुलिस ने सुरक्षित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि ये युवाओं का आक्रोश नहीं था, युवाओं का आक्रोश तो केंद्र सरकार के खिलाफ है। हमारी सरकार ने एक भी अनुबंध कर्मी को नहीं हटाया। उनके लिए रास्ता तैयार किया। इस कमिटमेंट के साथ हेमंत सरकार काम कर रही है। एक लाख युवाओं के जुटने का दावा था, असली आक्रोश तो युवाओं का मोदी सरकार से है, कहां गया रोजगार। मोदी सरकार ने दो करोड़ युवाओं को हर वर्ष रोजगार देने का वादा किया था, वो रोजगार कहां गया। हमारे यहां के आवास योजना को रोकने तक का काम किया गया।

# प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा : नरेंद्र मोदी ने जेलेंस्की को भारत आने का न्योता दिया

### बोले, मैंने पुतिन की आंख से आंख मिला कर कहा, यह युद्ध का समय नहीं

एजेंसी



**यूक्रेन।** रूस और यूक्रेन में ढाई साल से जारी जंग के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को यूक्रेन पहुंचे। यहां राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ बैठक में मोदी ने कहा कि भारत हमेशा से शांति के पक्ष में रहा है। मैं कुछ दिन पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मिला था। तब मैंने मीडिया के सामने उनकी आंख से आंख मिलाकर कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है।

मोदी और जेलेंस्की के बीच यूक्रेन के मैरिंस्की पैलेस में करीब तीन घंटे बैठक हुई। उन्होंने जेलेंस्की को भारत आने का न्योता दिया। बैठक के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रेस कांफ्रेस कर बताया कि दोनों नेताओं ने भारत के रूस से तेल खरीदने पर भी बात की। जयशंकर ने कहा कि तेल खरीदी का फैसला मार्केट की हालत के हिसाब से लिया जाता है। इसके पीछे कोई राजनीतिक कारण नहीं है।

इससे पहले मोदी जेलेंस्की के साथ यूक्रेन नेशनल म्यूजियम पहुंचे, जहां उन्होंने जंग में मारे गए बच्चों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बच्चों के मेमोरियल पर डॉल भी रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि हमने मौजूदा संघर्ष को लेकर बातचीत की। इस दौरान सबसे बड़ी जरूरत शांति कायम करने की है। संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान मानवता के लिए सबसे अच्छा है। पीएम मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से कहा कि जब युद्ध के शुरूआती दिन थे तो यूक्रेन ने भारतीय नागरिकों और छात्रों को निकालने में मदद की थी। संकट के इस समय में आपकी मदद के लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं। दुनिया यह अच्छी तरह से जानती है कि युद्ध के दौरान हमने दो भूमिकाएं निभाईं। पहली भूमिका मानवीय दृष्टिकोण की थी। मानवीय दृष्टिकोण से चाहे जो भी आवश्यकता हो भारत हमेशा आपके साथ खड़ा रहेगा और दो कदम आगे रहेगा। भारत कभी तटस्थ नहीं रहा। हमने हमेशा शांति का पक्ष लिया।

## तीन सप्ताह में जलाशयों पर अतिक्रमण करनेवालों पर कड़ी कार्रवाई करें: हाइकोर्ट

**रांची के बड़ा तालाब समेत अन्य जलाशयों को संरक्षित करने को लेकर याचिका दायर की गयी थी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट जलाशयों के आसपास हो रहे अतिक्रमण पर सख्त है। हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण राय की खंडपीठ ने शुक्रवार को धुर्वा डैम, गेतलसूत डैम, कांके डैम और हरमू नदी समेत अन्य जलाशयों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने तीन सप्ताह में अतिक्रमण हटाने को लेकर वृहद अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

साथ ही अदालत ने राज्य सरकार और रांची नगर निगम को इस संबंध में एक्शन प्लान बनाने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि लगातार ग्राउंड वाटर के नीचे जाने की वजह से हम रिजर्व वाटर बॉडी पर आश्रित हो रहे हैं। ऐसे में यदि ये भी अतिक्रमण का शिकार हो जायेंगे तो सप्लाई वॉटर का विकल्प भी समाप्त हो जायेगा और भविष्य में हमें एक गहरे जल संकट से जूझना होगा। इसलिए जरूरी है कि इनके अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई हो।

रांची के बड़ा तालाब और जिले के आसपास के जल स्त्रोतों को संरक्षित करने और इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर झारखंड हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। जनहित याचिका में कहा गया है कि बड़ा तालाब, कांके डैम और धुर्वा डैम की सैकड़ों एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों ने हड़प ली है और वहां मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है, जिसका बुरा असर जलाशयों पर पड़ रहा है।

## नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस उम्मीवार की घोषणा जल्द

**श्रीनगर (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन के कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जल्द जारी हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, पहली लिस्ट में नेशनल कॉन्फ्रेंस के 13 से 17 और कांग्रेस के 7 से 10 कैंडिडेट के नामों की घोषणा हो सकती है। नेशनल कांफ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने 22 अगस्त को राहुल गांधी से मुलाकात के बाद कांग्रेस के साथ गठबंधन का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि राज्य की सभी 90 सीटों पर दोनों दल एक साथ विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।


## यूपी की बस नेपाल में नदी में गिरी, 27 यात्रियों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोरखपुर/काठमांड।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की एक बस शुक्रवार को नेपाल की मार्स्यांग्डी नदी में गिर गई। हादसे में 27 यात्रियों की मौत हो गयी है। 10 घायल हैं। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 40 से ज्यादा यात्री सवार थे। बस नेपाल के पोखरा से काठमांडू जा रही थी। तभी तनहुन जिले के आइना पहाड़ा में सुबह 11.30 बजे हाईवे से लगभग 500 फीट नीचे नदी में गिर गई। बस में सवार यात्री महाराष्ट्र में भुसावल के रहने वाले थे। सभी नेपाल घूमने गए थे। तनहुन के मुख्य जिला अधिकारी जनार्दन गौतम ने बताया कि कुछ घायलों ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। नेपाल पुलिस, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल सेना सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। सशस्त्र पुलिस बल (के 45 जवानों की एक टीम भी घटनास्थल पर मौजूद है। नेपाल सेना का एक एमआई-17 हेलिकॉप्टर मेडिकल टीम को लेकर काठमांडू से तनहुन पहुंचा।

## केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई 5 सितंबर तक टली

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट ने शराब नीति केस से जुड़े सीबीआइ केस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई 5 सितंबर तक के लिए टाल दी है। कोर्ट ने 14 अगस्त की सुनवाई में जांच एजेंसी से जवाब मांगा था। सीबीआइ ने कोर्ट में बताया कि एक मामले में जवाब दाखिल कर दिया है जबकि दूसरे केस में जवाब देने के लिए उसे और समय चाहिए। केजरीवाल के खिलाफ इडी और सीबीआइ का केस चल रहा है।




# महिलाओं को सशक्त करना मुख्य उद्देश्य : एल ख्यांग्ते

**दो दिवसीय महिला पुलिस सम्मेलन का मुख्य सचिव ने किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के डोरंडा स्थित जैप वन स्थित शौर्य सभागार में दो दिवसीय महिला पुलिस सम्मेलन का उद्घाटन शुक्रवार को मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर गृह सचिव वंदना डाडेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, एडीजी सुमन गुप्ता के अलावा कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त करना और महिला नागरिकों के लिए पुलिसिंग को अधिक बेहतर बनाना है। एक महिला पुलिस अधिकारी की उपस्थिति से महिलाएं अपनी समस्याओं को बिना हिचकिचाहट के साझा करने के लिए प्रोत्साहित हों। साथ ही महिला अधिकारी की जिम्मेदारी में कोई महिला अपनी समस्याओं को स्वतंत्र रूप से बताने से हिचकिचाये नहीं।

इस दौरान मुख्य सचिव ने फोटो गैलेरी का भी उद्घाटन किया। सम्मेलन में वक्ता के रूप में झालसा सदस्य सचिव रंजना अस्थाना ने कार्यस्थल पर महिला पुलिस पदाधिकारी की सुरक्षा एवं महिलाओं के खिलाफ अपराध में महिला पुलिस की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर एडीजी सुमन गुप्ता ने बताया कि इस सम्मेलन की थीम है महिला पुलिस, सेवा, सुरक्षा और सम्मान है। इसमें महिला पुलिस को कार्य स्थल पर होने वाली परेशानी, आवश्यकताओं सहित विभिन्न बिंदुओं पर दो दिनों तक विचार-विमर्श किया जायेगा। इसमें महिला अधिकारियों की चुनौती, उपलब्धि और भविष्य की कार्ययोजना पर विशेष तौर पर चर्चा की जायेगी।

### हर शहरी क्षेत्र के थाना में एक महिला मुंशी थानों में नियुक्त होगी : डीजीपी



रांची (आजाद सिपाही)। प्रथम राज्यस्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया गया कि वर्तमान में झारखण्ड पुलिस में महिलाओं का योगदान मात्र 5 प्रतिशत है। हर शहरी क्षेत्र के थाना में एक महिला लेखक (मुंशी) पदस्थापित किया जायेगा। साथ ही जिले के शहरी थानों में दो से तीन महिला थाना प्रभारी बनाया जायेगा, जिससे महिला शिकायतकर्ता एवं बच्चों को आसानी हो तथा अपनी समस्या बिना हिचकिचाहट के बता सकें।

### इन छह बिंदुओं पर होगी चर्चा

- पुलिस और कल्याण मामले में महिलाओं के लिए न्यूनतम सुविधा।
- प्रशिक्षण की आवश्यकताएं और दृष्टिकोण में परिवर्तन।
- पुलिस बल में महिलाओं की उन्नति का समर्थन करने वाली नीतियां।
- पुलिस में महिलाओं के लिए जीवन शैली प्रबंधन।
- पुलिस में महिलाओं के लिए फोरम।
- समाज में योगदान।

# शिक्षा के मोर्चे पर लड़कियां फिर आगे

शिक्षा मंत्रालय की ओर से किया गया 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का विश्लेषण कई गंभीर मसलों की ओर ध्यान खींचता है, लेकिन इसका सबसे अहम पहलू है स्कूलों में लड़कियों की ओर से लिखी जा रही कामयाबी की सुनहरी कथाएं। यह लगातार दूसरा साल है, जब शिक्षा मंत्रालय ने देश के 59 स्कूल बोर्डों के रिजल्ट का विश्लेषण करते हुए अपनी रिपोर्ट पेश की है।

**पूर्वाग्रह का वार:** समाज में और परिवार के अंदर लड़कियों को जिस पूर्वाग्रह भरी दृष्टि का सामना करना पड़ता है, उसका एक ज्वलंत उदाहरण रिपोर्ट में इस तथ्य के रूप में उभरता है कि देश भर में प्राइवेट स्कूलों में लड़कों और सरकारी स्कूलों में लड़कियों की संख्या ज्यादा है। साफ है कि मां-बाप चाहते हैं बेटे ज्यादा अच्छी और महंगी शिक्षा पायें। बेटियों को जैसे-तैसे पढ़ा देना काफी माना जाता है।

**प्रदर्शन का जज्बा:** दिलचस्प है कि यह पूर्वाग्रह लड़कियों के जज्बे को कमजोर करने के बजाय उसे और मजबूती दे रहा है। रिजल्ट का विश्लोण बताता है कि बोर्डों, स्कूलों और विषयों के भेदों से ऊपर उठते हुए लड़कियां, लड़कों से बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। 10वीं और 12वीं दोनों में, चाहे राज्य बोर्ड हों या राष्ट्रीय और चाहे प्राइवेट स्कूल हों या सरकारी, लड़कियों का पासिंग प्रतिशत लड़कों से काफी ज्यादा है।

**शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, देश भर के स्कूलों में लड़कियां लड़कों से बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में लड़कियों का पासिंग प्रतिशत लड़कों से ज्यादा है। साइंस और आर्ट्स स्ट्रीम दोनों में लड़कियां आगे हैं। यह ट्रेंड कॉलेज परीक्षाओं और पेशेवर परीक्षाओं में भी देखा जा रहा है।**

**विषयों का चयन:** जहां तक स्ट्रीम चयन की बात है तो साइंस आज भी सबसे लोकप्रिय है। करीब 43% विद्यार्थी साइंस स्ट्रीम में शामिल हुए और 34% आर्ट्स स्ट्रीम में थे। खास बात यह कि साइंस में लड़कों की बहुलता थी, जबकि आर्ट्स में लड़कियों की। लेकिन पासिंग प्रतिशत देखें तो लड़कियां न सिर्फ आर्ट्स में, बल्कि साइंस में भी लड़कों से आगे नजर आती हैं।

**अन्य क्षेत्रों का ट्रेंड:** स्कूल स्तर पर यह जो ट्रेंड इस रिपोर्ट में दिख रहा है, वह अन्य तमाम क्षेत्रों में उभरते नये ट्रेंड से मेल खा रहा है। चाहे कॉलेजों की परीक्षाओं की बात हो या नीट और जेइइ जैसी पेशेवर कोर्स वाली परीक्षाओं की, हर जगह ट्रेंड यही दिखता है कि महिलाएं न सिर्फ अपनी संख्या बढ़ा रही हैं, बल्कि प्रदर्शन में भी लगातार सुधार दर्ज करा रही हैं।

**कार्यस्थल पर मिले हक:** निश्चित रूप से यह एक स्वस्थ ट्रेंड है। लड़कियों के आगे बढ़ने का मतलब उनके आत्मविश्वास का बढ़ना है, उनका ज्यादा दृढ़ होना है। ऐसी लड़कियां परिवार के अंदर या कार्यस्थल पर अपनी सही जगह न सिर्फ चाहती हैं, बल्कि उसे हासिल करती हैं। उम्मीद है कि अच्छी पढ़ाई के बाद जब ये लड़कियां पेशेवर जिंदगी शुरू करें, तो वहां उनके साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**जन्म से आप 'आदमी' हो सकते हैं, किंतु 'मनुष्य' या 'इंसान' एक प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही आप बनते हैं। हमारे समाज में मनुष्य बनाने के स्कूल थे। हमारा परिवार, समाज और विद्यालय तथा धर्मगुरु इस प्रक्रिया को संभव करते थे। इसी मानसिकता और सामाजिक कर्तव्यों के कारण दुनिया भर में भारतीय परंपरा और संस्कृति को अलग नजरिये से देखा जाता है और इसका अलग सम्मान है।**

# सामाजिक समरसता से बनेगा सशक्त भारत

**प्रो संजय द्विवेदी**



**समता,** ममता और समरसता हमारे भारतीय लोकजीवन का अभिन्न अंग है। हम जिस देश में रहते हैं, उसके ऋषि कहते हैं- सर्वभूतहिते रताः। प्रकृति से साथ हमारा संवाद बहुत पुराना है। इसलिए हमने अपनी समूची सृष्टि को स्वीकारा। किसी को विरोधी नहीं माना। पेड़, पहाड़, नदियां, समुद्र, वनस्पतियां, जलचर, नभचर, जीव-जंतु, मनुष्य सबमें ईश्वर का वास मानने वाले हम ही हैं। हम ही कह पाये कि जो जड़ में है वही चेतन में है। कण-कण में ईश्वर का वास मानने वाली संस्कृति ही भारतीय संस्कृति है।

काल के प्रवाह में विचलन स्वाभाविक है। आज हमें समता, समरसता और अधिकारों की बात करनी पड़ रही है। सुधारों की बात करनी पड़ रही है, क्योंकि विचलन ने हमें उन मूल्यों से विरत कर दिया, जहां एक आदमी को इश्वर बन जाने की स्वतंत्रता थी। आदमी का मनुष्य बनना और फिर देवत्व की तरफ बढ़ना साधारण नहीं है। उसके मूल्यनिष्ठ होते जाते की मुनादी है, घोषणा है। ऋषि कहते हैं- ह्यमर्नु भवःह्व यानि मनुष्य बनो। यही बाद बाद में गालिब के मुंह से निकलती है-

*यूं तो मुश्किल है हर काम का आसां होना*
*आदमी को मयस्सर नहीं इंसा होना।*

यानि जन्म से आप 'आदमी' हो सकते हैं, किंतु 'मनुष्य' या 'इंसान' एक प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही आप बनते हैं। हमारे समाज में मनुष्य बनाने के स्कूल थे। हमारा परिवार, समाज और विद्यालय तथा धर्मगुरु इस प्रक्रिया को संभव करते थे। मनुष्य-मनुष्य में भेद को हमने अपराध माना। इसीलिए गुरु घासीदास कहते हैं- मनखे-मनखे एक हैं। इसी बात को गांधी छुआछूत के संदर्भ में कहते हैं- अस्पृश्यता ईश्वर और मानवता के प्रति अपराध है।ह्व हिंदू समाज में आई जड़ता को तोड़ने के लिए समय-समय पर सुधारवादी आंदोलन चलते रहे हैं। हिंदू स्वयं एक ऐसा समाज है, जिसने अपने आत्मसुधार के लिए निरंतर यत्न किये हैं। हम सब ऋषियों की संतति हैं, यह भाव लेकर काम करते रहे हैं। गौतम बुद्ध, भगवान महावीर, कबीर, नानक, गुरु गोरखनाथ, गुरु घासीदास, संत रविदास से लेकर एक पूरी परंपरा जड़ताओं और कुरीतियों पर प्रहार करते हुए आत्मालोचन के लिए प्रेरित करती रही है। समय के सच को समझना और अपने समय के कठिन सवालों से जूझना हिंदुत्व की प्रकृति रही है। गुलामी के कालखंड में आयी कुछ नकारात्मक वृत्तियों को समाप्त करने के लिए राजा राममोहन राय, महात्मा गांधी, बाबा साहब डा.भीमराव आंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, पंडित सुंदरलाल शर्मा जैसे अनेक नायक हमारे समाज में समरसता के मंत्रद्रष्टा बनकर आते रहे हैं। कोई भी समाज कुरीतियों से मुक्त नहीं है। हर समाज में समय के साथ कुछ गिरावट आती है। मूल बात यह है कि क्या समाज अपनी गिरावट के विरुद्ध तनकर खड़ा होता है या नहीं। उसमें आत्मालोचन और आत्मसमीक्षा की प्रवृत्ति है या नहीं। हिंदु समाज इस अर्थ में खास है कि उसने प्रश्नाकुलता को समाज में मान्यता दी है। वह सती प्रथा, बाल विवाह, छुआछूत, जातीय विद्वेष के विरुद्ध खड़ा हुआ और स्त्री शिक्षा, स्त्री को न्याय,मनुष्य की बराबरी के मानकों को स्वीकार करते हुए एक नया भारत बनाने की ओर है। समाज में 'जातिद्वेष' मान्यता नहीं है।

**यह मानवीय भी नहीं और सभ्य समाज के लिए जातिभेद कलंक ही है।**

हम मानते रहे हैं कि जाति का गौरव होना चाहिए, किंतु जाति भेद ठीक नहीं। हमारे अनेक ऋषि व्यास, बाल्मीकि, संत रविदास, संत रसखान हमारे श्रद्धास्थान हैं, क्योंकि हमें बताया गया और हमने माना भी कि जाति-पात पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई। हमारी परंपरा के सर्वोच्च नायक भगवान श्रीराम के समरसता इन्हीं गुणों से मर्यादा पुरुषोत्तम बने। अपनी उदार भावनाओं से वे 'शबरी के राम' हैं तो 'वाल्मीकि के भी राम' हैं। वे तुलसी के राम हैं, तो कबीर के भी राम हैं। वे हनुमान के ह्दय में हैं, तो आहिल्या के भी उद्धारकर्ता हैं। वे निषादराज के परममित्र हैं, तो किंष्किंधा नरेश सुग्रीव के भी मित्र हैं। इस परंपरा को समझने वाले ही भारत के मन को समझ सकते हैं।

भारतीय समाज को लांछित करने के लिए उस पर सबसे बड़ा आरोप वर्ण व्यवस्था का है, जबकि वर्ण व्यवस्था एक वृत्ति थी, टेंपरामेंट थी। आपके स्वभाव, मन और इच्छा के अनुसार आप उसमें स्थापित होते थे। व्यावसायिक वृत्ति का व्यक्ति वहां क्षत्रिय बना रहने को मजबूर नहीं था, न ही किसी को अंतिम वर्ण में रहने की मजबूरी थी। अब ये चीजें काल बाह्य हैं। वर्ण व्यवस्था समाप्त है। जाति भी आज रुढ़ि बन गयी किंतु एक समय तक यह हमारे व्यवसाय से संबंधित थी। हमारे परिवार से हमें जातिगत संस्कार मिलते थे-जिनसे हम विशेषज्ञता प्राप्त कर जॉब गारंटी भी पाते थे। इसमें सामाजिक सुरक्षा थी और इसका सपोर्ट सिस्टम भी था। बढ़ई, लुहार, सोनार, केवट, माली, निषाद, बुनकर ये जातियां भर नहीं है। इनमें एक व्यावसायिक हुनर और दक्षता जुड़ी थी। गांवों की अर्थव्यवस्था इनके आधार पर चली और मजबूत रही। आज यह सारा कुछ उजड़ चुका है। हुनरमंद जातियां आज रोजगार कार्यालय में रोजगार के लिए पंजीयन करा रही हैं। जाति व्यवस्था और वर्ण व्यवस्था दोनों ही अब अपने मूल स्वरूप में काल बाह्य हो चुके हैं। अप्रासंगिक हो चुके हैं। ऐसे में जाति के गुण के बजाय जाति की पहचान खास हो गयी है। इसमें भी कुछ गलत नहीं है। हर जाति का अपना इतिहास है, गौरव है और महापुरुष हैं। ऐसे में जाति भी ठीक है, जाति की पहचान भी ठीक है, पर जातिभेद ठीक नहीं है। जाति के आधार भेदभाव यह हमारी संस्कृति नहीं। यह मानवीय भी नहीं और सभ्य समाज के लिए जातिभेद कलंक ही है।

भारत के इतिहास में तमाम ऐसे पृष्ठ हैं, जिसमें हमारी संस्कृति और सभ्यता की रक्षा के लिए समाज के हर वर्ग के लोगों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। विदेशी आक्रामणों से जूझते हुए भी हमारे समाज ने अपनी सभ्यता और संस्कृति को जीवित रखा। बाद के कालखंड में विभेदकारी शासकों ने भारतीय समाज में विभाजन के बीज बोए क्योंकि उन्हें अपने राज को स्थाई बनाना था। लोगों के हाथ से हुनर छीन कर उन्हें दास बनाना उनका मकसद था। यह काम बिना बंटवारे की राजनीति से संभव नहीं था। भारत के सामने अपनी एकता को बचाने का एक ही मंत्र है, 'सबसे पहले भारत'। इसके साथ ही हमें अपने समाज में जोड़ने के सूत्र खोजने होगें। भारत विरोधी ताकतें तोड़ने के सूत्र खोज रही हैं, हमें जोड़ने के सूत्र खोजने होगें। किन कारणों से हमें साथ रहना है, वे क्या ऐतिहासिक और सामाजिक कारण हैं जिनके कारण भारत का होना जरूरी है। इन सवालों पर सोचना जरूरी है। अगर वे हमारे समाज को तोड़ने, विखंडित करने और जाति, पंथ के नाम पर लड़ाने के लिए सचेतन कोशिशें चला सकते हैं, तो हमें भी इस साजिश को समझकर सामने आना होगा। भारत का भला और बुरा भारत के लोग ही करेंगें। इसका भला वे लोग ही करेंगें जिनकी मातृभूमि और पुण्यभूमि भारत है। वैचारिक गुलामी से मुक्त होकर, नयी आंखों से दुनिया को देखना। अपने संकटों के हल तलाशना और विश्व मानवता को सुख के सूत्र देना हमारी जिम्मेदारी है ।

भारत अपनी लंबी गुलामी से उपजी इसी पीड़ा को आजतक भोग रहा है। कोई भी राष्ट्र इतने लंबे समय की गुलामी के बाद तमाम राष्ट्रों की तरह समाप्त हो जाता, किंतु भारत खड़ा है, क्योंकि उसके पास परंपरा का उत्तराधिकार था। ऋषियों और संतों द्वारा दिया गया आध्यात्मिक उत्तराधिकार था। भक्ति ने भारत को हमेशा बचाया और बदला है। हमारी संत परंपरा हमारी जड़ों में एकता और समरसता के सूत्र पिरोती रही है। उनकी शरण में भारत खुद को तलाशता रहा है और सामने खड़े प्रश्नों से मुक्ति पाता रहा है। कुंभ जैसे आयोजन उसके नवपरिष्कार का अवसर देते रहे हैं, तो समाज में प्रवास कर संत शक्ति उसकी शक्ति को संगठित करती रही है। आज समरसता के मंत्रद्रष्टा अनेक सामाजिक संगठन भी सक्रिय होकर अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। भारत जाग रहा, अपना पुनर्अविष्कार कर रहा है। अपनी सांस्कृतिक धारा से जुड़कर अपने संकटों के हल तलाश रहा है। यही यात्रा समरसता की वाहक भी और प्रस्थान बिंदु भी। सामाजिक एकता और सामाजिक समरता के बिना हम 'एक भारत और श्रेष्ठ भारत' नहीं बना सकते। इसलिए एकत्व के तत्व खोजना और मनों को जीतना हमारी कोशिश होनी चाहिए। यही बात 'भारत' को 'समर्थ भारत' बनायेगी।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## राजधानी की खबरें

# डॉ इश्तियाक का अलकायदा कनेक्शन, भगवान महावीर मेडिका अस्पताल ने किया टर्मिनेट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आतंकी संगठन 'अलकायदा इन इंडियन सब-कांटिनेंट' (एक्यूआइएस) के लिए झारखंड मॉड्यूल के रूप में काम कर रहे डॉ इश्तियाक अहमद की गिरफ्तारी के बाद उसके राज एक-एक करके बाहर आ रहे हैं। वह बतौर रेडियोडायग्नोसिस कंसल्टेंट के तौर पर पिछले कई वर्षों से रांची के प्रतिष्ठित भगवान महावीर मेडिका अस्पताल में काम कर रहा था।

एटीएस की कार्रवाई के बाद 22 अगस्त को ही मेडिका प्रबंधन ने डॉ इश्तियाक अहमद को टर्मिनेट कर दिया है। क्रिटिकल केयर के हेड डॉ विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि उसके खिलाफ एटीएस की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही प्रबंधन ने उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया है। वह कई वर्षों से इस अस्पताल से जुड़ा था। लेकिन कभी भनक तक नहीं लगी कि वह आतंकी संगठन से जुड़ा था। डॉ इश्तियाक ने रिम्स से एमबीबीएस की पढ़ाई की है। उसके बाद रिम्स, रांची से ही रेडियोलॉजी में एमडी की डिग्री हासिल की। डॉ विजय कुमार मिश्र ने बताया कि डॉ इश्तियाक अहमद विजिटिंग कंसल्टेंट के तौर पर मेडिका से जुड़ा था। वह शाम के वक्त करीब डेढ़ घंटे के लिए मेडिका आता था। इससे पहले वह साल 2019 से 2022 तक यानी करीब तीन वर्षों तक मेडिका में फूल टाइम सर्विस में था।

डॉ इश्तियाक की गतिविधि के बारे में पूछने पर डॉ विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि वह प्रोफेशनल था। इसलिए उसके व्यवहार पर कभी गौर नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि मेडिका में एचआर पॉलिसी बहुत स्ट्रिक्ट है। किसी भी डॉक्टर को जोड़ने से पहले पूर्व का रिकॉर्ड चेक किया जाता है। लेकिन जैसे ही एटीएस की कार्रवाई की जानकारी मिली, उसे टर्निमेट कर दिया गया। आपको बता दें कि डॉ इश्तियाक के जमीन कारोबारी बबलू खान से कनेक्शन की संभावना को देखते हुए प्रवर्तन निदेशालय भी जांच में जुट गया है। इडी ने बबलू खान को समन भेजा है। दरअसल, जमीन घोटाला में जेल में बंद अफसर अली और तल्हा खान का बबलू खान रिश्तेदार है। उसे डॉ इश्तियाक का करीबी बताया जा रहा है। लिहाजा, संभावना जतायी जा रही है कि इडी की कार्रवाई के बाद कुछ और गहरे राज पर से पर्दा उठ सकता है।

# युवाओं की आवाज दबाने पर आमादा है हेमंत सरकार : आजसू



**रांची (आजाद सिपाही)। रांची के मोरहाबादी में अपने हक और अधिकार के लिए प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर पुलिस द्वारा किये गये लाठीचार्ज पर आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि प्रदर्शनकारी युवाओं पर लाठी और आंसू गैस चलना अत्यंत निंदनीय है। इस दौरान कई युवा घायल भी हुए हैं। हेमंत सरकार अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबाने पर आमादा है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या के समान है। सरकार ने युवाओं को रोकने के लिए रात में ही कटीले तारों के साथ जगह जगह पर घेराबंदी कर दी थी और राज्य के अलग अलग हिस्से से रांची आ रहे युवाओं को रोका जा रहा था। सरकार युवाओं के गुस्से का सामना करने के बजाय छिपने और भागने का काम कर रही है। युवाओं के भीतर यह गुस्सा सरकार द्वारा उनके साथ किये गये वदाखिलाफियों के चलते है। युवाओं ने बड़ी उम्मीद और विश्वास के साथ इस सरकार को अपना मत देकर सत्ता में बैठाया था लेकिन इस सरकार ने उनके भरोसे को तार-तार कर दिया है। सरकार ने पांच लाख नौकरी, नौकरी न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता और अनुबंधकर्मी को स्थायी करने का वादा किया था सरकार अपने कार्यकाल के अंतिम महीने में है लेकिन इनमें से एक भी वादा उन्होंने पूरा नहीं किया।**

# हेमंत सरकार को उखाड़ कर ही दम लेंगे:अर्जुन राम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा आयोजित युवा जन आक्रोश रैली में कांके क्षेत्र से भाजपा नेता अर्जुन राम के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। अर्जुन राम ने कहा कि राज्य सरकार लाख कोशिश कर ले अपनी नाकामियों को छिपाने की लेकिन अब बहुत देर हो चुकी है। राज्य की जनता जाग चुकी है। अब राज्य की आदिवासी, दलित, किसान, युवा, मजदूर विरोधी हेमंत सरकार को उखाड़ कर ही दम लेगी। इस मौके पर अटल पांडेय, मिथिलेश, श्याम किशोर, विकास महतो, ईशान, बबन पासवान, निरंजन महतो, कुंदन खोया, सुबोध यादव, नीलेश महतो, आकाश, विवेक, राजेश मुंडा, शिव मुंडा, रंजीत मुंडा, विजय महतो, भूपेंद्र उरांव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चंपाई सोरेन की नाराजगी जायज है: सीता सोरेन



**रांची।** जेएमएम छोड़ भाजपा में शामिल हो चुकी सीता सोरेन ने कहा कि चंपाई सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा से नाराज हो चुके हैं। उनकी नाराजगी जायज है, क्योंकि जिस तरह से मुख्यमंत्री पद से उन्हें हटाया गया, वह अमर्यादित था। उन्होंने अपने दर्द को साझा किया है। वहीं भाजपा में शामिल होना या न होना, यह पूरी तरह से उनकी मर्जी पर निर्भर करता है। सीता सोरेन ने उक्त बातें भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से कहीं। मौके पर सीता सोरेन ने जम कर हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह सरकार दमनकारी नीति अपना रही है। युवा आक्रोश रैली में युवाओं को ही आने से रोका जा रहा है। बैरिकेडिंग में कंटीले तार तक लगा दिये गये हैं, लेकिन झारखंड के युवा मानने वाले नहीं।

# शिक्षा मंत्री के साथ पारा शिक्षकों की बैठक 28 अगस्त को

**रांची।** शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम के साथ रांची पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापकों) को वेतनमान के समतुल्य मानदेय बढ़ोतरी के लिए 28 अगस्त को बैठक होगी। इस बैठक में सहायक अध्यापकों के 10 प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस दौरान वेतनमान, इपीएफ, कल्याण कोष, अनुकंपा पर नौकरी समेत केस मामले पर निर्णय लिए जायेंगे। मंत्री के साथ 14 अगस्त को भी बैठक हुई थी, लेकिन अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका था।

# पूर्व सांसद सुमन महतो के घर गये सीएम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरन जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से पूर्व सांसद सुमन महतो के घर गये। ज्ञात हो कि पिछले सप्ताह सुमन महतो की बड़ी बेटी अनीता महतो की दिल्ली में मृत्यु हो गयी थी। जब सुमन महतो दिल्ली से रांची आ रही थीं अपनी बेटी के पार्थिव शरीर को लेकर तब भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची एयरपोर्ट पर खुद मौजूद थे और आज उनके घर पहुंच कर उनके दुख में शामिल हुए। एयरपोर्ट में मुख्यमंत्री के आगमन से पहले झामुमो के सभी विधायक सांसद अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष एवं पार्टी के सभी वरीय नेता मौजूद थे।

# हेमंत की लोकप्रियता से घबरा गये हैं भगवाधारी: विनोद पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि भाजपा नेता पुलिस से उलझने का मन बना कर आये थे। भगवाधारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की लोकप्रियता से घबरा गये हैं, पर भाजपा के नापाक मंसूबे झारखंड की सरजमीं पर कभी कामयाब नहीं होंगे। झारखंड के प्रति केंद्र की भाजपा सरकार का भेदभावपूर्ण रवैया जाहिर हो चुका है। देश का युवा समझदार है और वह भाजपा के भेदभाव और सांप्रदायिक खेल को समझ चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा बेपर्दा हो चुका है। राज्य के नौजवानों को हेमंत सरकार पर अटूट भरोसा है, इसका प्रमाण झारखंडी अधिकार मार्च में उमड़े युवाओं के सैलाब को देख कर मिल गया। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा अपना जनाधार खो चुकी है, यही वजह है कि वो बौखला उठी है।

# क्रिएट इन इंडिया चैलेंज का आयोजन किया जायेगा

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार क्रिएट इन इंडिया चैलेंज-सीजन 1 के वेव्स फाइनलिस्ट के लिए वैश्विक मंचों पर प्रतिभाओं को प्रदर्शित कर उनका समर्थन करेगी। एनिमेशन, फिल्म निर्माण, गेमिंग, संगीत और दृश्य कला जैसे विषयों में अग्रणी उद्योग संघों और संगठनों द्वारा चैलेंज का आयोजन किया जायेगा। एनिमे चैलेंज, भारत के मंगा और एनिमे परिदृश्य को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता और मान्यता के साथ आगे बढ़ायेगा। उद्योग में वृद्धि होगी और प्रशंसकों का एक जीवंत आधार बनेगा। भारतीय कलाकारों के लिए अभिनव नये प्लेटफॉर्म प्रदर्शित करने के लिए एआइ आर्ट इंस्टॉलेशन चैलेंज और सामुदायिक रेडियो प्रतियोगिता। नयी प्रतिभाओं और रचनात्मक उत्कृष्टता के साथ भारत के कॉमिक उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कॉमिक्स क्रिएटर चैम्पियनशिप का आयोजन होगा।

# अपराधियों ने प्लंबर मिस्त्री को मारी गोली, मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। ओपी क्षेत्र के सांडी तिलैया बस्ती के समीप रेलवे पुल के पास बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने बाइक सवार पलंबर मिस्त्री को गोली मार दी। जिससे युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। इधर, कुजू पुलिस द्वारा गोलीचालन की घटना को लेकर जांच पड़ताल में जुटी है। साथ ही, युवक का शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, तिलैया बस्ती बेदिया टोला निवासी 32 वर्षीय संजय बेदिया पिता शिवनंदन बेदिया अपने निजी कार्य कर अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच देर शाम दो अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने संजय बेदिया पर ताबडतोड तीन गोलियां फायरिंग की। इसी दौरान दो गोली उसके सीने में लगी। जबकि एक गोली मिस कर गयी।



जिससे युवक की मौत घटनास्थल पर हो गयी। इधर, रामगढ़ डीएसपी घटनास्थल का मुआयना किया है। वही, समाचार लिखे जाने तक हत्या के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। जबकि पिता शिवनंदन बेदिया ने बताया कि हमारी किसी से की दुश्मनी नहीं है। गोली चालन मामले को लेकर कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय व बेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद प्रसाद घटना की जांच को लेकर सीसीटीवी कैमरा की जांच कर रही है।

## 25 अगस्त को सम्मान समारोह होगा




तमाड़ (आजाद सिपाही)। पांच परगना सूंड़ी संघ की 25 अगस्त को परिचय सम्मेलन और सम्मान समारोह अड़की प्रखंड के सिंदरी में होगी। इसकी तैयारी जोरों से चल रही है। संघ के पांच परगना अध्यक्ष अनुप कुमार साहू ने बताया कि पुरे पांच परगना छेत्र के बुंडू तमाड़ अड़की सिल्ली बंगाल से लोग आयेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान के लिए उनके दुःख सुख में कदम से कदम मिलाकर चलने का प्रण लिया जायेगा। समाज के सभी वर्गों को बुलाया गया है। लगभग चार से पांच सौ लोगों के जुटने का अनुमान है। इस संघ को अभी नये सिरे से अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इसके लिए पोस्टर बैनर लगाये जा रहे हैं। समाज के लोग घर घर जाकर एकजुट होकर आने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। सामारोह सुबह 11 बजे शुरू होगी दोपहर में वनभोज का भी आयोजन किया गया है। बैठक में प्रदीप कुमार साहू, बबलू साहु, दिलीप साहू, सिद्धार्थ साहू, ब्रजेश साहू, जीतवाहन साहू, सुरेंद्र साहू, शिवम साहू आदि शामिल हुए।

## निर्दोष लोगों को छोड़ दे पुलिस

डकरा (आजाद सिपाही)। टीएसपीसी संगठन के उतरी दक्षिणी सीमांत सब जोनल कमांडर के नाम से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि 14 अगस्त को कल्याणपुर के सड़क पार गांव में दीपचंद टाना भगत की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। उसी रात दोषी सुमित टाना भगत को पुलिस पकड़ ली और बहुत मारपीट की है और कई निर्दोष लोगों को भी पकड़ा कर रखी हुई है। पुलिस खुद नियम कानून खुद समझाते हैं और खुद उल्लंघन करते हैं। नियम कानून कहता है कि दोषी को 24 घंटे के अंदर जेल भेज दिया जाय और निर्दोष को छोड़ दिया जाय लेकिन पुलिस न दोषी को जेल भेज रही है और न निर्दोष को छोड़ रही है। विज्ञप्ति में कहा गया कि पुलिस दोषी को जल्द से जल्द जेल नही भेजते हैं और निर्दोष को नही छोड़ते है तो पूरे क्षेत्र में जितने भी काम चल रहा है उसे बन्द करा दिया जायेगा।

## खरीफ फसल बीमा निःशुल्क किया जा रहा है

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ पुर्वी लैंमप्स में विरसा प्रधानमंत्री खरीफ फसल बीमा नि शुल्क किया जा रहा है। जिसकी शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। यह जानकारी देते हुए शाखा प्रबंधक श्यामल नायक ने बताया कि यह योजना 31 अगस्त तक चलेगी किसानों से आग्रह किया गया है कि वे अपना फसल का बीमा करवा लें।

## पारा शिक्षक रामेश्वर मुंडा की मौत



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना क्षेत्र के सारजमडीह पोडका गांव के पारा शिक्षक रामेश्वर मुंडा की मौत शुक्रवार को हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार वह मोटरसाइकिल से अपने साढु घर बीरडीह गया था। रात को लौटने के क्रम में वह अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकराकर गिर गया उसकी मौत हो गयी। तमाड़ पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा है।

## खलारी में 25 अगस्त से शुरू होगा पोलियो मुक्त भारत अभियान

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड क्षेत्र में पोलियो मुक्त भारत अभियान के तहत 25 अगस्त से 27 अगस्त तक 0 से पांच साल के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलायी जायेगी। खलारी पीएचसी प्रभारी डॉ इरषाद ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 अगस्त से प्रखण्ड क्षेत्र के सभी पोलियों बुथों पर 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप देने से षुरूआत की जायेगी। जिसके बाद अभियान के दुसरे एवं तीसरे दिन 26 व 27 अगस्त को एएनएम तथा सहिया दीदीयों के गांव-गांव एवं डोर-टु-डोर जाकर बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाया जाएगा। डॉ. इरषाद ने क्षेत्र के लोगों से अपने 0 से 5 साल तक के बच्चों को षुरू होने वाले विषेश अभियान में पोलियो की ड्रॉप अवष्य पिलाने की अपील किया है।

## रैली में शामिल हुए पिपरवार के भाजपा कार्यकर्ता



पिपरवार (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा रांची के मोराबादी में आयोजित युवा आक्रोश रैली में सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। जानकारी के अनुसार भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता बचरा चार नंबर चौक से रवाना हुए। रांची जाने से पूर्व सभी कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। वही पिपरवार क्षेत्र के बेती गांव से भाजपा नेता धनराज भोक्ता के नेतृत्व में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता रांची रवाना हुए। रांची जाने से पूर्व सभी कार्यकर्ता एकत्रित होकर जमकर नारेबाजी की। इसके बाद सभी लोग बस एवं अन्य वाहनों पर सवार होकर एक साथ रांची के लिए रवाना हुए।

### झामुमो ने खूंटी में निकाला झारखंडी अधिकार मार्च

# राज्य सरकार को अस्थिर करना चाहती है भाजपा : जुबैर

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। केंद्र सरकार की नीतियों कें खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के नेतृत्व में शुक्रवार को झारखंडी अधिकार मार्च निकाल और केंद्र की मोदी सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया। विरोध मार्च स्थानीय भगत सिंह से नेताजी चौक तक निकाला गया, जो डाक बंगला रोड होते हुए पुनः भगत सिंह चौक तक आया। बाद में पार्टी कार्यकतोओं ने उपायुक्त कार्यालय कें समक्ष प्रदर्शन भी किया। जुबैर अहमद ने कहा कि जब से झारखण्ड में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है, तब से भाजपा इसे अस्थिर करने के प्रयास में लगी है। ईडी, सीबीआई का सहारा लेकर जनता द्वारा चुनी गयी लोकप्रिय सरकार को अस्थिर करने की साजिश में लगी है। उन्होंने कहा कि रुपयों के बल पर सरकार




को तोड़ने में लगी है, पर उनका यह मंसूबा कभी पूरा नहीं होगा। भाजपा राज्य को तोड़ने में लगी है, जबकि झामुमो राज्य को जोड़ने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र झारखंडियों के हितों से खिलवाड़ कर रही है। राज्य के हित के लिए सरकार ने 1932 के खतियान पर आधारित नीति लागू करने, सरना धर्म कोड लागू करने आदि का प्रस्ताव विधानसभा से पारित कर केंद्र सरकार को भेजा, लेकिन केंद्र सरकार इन सब मुद्दों पर कोई जबाब नहीं देती। राज्य सरकार की बकाया राशि भी केंद्र सरकार नहीं दें रही है। इन सब मुद्दों पर केंद्र सरकार को जबाब देना चाहिए। केंद्रीय समिति सदस्य सुदीप गुड़िया ने कहा कि हेमंत सोरेन जनता के हित में कई काम कर रहे हैं। उनकी लोकप्रियता से घबरा कर भाजपा के इशारे पर उन्हें झूठे मुकदमे में जेल भेजा गया। इसका जबाब झारखंड की जनता चुनाव में देगी। महिला मोर्चा अध्यक्ष स्नेहलता कंडुलना ने कहा कि राज्य सरकार ने महिला सशक्तीकरण तथा नारी सम्मान के लिए काम कर रही है। मंइयां सम्मान योजना से महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। सुशील पाहन ने कहा कि जब से हेमंत सोरेन की सरकार राज्य में बनी है, विकास में तेजी आई है जो केंद्र सरकार को हजम नहीं हो रहा है। मौके पर जिप अध्यक्ष मसीह गुड़िया, झारखंड युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विजय सांगा, रामसूर्या मुंडा, विष्णु मुंडा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमंत तोपनो, मगन मंजीत तिरु, असगरी खातून, शंकर मुंडा, राहुल केशरी, प्रदीप केशरी, मोजीर अंसारी, प्रकाश नाग मुंडा, इजाजुल, भोला नाथ लाल, अमृत हेमरोमउषा धान, जयदीप तोपनो, बिनोद उरांव, डेविड हमसोय, सानिका बोदरा, सलन ओड़ेया आदि उपस्थित थे।

# उत्क्रमित उच्च विद्यालय गनालोंया की प्रबंध समिति का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। मुरहू प्रखंड की गानालोया पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंध समिति के लिए नयी कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश पर हुए चुनाव में जयमसीह गुड़िया को अध्यक्ष चुना गया। बैठक में मुरहू प्रखंड के उप प्रमुख अरूण कुमार साबू रोंशनलाल गैंझू गानालोया के मुखिया डेनियल डुंगडुंग, शिक्षा विभाग के चयन पदाधिकारी सुजय कुमार मांझी ओंर काफी संख्या में ग्रामीण और अभिभावक उपस्थित

### जय मसीह बने अध्यक्ष



थे। उप प्रमुख अरुण कुमार साबू ने सभी नव निर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं दी और उन्हें विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्यों और दायित्वों की जानकारी दी। कहा कि शिक्षक और शिक्षा के बीच में आप एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इस कड़ी को इसलिए रखा गया है ताकि संबंधित गांव में स्थित स्कूल का संचालन और पठन-पाठन पर आप ध्यान रखेंगे। ऐसा कोई समस्या उत्पन्न न हो, जिससे स्कूल के संचालन में परेशानी हो। इसके साथ ही शारीरिक विकास के लिए खेलकूद के लिए उपकरण भी बच्चों को देना पड़ेगा। पंचायत सामिति सदस्य रोशन लाल गौंझू ने भी सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई दी और कहा कि स्कूल प्रबंधन समिति का गठन सार्वजनिक रूप से किया गया है, जिसमें किसी प्रकार का कोई भावभेद नहीं रखा गया। मुखिया डेनियल डुंगडुग ने आशा व्यक्त की कि आनेवाले सत्र के लिए आप सभी स्कूल का संचालन बेहतरीन ढंग से करेंगे।

## सोसायटी एक्ट रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 की जानकारी लोगों को दी गयी

खूंटी (आजाद सिपाही)। मुरहू प्रखंड के सभागार में ग्राम स्तरीय गठित सिद्धो कान्हू युवा खेल क्लब के सोसायटी एक्ट रजिस्ट्रेशन 1860 के तहत निबंधन को लेकर शुक्रवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में निबंधन की प्रक्रिया के संबंध में सभी को जानकारी दी गयी। लोगों को अवगत कराया गया कि निबंधन प्रक्रिया में होनेवाले व्यय का भुगतान विभाग द्वारा किया जायेगा। साथ हीं प्रत्येक गठित क्लब को प्रत्येक वर्ष 25 हजार की अनुदान राशि निबंधन के पश्चात उपलब्ध करायी जायेगी।

## छात्राओं को दिया जा रहा है सोहराय पेंटिंग का प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही बच्चों में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने, उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर इन दिनों कस्तूरबा गांधी बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कर्रा की छात्राओं को सोहराय पेंटिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कक्षा छह से 12वीं तक की छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ अपनी रुचि अनुसार सोहराय पेंटिंग का प्रशिक्षण ले रही हैं। सोहराय पेंटिंग का प्रशिक्षण दे रही शिक्षिका मौसमी बड़ाईक ने बताया कि छात्राओं में सोहराय पेंटिंग सीखने को लेकर काफी रुचि है, पूरे उत्साह के साथ सभी



छात्राएं प्रशिक्षण ले रही हैं। जिला जन संपक्र विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार 15 दिनों के प्रशिक्षण में ही सभी ने एक से बढ़कर एक बेहतरीन सोहराय पेंटिंग बनाई है। इन्हें विद्यालय की दीवारों पर भी देखा जा सकता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्रा स्मिता नागेशिया ने बताया कि झारखंड की सोहराय पेंटिंग देश भर में प्रसिद्ध है। उल्लेखनीय है कि सोहराय पेंटिंग झारखंड की प्राचीन कला है। पहले मिट्टी कें घर की दीवारों पर सोहराय पेंटिंग की जाती थी। अब समय के साथ जूट बैग, फोल्डर फाइल, शॉल, साड़ी, गमछा पर भी सोहराय पेंटिंग करके इन वस्तुओं का वैल्यू एडिशन किया जा रहा है। इस पेंटिंग लोग काफी पसंद कर रहे हैं।

# एनके एरिया की सभी कोलियरियों को पूर्व की भांति संचालित किया जायेः संयुक्त मोर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। बीएमएस, एचएमएस, एटक एवं सीटू से संबंध यूनियनो के द्वारा पुरनाडीह परियोजना में षुक्रवार को गेट मीटिंग किया गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता अमर भूषण सिंह और संचालन गोल्टेन प्रसाद यादव ने किया। मीटिंग मे उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि एनके एरिया की कोई भी खदान को बंद नही होने दिया जायेगा। प्रबंधन के अकर्मन्यता के चलते अगर कोई खदान मे खनन के लिए जमीन नहीं है तो इसके लिए मजदूर दोषी नही है, प्रबंधन ग्रामीणों और यूनियनो से सामंजस्य बना कर खनन योग्य भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करे, जमीन



उपलब्ध नही होने का बहाना बना कर खदान बंद करने और मजदूरों को इधर उधर भेजनें की नीति से प्रबंधन बाज आये नही तो गंभीर परिणाम भुगतना पड़ सकता है। वही वक्ताओं ने कहा कि संडे/पीएचडी को लेकर मजदूरों में प्रबंधन के द्वारा भ्रम फैलाया गया है। श्रमिक संगठनों ने कभी भी मजदूरों के अहित के लिए कोई फैसला नहीं लिया है। संडे/पीएचडी के लिए चार दिन फिजिकल अटेंडेंस का निर्णय सीसीएल मुख्यालय के द्वारा लिया गया है। इस निर्णय का यूनियनों ने हमेशा विरोध किया है, इसके लिए एन के एरिया का संयुक्त मोर्चा विगत चार माह से आंदोलनरत है। कहा गया कि इस विषय पर प्रबंधन से लगातार चार बार बैठक भी हो चुकी है लेकिन प्रबंधन अपनी बात पर अडा हुआ है। वहीं यूनियनों की मांग है कि संडे/पीएचडी के लिए चार दिन फिजिकल अटेंडेंस की कोई बाध्यता नही होनी चाहिए। पहले जैसा चल रहा था वैसा ही चलाना होगा। इसी को लेकर पूरे एनके एरिया के सभी कोलियरियों में गेट मीटिंग किया जा रहा है तथा मजदूरों से आंदोलन के लिए तैयार रहने की अपील की जा रही है। गेट मीटिंग को मिथिलेश कुमार सिंह, शैलेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार सिंह, बहुरा मुंड एवं हरेंद्र सिंह ने संबोधित किया। इस अवसर पर पुरनाडीह प्रोजेक्ट के काफी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

# डीएवी में मनाया गया प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। डीएवी स्कूल खलारी में षुक्रवार को भारत सरकार द्वारा घोषित 23 अगस्त को प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया गया। समारोह की शुरूआत विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड कंचन सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़े इसरो के वैज्ञानिक दीपक कुमार एवं वरिष्ठ शिक्षकों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में डीएवी खलारी के पुर्व विद्यार्थी रहे दीपक कुमार जो वर्तमान में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र-इसरो में बतौर वैज्ञानिक काम कर




रहे हैं। वे इसरो के मिशन चंद्रयान-3 में भी बतौर वैज्ञानिक शामिल थे और वर्तमान में गगनयान मिशन में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। दीपक कुमार मिशन चंद्रयान-3 के उन वैज्ञानिकों में शामिल रहे हैं जिन्होंने यह अभियान पिछले वर्ष आज ही के दिन सफलतापूर्वक पूरा किया था।

दीपक कुमार ने ऑनलाइन विद्यालय के बच्चों के साथ अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने इसरो के भावी मिशन की जानकारी देकर बच्चों को प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान के विद्यार्थी हर्ष सिंह कहलोन ने अंतरिक्ष दिवस एवं मिशन चंद्रयान तीन पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। वहीं विज्ञान शिक्षक डी एन महतो ने बच्चों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया। कक्षा 11वीं विज्ञान की छात्रा उत्पन्ना सिन्हा ने मून मिशन 2025 का मॉडल प्रस्तुत किया, जिसकी दीपक कुमार ने भी ह्रदय से सराहना की। इस अवसर पर कक्षा आठवीं और 11वीं विज्ञान के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आजसू नेता हरेलाल महतो की पहल पर मृतक उत्तम लायेक की बेटी को मिला पांच लाख का मुआवजा

चांडिल (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चिलगु स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में मुआवजा राशि के रूप में एक पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये का चेक सौंपा गया। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो की मौजूदगी में चौका थाना क्षेत्र के पानला के मृतक उत्तम लायेक की बड़ी बेटी 15 वर्षीय अंजली लायेक के नाम पर एमआर एलॉय कंपनी के प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने पांच लाख रुपये का चेक सौंपा। वहीं, मृतक उत्तम लायेक अन्य दो बेटी को भी मुआवजा के रूप में पांच-पांच लाख रुपये का चेक दिया जायेगा, अभी उन दोनों के नाम पर बैंक खाता नहीं है। बैंक खाता खोले जाने के बाद ही चेक के माध्यम से मुआवजा राशि भुगतान किया जायेगा।विगत दिनों 19 जुलाई को चौका थाना क्षेत्र के टुईडूंगरी स्थित एमआर एलॉय कंपनी में हुए दुर्घटना में चौका थाना क्षेत्र के पानला निवासी उत्तम लायेक की मौत हो गयी थी।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में मना राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस




पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शुक्रवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा सातवीं के बच्चों ने विशेष सभागार में अंतरिक्ष का मॉडल बनाया और चंद्रयान-3 का चंद्रमा पर सफल स्थापना का वर्षगांठ भी मनाया। स्कुल के वरीय शिक्षक आरबी प्रसाद सहित अन्य शिक्षकों ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। बताया गया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में आज के दिन चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना और भारत की अंतरिक्ष गाथा पर देशभर में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक आरबी। प्रसाद ने कहा कि भारत के लिए 23 अगस्त देश की अंतरिक्ष यात्रा में एक महत्वपूर्ण दिन है,जो चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता के बाद पहली बार मनाया जा रहा है। बता दें कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा कोई नयी नहीं है।

## डॉ रामदयाल मुंडा की 85 वीं जयंती मनायी गयी




बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू में पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा की 85 वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि डॉ रामदयाल मुंडा झारखंड की पहचान विश्व में दिलाने का काम किया है। यहां की माटी में रचने बसने का काम किया है। उन्होंने उनके पुत्र गुंजल ईकीर मुंडा का भी आभार व्यक्त किया। कहा कि अपने पिताजी के अधूरे कामों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने झारखंड आंदोलन में कांग्रेस से वार्ता के लिए दिल्ली बुलाया जहां उन्होंने राज्य क्यों बनना चाहिए इसका जवाब बिहार सरकार और भारत सरकार को बताया। गुंज महोत्सव भी इन्हीं की कल्पना थी जिसे मैं सिल्ली में साकार किया। जब मैं राज्य में कला संस्कृति विभाग का मंत्री था। उसी समय उनके कल्पना आखड़ा को साकार करने के लिए हर जगह पर निर्माण करवाया। उनकी सबसे बड़ी युक्ति थी जे नाची से बाची मैंने पूरे झारखंड में सभी भाषाओं की रिसर्च सेंटर खोलने की बात कही थी। क्षेत्रीय भाषा को जीवित रखना है तो छोटे स्तर में इसकी पढ़ाई होनी चाहिए मैंने खेल गांव में डॉ रामदयाल मुंडा की याद में सबसे बड़ा कला केंद्र का निर्माण कराया। मौके पर जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल, सुधा मुंडू, सिंगराय टुटी, राम दुर्लभ सिंग मुंडा, ताराचंद सिंह मुंडा, राजकिशोर कुशवाहा, गुंजल ईकीर मुंडा, केशव महतो, हरिहर महतो आदि उपस्थित थे।

## आदिवासी फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के बुंडू स्थित बटुका खेल मैदान में आदिवासी फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़कागांव की पूर्व विधायक निर्मला देवी मौजूद थी। आयोजन समिति के द्वारा पूर्व विधायक निर्मला देवी का बुके देकर स्वागत किया गया।इसके बाद अतिथियों ने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। टूर्नामेंट के पहले दिन कुल तीन मैच खेले गए पहला मैच ब्लैक पैंथर इचापीरी बनाम न्यू स्टार क्लब बड़कीटाण्ड के बीच खेला गया, जिसमे इचापीरी की टीम ने 2-0 से मैच जीत लिया।दुसरा मैच युवा क्लब चुरुगाड़ा बनाम कुटकी पूणार्डीह के बीच खेला गया। इस मैच मे चुरुगाड़ा की टीम ने 3-0 से मैच जीत लिया। वही तीसरा मैच लिटिल स्टार बरतुवा बनाम 1932 खतियानी टीम बटुका के बीच खेला गया, जिसमे लिटिल स्टार क्लब की टीम 1-0 से मैच को जीत लिया।

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
समाज कल्याण शाखा (बाल-संरक्षण)

आम सूचना



बाल कल्याण समिति, कोडरमा के कार्यालय पत्रांक-375/बा0क0स0, दिनांक - 26.07.2024 के आलोक में तिलैया बस स्टैंड, कोडरमा से प्राप्त भूला-भटका बालक नाम-नामालूम, उम्र-05 वर्ष, पिता व माता नामालूम पता- नामालूम को बाल कल्याण समिति कोडरमा के निदेशानुसार बालक को विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, हजारीबाग में आवासीत कराया गया। बालक अपना नाम व पता बताने में असमर्थ है। उक्त बालक कि विवरणी निम्नवत् है:-

बालक का नाम:- नामालूम,
उम्र-05 वर्ष, रंग-गेहूँआ,
वजन-13 कि0ग्रा0, ऊँचाई-3.6''
माता-पिता व पता- नामालूम।

अतः उक्त बालक के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी हो अथवा बालक के जैविक माता-पिता /विधिक संरक्षक/अभिभावक दावा हेतु उचित साक्ष्य के साथ बाल कल्याण समिति, कोडरमा/जिला बाल संरक्षण इकाई, कोडरमा, समाहरणालय, कोडरमा झारखण्ड में सम्पर्क कर सकते हैं।

संपर्क नं0:-
बाल कल्याण समिति, कोडरमा।
8340552130/9006640523/7061514121/7050720832/7717705479
जिला बाल संरक्षण इकाई, कोडरमा।
9234203438/9608145888/8210881013

ह0/-
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कोडरमा

PR 333560 Social Welfare,Women and Child Development(24-25).D

## रोहित उरांव के प्रयास से घायल मरीज का इलाज



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** नारी नावाडीह निवासी मकबूल अंसारी पिता कुदरत अंसारी उम्र 50 वर्ष को 21 अगस्त की रात मे सडक दुर्घटना मे घायल हो गये थे। जिसमे उन्हे गंभीर चोट आयी जिससे रिम्स मे भर्ती किया गया। जिसके बेहतर इलाज के लिए मरीज के परिजनों के द्वारा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र युवा नेता रोहित उरांव से संपर्क किये। उनके बेहतर इलाज के लिए मदद की मांग किये। रोहित उरांव के द्वारा मरीज के गंभीर स्थिति को देखते हुए उसके बेहतर इलाज के लिए रिम्स प्रबंधक से बात किया। जिसके बाद मरीज के बेहतर इलाज के लिए व्यवस्था उपलब्ध कराया गया। मरीज के इलाज में आर्थिक रूप से भी मदद की बात कही।

# लातेहार और आसपास के क्षेत्रों के लोग हो रहे गोलबंद

## निजी कंपनियों में स्थानीय युवाओं की उपेक्षा से पनप रहा रोष

**मुकेश कुमार सिंह**

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार और आसपास के इलाकों में निजी कंपनियों द्वारा स्थानीय युवाओं की उपेक्षा के कारण बड़े पैमाने पर रोष पनप रहा है। लोग इन कंपनियों के खिलाफ गोलबंद हो रहे हैं। लातेहार जिले में कई निजी कंपनियां कोयला और बॉक्साइट के लिए कई सालों से कार्य कर रही हैं। पूर्व में भी पावर प्लांट लगाने के नाम पर चंदवा प्रखंड की चकला और जमीरा पंचायत में हजारों एकड़ जमीन अधिग्रहण किया गया, परंतु स्थानीय युवकों को रोजगार नही दिया गया था। आज झारखंड बने 24 साल हो गये।



हिंडाल्को कंपनी लगभग 63 वर्षों से बॉक्साइट के क्षेत्र में चंदवा और लातेहार के रिचूघुटा क्षेत्र में हिंडालको बॉक्साइट के क्षेत्र में कार्य कर रही है। हिंडाल्को कंपनी में स्किल्ड मजदूर को इक्का दुक्का छोड़ दिया जाए तो सभी कार्य करने वाले कर्मचारी आज भी अन्य राज्यो के लोग कंपनी ऑफीसर ग्रेड में रखकर कार्य कर रही है। जहां तक अनस्किल्ड मजदूर की बात की जाए तो यह मजदूर भी षड्यंत्र कर कार्य से मुक्त करने का काम की जा रही है। कंपनी यह कहती है कि अब मजदूरों से कार्य नहीं बल्कि मशीन से कार्य किया जाएगा। जिसका जीता जागता उदाहरण चंदवा के बॉक्साइट टोरी और रिचुघुटा साइडिंग है। जब कि अनस्किल्ड मजदूर पचास वर्षो से बाक्साइड ट्रेन में लोडिंग का कार्य करते आ रहे है। कंपनी के द्वारा आज के समय में मजदूरों को बिना कार्य कराए ही बहुत कम मजदूरी दी जा रही है। जिससे यह साफ पता चलता है कि आज के समय में बिना कार्य कराए मजदूरों को कौन मजदूरी देगा। धीरे-धीरे इस कार्य से भी हिंडाल्को की बॉक्साइट कंपनी मजदूर को हटाने की फिराक में लग गई है। उसके बाद लातेहार जिले के कई प्रखंडों में कई बड़ी नाम चिन कंपनियां कोयला के क्षेत्र में कार्य करने के लिए आई है। जिसमें लातेहार में डीवीसी चंदवा प्रखंड के चकला पंचायत में हिंडालको कोल माइंस चंदवा प्रखंड के बन्हर्दी कोल माइंस पतरातू विद्युत उत्पाद लिमिटेड बालूमाथ में धाधु नॉर्थ करणपुरा प्रोजेक्ट वही धाधु में ही एनएलसी धाधु प्रोजेक्ट यह सभी कंपनियां आज के समय में अपने-अपने क्षेत्र में जमीन अधिग्रहण को लेकर पूरी तरह जोर-शोर से कार्य कर रही है।

## रैयतों के आवेदन प्राप्त करने के लिए शिविर आयोजित



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू से उदयपुरा तक 4 लेन सड़क निर्माण परियोजना के तहत अर्जित भूमि व सरंचना के मुआवजे के लिए संबंधित रैयतों के आवेदन प्राप्त करने हेतू शुक्रवार 23 अगस्त को पंचायत भवन कुडू में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मौजा कुडू के रैयत जिनका जमीन एनएच–39 (पुराना 75) में अवस्थित है, उनसे राजस्व दस्तावेज के साथ भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र का आवेदन प्राप्त किया गया। मौके पर मुख्य रूप से राजस्व उपनिरीक्षक विकास कुमार सोनी और एडवोकेट निखिल कुमार तिवारी मौजूद रहे। इस संबंध में अंचल अधिकारी मधुश्री मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या एनएच–39 (पुराना 75) कुडू से उदयपुरा तक 4 लेन सड़क निर्माण परियोजना से संबंधित सरकार का गजट प्रकाशित हो चूका है। मौजा कुडू के सभी रैयतो, जिनका जमीन इसमें अवस्थित है, अधिग्रहण से संबंधीत सभी राजस्व कागजातों एवं आवश्यक जानकारी पूर्व में देने के साथ साथ भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र आवेदन हेतु प्रपत्र भी उपलब्ध भी करा दिया गया है। उसी के आलोक में अधिग्रहण से संबंधीत सभी राजस्व कागजातों राजस्व दस्तावेज के साथ भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र का आवेदन जमा लेने हेतु शिविर का आयोजन किया गया था।

## झारखंड स्टेट ओपन एक्वेटिक मीट आज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** एफडी एंटरप्राइजेज द्वारा प्रायोजित और लोहरदगा जिला स्विमिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय झारखंड स्टेट ओपन एक्वेटिक मीट का आयोजन शनिवार 24 अगस्त को शहर के प्रख्यात बड़ा तालाब (विक्टोरिया टैंक) में भव्य तरीके से होगा। आयोजकों द्वारा विशाल जन समूह की मनोरंजन के लिए विशेष व्यवस्था किया गया है। इस संदर्भ में एसोसिएसन के वरीय उपाध्यक्ष हाजी जब्बारूल अंसारी ने बताया कि राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मुख्य संरक्षक के रूप में कैबिनेट मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, उद्घाटन करता के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू शामिल होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा एवं पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां भाग लेंगे। प्रतियोगिता में तैराकी के विभिन्न कलाओं का जोहर प्रतिभागी दिखाएंगे। बालक और बालिका समूह के अलग–अलग प्रतियोगिता होगी। कार्यक्रम की तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है।

## फोरलेन सड़क निर्माण शीघ्र शुरू होगा, रैयत कागजात जमा करें: सीओ



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर कुडू से डालटेनगंज की ओर लगभग 50 किलोमीटर प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण को लेकर शनिवार को कुडू अंचल अधिकारी कार्यालय में रैयतों से मधुश्री मिश्रा ने बैठक किया। अंचल अधिकारी ने कहा कि, शीघ्र एनएच 75 पर फोरलेन का काम शुरू किया जा रहा है। फोरलेन सड़क में जमीन जाने वाले रैयत मुआवजा के लिए जागरुक होकर सतर्कता से काम करें। भूमि अधिग्रहण की कागजी कार्रवाई शुरू हो गयी है। सीओ ने कहा फोरलेन सड़क में जिनकी भूमि जा रही है वैसे, भूमि मालिक अपने भूमि से संबंधित कागजात अंचल कार्यालय में शीघ्र जमा करें। जिससे भूमि मालिकों को जमीन का मुआवजा सहज मिल सके।

## संगठनों की लेखा पुस्तकों की सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बैठक

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलाश के निदेश पर शुक्रवार को लोहरदगा जिला में बने संगठन स्तर पर बने सखी मंडलों, ग्राम संगठनों, संकुल संगठनों के लेखा पुस्तकों की सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लक्ष्य से संधारण लेखा पुस्तकों के अघतन करने हेतु विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीइओ पलाश के द्वारा दिये गए निर्देशों की जानकारी दी गयी। जिसमें लोहरदगा जिला के सभी 7 प्रखंडो में पलाश (जेएसएलपीएस) के अंतर्गत बने हुए सभी सामुदायिक संगठन ( 5236 – सखी मंडल , 341 – ग्राम संगठन , 17 – संकुल संगठन ) में यह विशेष बैठक की गई। इस विशेष बैठक अभियान में सखी मंडलों , ग्राम संगठनो एवं संकुल संगठनो के संधारित लेखा पुस्तकों के अघतन सामुदायिक संगठन के कैडरों, लोहरदगा पलाश (जेएसएलपीएस) एवं प्रखंडो के पदाधिकारी / कर्मीगण के द्वारा किया गया। साथ ही साथ उन सभी के द्वारा लेखा–जोखा अघतन करने पर प्रशिक्षित भी किया गया। इस कार्यक्रम में सखी मंडल की दीदियों ने बढ़कर हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य बुक्स ऑफ रिकॉर्ड्स को अपडेट करना और सामुदायिक संगठनों में पारदर्शिता लाना था।

## कमलेश और डॉ उरांव को जिम्मेदारी देने से पार्टी मजबूत होगी : एनुल अंसारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुडू / लोहरदगा।** जिले के कुडू प्रखंड उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने अपने साथियों संग रांची में आयोजित कांग्रेस पार्टी द्वारा स्वागत सह सम्मान समारोह में शामिल होकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विधायक दल के नव नियुक्त लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को बुके देकर स्वागत और अभिनंदन किया है। उन्होंने नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता का स्वागत करते हुए कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मजबूती हेतु केंद्रीय कमेटी ने केशव महतो कमलेश और डॉ रामेश्वर उरांव को जिम्मेदारी सौंपकर बेहतर फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि नये प्रदेश अध्यक्ष



केशव महतो कमलेश को झारखंड प्रदेश की कमान सौंपे जाने से कुर्मी समाज के अलावा हर वर्ग में काफी हर्ष है। वहीं लोहरदगा के लोकप्रिय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव जी को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का विधायक दल का नेता चुने जाने से पूरे झारखंड प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की मजबूती प्रदान होगी। उन्होंने कहा कि इन द्वेम नेताओं को केंद्रीय आलाकमान द्वारा नेतृत्व सौंपकर झारखंड प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को नयी उर्जा डालने का कार्य कर दिखाया है। इसका शत-प्रतिशत लाभ आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को निश्चित रूप से मिलेगा। ऐनुल अंसारी ने कहा कि लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने चुनाव के दौरान किए अपने सभी वादे पर शत-प्रतिशत खरा उतरने और क्षेत्र में विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने का कार्य कर दिखाया है।

## सुदेश महतो गांवों में करेंगे पदयात्रा : आजसू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार आने वाले चुनाव को देखते हुए अपने कार्यक्रमों की घोषणा की। इस संबंध में लोहरदगा जिला आजसू पार्टी की बैठक प्रधान कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें आजसू गांव की ओर चलने की तैयारी में है। आजसू के सभी कार्यकर्ताओं को यह निर्देश दिया गया की सभी लोग सोशल मीडिया में एक्टिव रहेंगे और किसी भी मुद्दे पर प्रतिकार तुरंत करेंगे। सरकार के सभी कार्यक्रम फेल हैं उनके वादे फेल हैं इसको सोशल मीडिया में प्रचार प्रसार करेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं कांग्रेस के चुनाव मेनिफेस्टो में गठबंधन के बड़े-बड़े वादे थे जिसको पूरा करने में सरकार फेल रही है। युवा आजसू विधानसभा के 50 पंचायतो में प्रत्येक गांव जाकर पढ़े-लिखे शिक्षित



बेरोजगारों का डाटा इकट्ठा करेगी और सरकार को सौंपगी। 26 अगस्त से 4 सितंबर तक सभी पंचायत के प्रत्येक गांव में पदयात्रा के माध्यम से जन जागरण कार्यक्रम चलाया जायेगा और सरकार के जन विरोधी नीतियों से जनता को जागरूक की जायेगी। 05 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित करेगी। राष्ट्रीय खेल दिवस पर 29 अगस्त को खेल का आयोजन कर लोगों को जोड़ने का कार्य करेगी। 8 सितंबर को आजसू युवा महासम्मेलन का आयोजन रांची में किया जाएगा। जिसमें 2 लाख से अधिक युवाओं के शामिल होंगे। 9 सितंबर से आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो पूरे झारखंड में पदयात्रा की शुरूआत करेंगे। मौके पर लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत, केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के विजय ऊरांव, नगर के कार्यकारी अध्यक्ष राजन मेहता, राजकुमार यादव, गुड्डू प्रसाद गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के लिए जागरूकता रथ रवाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निदेश पर 23 अगस्त से 10 सितंबर 2024 तक लोहरदगा जिला के चिन्हित 47 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) वाले गांवों में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) चलाया जायेगा। इस अभियान की जानकारी हेतु समाहरणालय परिसर लोहरदगा से एक जागरूकता रथ को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस जागरूकता रथ के जरिये आम जनों




को इस अभियान की जानकारी दी जायेगी। जिला के 47 पीवीटीजी गांवों में लाभार्थी संतृप्त शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें आधार इनरोलमेंट व आधार कार्ड जारी करना, पीएम-जनधन के तहत बैंक खाते खोलना, सभी पात्र लाभाथिंयों को आयुष्मान भारत कार्ड नामांकन, सभी पीवीटीजी को सामुदायिक प्रमाण-पत्र जारी करना, सहित अनेक सरकारी योजनाओं का लाभ दिये जाने का कार्य किया जायेगा। सितंबर माह में मेगा राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रस्तावित जिसमें जिला स्तर व राज्य में भी कार्यक्रम होंगे। रथ रवाना के समय आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा समेत अन्य उपस्थित थे।

## नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए जागरूक होकर छात्र फॉर्म भरें: डीएसइ

**सेन्हा- लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गतजिला के नवोदय विद्यालय जोगना के बहुददेशीय सभागार में जिले के सभी प्रखंडों से आये सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के साथ प्रचार्य द्वारा बैठक आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। विद्यालय के प्रचार्य अवनीश चन्द्र झा ने सभी प्रखंड से सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित जिला एक मात्र पीएम श्री द्वारा चयनित जवाहर नवोदय में 2025 में अधिक से अधिक छात्र छात्राओं का नामांकन के लिये पंजीकरण करने हेतु अपील किया गया।कहा, प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन फॉर्म भरने का अंतिम तिथि 16.9.2024 तक निर्धारित समय है। विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका कुमुदिनी अनुपम प्रसाद द्वारा नवोदय विद्यालय जोगना की उपलब्धियों को पीपीटी के माध्यम से क्रमवार प्रदर्शित करते हुए विस्तापूर्वक जानकारी दिया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं से अपील करते हुए कहा कि, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिये अधिक संख्या में छात्र छात्रा फॉर्म भरें जिसे बच्चे बच्चियां पढ़ लिखकर शिक्षित हों। देश तथा समाज सेवा में योगदान दें।

## सेन्हा में चला वाहन जांच अभियान

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आक्रोश रैली का आयोजन किया गया था.को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा राँची में आयोजित आक्रोश रैली के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच का निर्देश दिया गया है। जिसके आलोक में सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार के नेतृत्व में कंडरा चौक पर जिला परिवहन पदाधिकारी व थाना प्रभारी के संयुक्त कार्यवाही के दौरान एस आई मनीष कुमार महतो, एसआइ साहेब कुंवर तथा एसआइ मनोज कुमार दलबल के साथ विधि व्यवस्था कायम रखने को लेकर मुस्तैद नजर आये।


**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(पशुपालन प्रभाग)**
**कार्यालय : जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार**

–: "शिक्षित बेरोजगार युवकों हेतु आम सूचना" :–

कृत्रिम गर्भाधान से संबंधित प्रशिक्षण हेतु जे०एस०आई०ए०, होटवार, राँची में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। केन्द्रीय योजना राष्ट्रीय गोकुल मिशन अन्तर्गत "Establishment of MAITRI" योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में लातेहार जिला को 16 (सोलह) शिक्षित बेरोजगार युवकों को निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध **MAITRI (Multipurpose Artificial Insemination Technicians of Rural India)** प्रशिक्षण दिया जाना है। आवेदन एवं प्रशिक्षण की प्रक्रिया निम्नवत् हैः–

1. प्रशिक्षणार्थियों का चयन वैसे स्थानों पर कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र खोलने हेतु किया जायेगा जहाँ पूर्व से कार्यरत् कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र न हो।
2. प्रशिक्षण अवधि :– तीन माह (क) सैद्धांतिक – 30 दिन (ख) प्रायोगिक – 60 दिन
3. आवेदक की आयु :– 18 वर्ष से 45 वर्ष तक।
4. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :– मैट्रिक (इंटरमीडिएट जीव विज्ञान को प्राथमिकता)
5. नामांकन शुल्क :– 2000/– (दो हजार) रुपये मात्र।
6. सुविधाएँ :– निःशुल्क 30 दिवसीय सैद्धांतिक (Classroom) प्रशिक्षण।
7. उपकरण :– 90 दिवसीय प्रशिक्षण की समाप्ति पर प्रमाण–पत्र एवं उपकरण (क्रायोकंटेनर, ए.आई. किट आदि) उपलब्ध कराया जाएगा।
8. कार्य एवं मानदेय :– प्रशिक्षित MAITRI का चयन जे०एस०आई०ए० अन्तर्गत स्थापित कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र हेतु किया जा सकता है। उनके द्वारा विभिन्न केन्द्रीय/राज्य योजनाओं अन्तर्गत कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ जाँच, वत्स उत्पत्ति, टीकाकरण, पशु चिन्हितीकरण एवं निबंधन आदि का कार्य किया जायेगा, जिसके लिए सरकार द्वारा अनुमोदित मानदेय प्रदान किया जायेगा।

विशेष जानकारी हेतु अपने प्रखण्ड नोडल पदाधिकारी/ जिला पशुपालन पदाधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,लातेहार

PR 333593 Animal Husbandry(24-25).D

**झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
उप महाप्रबंधक का कार्यालय
संचरण अंचल, कुसई कॉलोनी, डोरण्डा, राँची
ईमेल आई0 डी0 :- esetcranchi.jusnl@gmail.com, मो0 नं0 :- 9431707301

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के अधीन आने वाले 132/33 के. भी. ग्रिड सब स्टेशन, नामकुम के 33 के0 भी0 मेन बस में मरम्मति का कार्य होने हेतु, दिनांक 24.08.2024 (शनिवार) को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 15:30 बजे तक, 132/33 के0 भी0 ग्रिड सब स्टेशन, नामकुम से निकलने वाले कुछ 33 के0 भी0 फीडरों जैसे चुटिया, कुसई, टाटीसिल्वे, विकास, कोकर (रुरल) एवं कोकर (अर्बन) से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

असुविधा के लिए खेद है।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

ह०/–
उप महाप्रबंधक
संचरण अंचल, राँची

PR 333563 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)24-25*D

**कार्यालय नगर पंचायत डोमचॉच**

अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01/2024–25 दिनांक 22.08.2024

| क0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 वें वित्त आयोग | | | | | | |
| 1 | 01 | नगर पंचायत डोमचांच क्षेत्रांतर्गत गुधर पार्क का निर्माण कार्य, वार्ड सं0 13 | 8633715.00 | 172674.00 | 10000.00 | 06 Months |
| A | Date of Publication of Tender on website | | | | 27-08-2024 (10:00 AM) | |
| B | Last Date / Time for receipt bid on online | | | | 03-09-2024 (05:00 PM) | |
| C | Date of opening Tender | | | | 05-09-2024 (11:00 AM) | |
| D | Name & Address of office inviting tender | | | | Executive Officer Nagar Panchayat Domchanch | |
| E | Helpline No. | | | | +91-6202577681 | |

Note :-
- Only E-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
- E-procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रॉची का आदेश ज्ञापांक – 120 दिनांक – 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रॉची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक – 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत डोमचांच

PR 333557 (Urban Development)24-25*D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग**

ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– 08/2024-25/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :– 23.08.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या /पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (रुपया में) अंक में | प्राक्कलित राषि (रुपया में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/HAZ/MMGSY/08/2024-25 | चौपारण | पी0डब्ल्यू0 रोड सवैया से परसावां भाया कब्रिस्तान तक पथ निर्माण कार्य (लं0–2.900 कि0मी0) | 2,95,39,800/- | दो करोड़ पनचान्वे लाख उनचालिस हजार आठ सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |
| 2 | RWD/HAZ/MMGSY/09/2024-25 | चौपारण | मध्य विद्यालय बेन्दुवारा से हारपुरा भाया केन्दुआ तक पथ निर्माण कार्य (लं0–2.300 कि0मी0) | 2,28,63,500/- | दो करोड़ अठाईस लाख तीरसठ हजार पॉच सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |
| 3 | RWD/HAZ/MMGSY/10/2024-25 | चौपारण | हथिन्दर से मुख्य पथ गुरी भाया भदान तक पथ निर्माण कार्य (लं0–3.00 कि0मी0) | 2,90,30,400/- | दो करोड़ नब्बे लाख तीस हजार चार सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |
| 4 | RWD/HAZ/MMGSY/11/2024-25 | बरही | पंचमाधव एन0एच0–2 से धुरगरगी नदी तक पथ निर्माण कार्य (लं0–1.900 कि0मी0) | 1,85,21,900/- | एक करोड़ पचासी लाख एक्कीस हजार नौ सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |
| 5 | RWD/HAZ/MMGSY/12/2024-25 | बरही | एन0एच0–2 बमहाडीह मोड़ से धनवार आर0ई0ओ0 रोड भाया बमहाडीह तक पथ निर्माण कार्य (लं0–1.600 कि0मी0) | 1,84,94,200/- | एक करोड़ चौरासी लाख चौरान्वे हजार दो सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |
| 6 | RWD/HAZ/MMGSY/13/2024-25 | बरही | दोरवा बासुदेव के दुकान से जगदीष उरांव के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं0–1.650 कि0मी0) | 2,13,28,000/- | दो करोड़ तेरह लाख अठाईस हजार रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |
| 7 | RWD/HAZ/MMGSY/14/2024-25 | बरही | जीतपुर से चलंगा तक पथ निर्माण कार्य (लं0–2.450 कि0मी0) | 2,68,18,500/- | दो करोड़ अरसठ लाख अठारह हजार पॉच सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |
| 8 | RWD/HAZ/MMGSY/15/2024-25 | बरही | कुटमा सिताराम हांसदा के घर से कुरहरिया तक पथ निर्माण कार्य (लं0–2.050 कि0मी0) | 2,68,66,900/- | दो करोड़ अरसठ लाख छियासठ हजार नौ सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–30.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–06.09.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–09.09.2024 अपराह्न 5.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 333561 Rural Work Department(24-25)#D

## चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार

रातू (आजाद सिपाही)। पुलिस ने कांड संख्या 259/24 का उद्भेदन करते हुए चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनकी पहचान पिर्रा निवासी सोमरा मुंडा (20) के रूप में हुई है। जबकि वहीं के दो किशोर भी चोरी में शामिल है। बतातें चलें कि चोरों ने 28 जुलाई की रात थाना क्षेत्र के फुटकलटोली स्थित लैंप्स के गेट का ताला तोड़कर वहां रखे कंप्यूटर सेट, वाई फाई मशीन एवं यूपीएस चोरी कर ली थी। इसे लेकर लैंप्स के सचिव शशिकांत पांडेय ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। वहीं, पकड़े गये आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर चंद्रयान -3 का मॉडल प्रदर्शित

बेड़ो (आजाद सिपाही)। डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर कक्षा 11वीं के बच्चों द्वारा चंद्रयान -3 का मॉडल बनाया गया। मॉडल विषय में परिचर्चा की गई और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। परिचर्चा में चंद्रयान -3 की कार्यप्रणाली और तकनीक के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान छात्रों के बीच प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्रों में अंतरिक्ष के प्रति जिज्ञासा और जानकारी को बढ़ावा देती है। बच्चों को भी नासा और इसरो में काम करने के लिए प्रेरणा प्रदान करती है। आज के बच्चे ही कल के वैज्ञानिक होंगे और अपने देश का नाम रोशन करेंगे।

### विधायक ने प्रखंड के गांवों का किया दौरा, समस्याओं का लिया जायजा

# लोगों की समस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता में: शिल्पी तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

इटकी। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने इटकी प्रखंड से सटे गांवों का शुक्रवार को दौरा कर आम लोगों की समस्याओं से अवगत हुई । विधायक इस दिन प्रखंड के पूर्वी भाग के गादों रानीखटंगा, कुंदी, बारीडीह और मल्टी पहुंची। लोगों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं से अवगत हुई। कहा कि आमलोगों की सजगता से ही किसी भी समस्याओं का निदान किया जा सकता है। चुनौतियों से निपटने और आमजनों की समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। मैं लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। उन्होंने सरकार की ओर से चलायी जा रही अबुआ आवास, सावित्री बाई फुले योजना, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन जैसी योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से इनका लाभ उठाने की अपील की। मौके पर मुखिया राजन किस्पोटा, फ्रांसिस्का, लखन उरांव, अजय साहू, अब्बू माज, अबरार, प्रभात, शिशु, अजय आदि उपस्थित थे।



इटकी के रातिखंटगा गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक करती मांडर विधायक।

# युवा आक्रोश आंदोलन में शामिल होने पहुंचे जैलेंद्र कुमार हुए वाटर कैनन और आंसू गैस के शिकार

### कहा- झारखंड सरकार ने संविधान, लोकतंत्र दोनों को बंधक बनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। भाजपा के युवा आक्रोश रैली में पुलिस द्वारा की गई सख्ती का भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कड़ी निंदा की है। खुद जैलेंद्र कुमार भी इस आंदोलन में शामिल होने मोरहाबादी मैदान अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे थे। लेकिन मैदान से पहले ही उन्हें रोक दिया गया। वे किसी तरह सभास्थल पहुंचे। यहां पहुंचते ही पुलिस ने वाटर कैनन व आंसू गैस छोड़कर आंदोलन को तितर-बितर करने का प्रयास किया। जैलेंद्र कुमार भी वाटर कैनन व आंसू गैस का शिकार हो गये। उन्होंने कहा कि पहली बार पुलिस ने एक राजनीतिक कार्यकर्ता का रोल निभाया है। पुलिस झामुमो कार्यकर्ता की भूमिका में काम कर रही थी। जबकी भाजपा कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से आक्रोश रैली निकाल रहे थे। गठबंधन सरकार ने युवाओं के आक्रोश को रोकने के लिए मैदान पहुंचने वाली हर रास्ते को कंटीली तार से घेराबंदी कर दी। संविधान ने सभी को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार दिया है। लेकिन झारखंड सरकार ने संविधान व लोकतंत्र दोनों को बंधक बना दिया। जनता की आवाज को दबाने का प्रयास किया गया। लेकिन जिस तरह से दीपक की लौ बुझने से पहले फड़फड़ाती है उसी तरह से राज्य की गठबंधन सरकार भी अपने अंतिम समय में है। लगातार युवाओं का दमन किया जा रहा है। पांच साल में नौकरी तो दी नहीं उल्टे लाठियां चला रही है। पर ऐसा कर-के भी यह सरकार बचने वाली नहीं है। राज्य के युवा विधानसभा चुनाव में वर्तमान गठबंधन सरकार को उपयुक्त सबक सिखायेगी।



## युवाओं को न्याय मिलने तक जारी रहेगा संघर्ष और आंदोलन : रामनारायण भगत




रांची (आजाद सिपाही)। मांडर भाजपा के युवा नेता रामनारायण भगत ने कहा कि कि जब तक राज्य के युवाओं को न्याय नहीं मिल जाता तब तक यह संघर्ष और आंदोलन जारी रहेगा। राज्य के युवाओं को ठगकर सत्ता पर काबिज होने वाले लोग खामोश हैं। उन्होंने सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा कि गुरुवार की रात से ही विभिन्न जगहों से आ रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस की मदद से रोका जा रहा है। इससे साबित होता है कि राज्य की गठबंधन सरकार डरी हुई है। इस सरकार की विदाई का समय आ गया है। आपातकाल में जैसे कांग्रेस की सरकार ने किया था आज उसी की पुनरावृति राज्य की गठबंधन सरकार कर रही है। कहा कि राज्य के युवा इस बार राज्य में एनडीए की सरकार बनायेंगें। वहीं, मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह, तेजू दास, अरविंद सिंह, विजय महतो आदि युवा भाजपा नेता और मांडल विधानसभा के कार्यकर्ताओं को प्रखंड व रांची के रिंग रोड में बैरिकेटिंग लगाकर युवा आक्रोश रैली में शामिल नहीं होने दिया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष पुरंजय महतो, राजेश्वर महतो, चूड़ामणि महतो, महेश उरांव, रविंद्र उरांव के अलावा काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आदिवासियों की जमीन की रक्षा के लिए 30 को रांची डीसी कार्यालय का होगा घेराव : देवकुमार

बेड़ो (आजाद सिपाही)। आदिवासी महासभा के तत्वावधान में शुक्रवार को बेड़ो स्थित बारीडीह पडहा भवन में आदिवासियों की जमीन से संबंधित विभिन्न मुद्दों को लेकर बेड़ो प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड के पूर्व प्रमुख महतो भगत ने की। बैठक में 30 अगस्त को आदिवासियों की जमीन से संबंधित मुद्दों को लेकर रांची के डीसी कार्यालय का घेराव करने की तैयारियों से संबंधित विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में उपस्थित पूर्व मंत्री सह महासभा के संयोजक देवकुमार धान ने कहा कि आदिवासी खतियान को इस्तीफा दिखाकर गैर आदिवासी जमीन बनाकर बेचा जा रहा है। इसे बंद किया जाए। सरकार आदिवासियों के सामाजिक धार्मिक जमीन जैसे पहनाई, महतोई, पूजार, कोटवारी, डाली कटारी, भंडारी, जतरा स्थल, सरना, मसना, देशावली जमीन को चिन्हित कर उसकी सुरक्षा करे। उन्होंने भुईंहरी जमीन को कायमी जमीन बनाकर अवैध तरीके से खरीद-बिक्री करने व आदिवासी लोहरा के खतियानी लोहार जमीन को जनरल जमीन बनाकर खरीद बिक्री करने पर रोक लगाने की मांग किया। उन्होंने इसकी सीबीआई जांच की मांग की। वहीं बैठक में इस मुद्दे को लेकर बेडो प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। मौके पर आदिवासी महासभा के संयोजक देव कुमार धान, मन्ना खेस, संतोष लकड़ा, जतरु उरांव, पडहा राजा विशाल उरांव, मक्का उरांव, संजय उरांव, संजय मुन्डा, डहरु उरांव, पंचू उरांव, मंगरा उरांव, बिरसा उरांव, सोमनाथ उरांव आदि मौजूद थे।

## सीआइटी में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर कार्यशाला आयोजित



नामकुम (आजाद सिपाही)। कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआईटी) में शुक्रवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर ऑनलाइन एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसे बीआइटी मेशरा के रिमोट सेंसिंग विभाग के प्रोफेसर एपी कृष्णा ने संबोधित किया। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों व विद्यार्थियों को संबोधित कर सर्वप्रथम पिछले वर्ष चंद्रयान 3 की सफलता का गुणगान कर हर्ष व्यक्त किया। बताया कि जिस लैंडिंग साइट पर चंद्रयान-3 उतरा था। उसे शिव शक्ति पॉइंट के नाम से जाना जाता है। कार्यशाला को प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने भी संबोधित किया।

# झारखंड की महागठबंधन सरकार के खिलाफ युवाओं में आक्रोश: धीरज

**भाजपा रांची जिला ग्रामीण से हजारों कार्यकर्ता आक्रोश रैली में हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा/ओरमांझी। भाजपा युवा मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को मोराबादी मैदान में आयोजित 'युवा आक्रोश रैली' में ग्रामीण जिले से हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। इधर, प्रशासन की ओर से रैली को विफल करने के लिए जगह-जगह बैकिकेडिंग कर भाजपा कार्यकर्ताओं को रैली में जाने से रोका गया। बावजूद इसके रैली में लाखों की भीड़ जमा हो गई। भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कहा कि पुलिलस राज्य सरकार के इशारे पर झामुमो -कांग्रेस कार्यकर्ता की तरह कार्य करती नजर आयी। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि युवाओं का आक्रोश बता रहा है कि गठबंधन सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। कार्यक्रम में जिला प्रभारी विनोद सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशि भूषण भगत, पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष रणधीर चौधरी, जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह, अनिल टाईगर, प्रीतम साहू, मनोज कुमार चौधरी, सुधाकर चौबे, प्रभुदयाल बड़ाईक, मुन्नी मुंडा, अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेन्द्र शाही, संजीत सिंह, शशि मेहता आदि शामिल हुए। वहीं, युवा आक्रोश रैली में भाग लेने ओरमांझी से भाजपा प्रखंड अध्यक्ष बालक पहन, लक्ष्मण साहू, अमरनाथ चौधरी, राजेंद्र मानकी शाही, रामवृक्ष महतो, सुनील महतो, आनंद महतो, शशि मेहता, संतोष गुप्ता, राजेश गुप्ता, आनंद महतो आदि के नेतृत्व में शास्त्री चौक से मोराबादी पहुंचे। रैली में रांची जिला ग्रामीण वरिष्ठ नेता अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेंद्र शाही, उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता, महामंत्री नरेंद्र सिंह, अलख नाथ महतो आदि शामिल थे।




# गांवों के विकास की रीढ़ हैं किसान : एनएन झा

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। उषा मार्टिन के एचआर हेड एनएन झा ने कहा कि गांवों के विकास में किसानों की अहम भूमिका है। सीएसआर के तहत खेती को लाभकारी बनाकर किसानों की आमदनी बढ़ाने की दिशा में पहल की जा रही है। वे शुक्रवार को उषा मार्टिन सभागार में आयोजित मृदा जांच रिपोर्ट वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में टाटीसिलवे के आसपास के 18 गांवों से पहुंचे किसानों के बीच मृदा जांच रिपोर्ट सौंपी गई। उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से 100 किसानों के खेत की मिट्टी जांच करायी गयी है। ताकि उनको उपयोगी एवं मौसम के अनुसार फसल की खेती के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। एनएन झा ने बताया कि कंपनी की ओर से गांवों में किसानों की खेती को बढ़ावा देने के लिए पहले चरण में मृदा जांच करायी जाती है। इसके बाद मिट्टी की प्रकृति के अनुसार उनको खेती के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। वैज्ञानिक तरीके से खेती को बढ़ावा देने के लिए पॉलिहाउस एवं ड्रीप इरिगेशन विधि को अपनाया गया है। किसानों को बहुफसली एवं उन्नत खेती के लिए बीज भी कंपनी की ओर से उपलब्ध कराए जाते हैं। वहीं, दैनिक अखबार के सीएफओर आलोक पोद्दार ने कहा कि गांवों के विकास में कंपनी का सीएसआर विभाग अहम योगदान कर रहा है। इन कार्यों को एकीकृत तरीके से बढ़ाने एवं उसे बाजार से जोड़ने की जरूरत है, ताकि किसानों को अपनी फसल का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। सीएसआर हेड डॉ मयंक मुरारी ने किसानों को बताया कि खेत की मृदा जांच के आधार पर किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण एवं बीज मुहैया कराया जायेगा। जिन किसानों को एडवांस मृदा जांच कराना है, उनके लिए भी कंपनी की ओर सुविधा प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर मासू के किसान प्रेमनाथ, बेडवारी के ईश्वर महतो, महिलौंग के भदया, उलातू के महावीर महतो एवं जानूम के गोवर्धन मुंडा ने खेती से उनके जीवन स्तर में हुए परिवर्तन के बारे में बताया। मौके पर विभिन्न गावों के किसानों के अलावा फॉउंडेशन के कर्मचारी उपस्थित थे।





## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/04/24-25/ GR_1/RE_2**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा पंचायत बरवाटोली में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय रूद में चाहरदीवारी निर्माण। | 47,38,404 | 95,000 | 5,000 | 3 माह |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.08.2024
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 24.08.2024 से दिनांक 03.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4.ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –05.09.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार

PR 333613 (Rural Development)24-25*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/05/2024-25/RE

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | गुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gr_1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड मनिका पंचायत रॉंकीकला ग्राम रॉंकीकला में ऑंगनबाड़ी भवन निर्माण। | 1108200 | 22200 | 2500 | 3 माह |
| 2 | Gr_2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड मनिका पंचायत कोपे ग्राम जगतु में ऑंगनबाड़ी भवन निर्माण। | 1108200 | 22200 | 2500 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 24.08.2024 से दिनांक 03.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –05.09.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 333619 Rural Development (24-25)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/13/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | लातेहार जिला के प्रखण्ड चन्दवा पंचायत माल्हन ग्राम देवनदिया में हगमीगढ़ा से पुराना बांध तक नाली निर्माण। | 1035500 | 20800 | 2500 | 3 माह |
| 02 | लातेहार जिला के प्रखण्ड चन्दवा पंचायत माल्हन ग्राम देवनदिया स्कूल से लेकर सरना तक नाली निर्माण। | 1293200 | 25900 | 2500 | 3 माह |
| 03 | लातेहार जिला के प्रखण्ड चन्दवा पंचायत माल्हन ग्राम माल्हन में केकराही रामजीत गंझू के घर से लेकर देवनद नदी तक नाली निर्माण। | 142400 | 2900 | 500 | 1 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 28.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 28.08.2024 से दिनांक 04.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –06.09.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 333624 Rural Development(24-25)#D

## कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता
## विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल, धुर्वा, रॉंची

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 48/24–25.**

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉंची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 02/09/2024 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 03/09/2024 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 03/09/2024 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉंची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लातेहार स्थित पुराना सर्किट हाउस, में पाथ, गार्डेन एवं गेट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 8,41,566=00 | 1250=00 | 17,000=00 | 28 दिन |
| 2. | व्यवहार न्यायालय, लातेहार के परिसर में पाथ लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 7,28,311=00 | 1250=00 | 15,000=00 | 28 दिन |
| 3. | सरायकेला, खरसावॉं स्थित जिला गव्य विकास पदाधिकारी के कार्यालय परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 9,02,266=00 | 1250=00 | 19,000=00 | 28 दिन |
| 4. | सिमडेगा स्थित पुलिस अधीक्षण के आवासीय परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 4,93,264=00 | 750=00 | 10,000=00 | 21 दिन |
| 5. | हजारीबाग स्थित कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग के आवासीय परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 4,83,016=00 | 750=00 | 10,000=00 | 21 दिन |
| 6. | गढ़वा स्थित उपायुक्त आवास के परिसर में बगीचा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 7,85,143=00 | 1250=00 | 16,000=00 | 28 दिन |
| 7. | मोराबादी, रॉंची स्थित कार्यपालक अभियन्ता, बी0सी0डी–2 के आवासीय परिसर में सुरक्षा लाईट एवं बगीचा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 2,19,313=00 | 500=00 | 5,000=00 | 21 दिन |
| 8. | बूटी रोड, मछली घर के समीप स्थित वरीय पदाधिकारी आवास सं0 05 के आवास में 03 अदद् 2.0 टन एवं 01 अदद् 1.5 अन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 3,73,023=00 | 750=00 | 8,000=00 | 21 दिन |
| 9. | सरकुलर रोड रॉंची स्थित जे0पी0एस0सी0 कार्यालय के पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष, मिटिंग हॉल एवं परिक्षा विभाग में 06 अदद् 1.5 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 4,92,328=00 | 750=00 | 10,000=00 | 21 दिन |
| 10. | सरकुलर रोड रॉंची स्थित जे0पी0एस0सी0 कार्यालय के पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष एवं गोपनीय रूम में 09 अदद् 1.5/ 2.0 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 8,01,544=00 | 1250=00 | 17,000=00 | 28 दिन |
| 11. | रातू रोड रॉंची स्थित मंत्री बंगला सं0 5 में 04 अदद् 2.0 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र एवं कॉंके रोड, रॉंची स्थित मान्नीय पूर्व मुख्य मंत्री आवास सं0 5 कॉंके रोड रॉंची में 02 अदद् 2.0 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 5,68,772=00 | 1250=00 | 12,000=00 | 28 दिन |
| 12. | डोरण्डा रॉंची स्थित जस्टीस बंगला नं0 1 मे 2 अदद् 2.0 टन, न्यायाधीश बंगला सं0 1/19 में 01 अदद् 2.0टन न्यायाधीश बंगला सं0–12 में 02 अदद् 1.5 टन न्यायाधीश बंगला सं0– 2 में 01 अदद् 1.5 अन, एवं न्यायधीश बंगला सं0 17 मे 01 अदद् 1.5 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 6,27,304=00 | 1250=00 | 13,000=00 | 28 दिन |
| 13 | जमशेदपुर स्थित डी0 डी0 सी0 के आवासीय परिसर में बगीचा लाईट, गेट लाईट एवं सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 6,33,227=00 | 1250=00 | 13,000=00 | 28 दिन |
| 14. | व्यवहार न्यायालय, घाटशीला के परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 8,81,972=00 | 1250=00 | 18,000=00 | 28 दिन |

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉंची

PR 333615 Energy(24-25)#D

# पीएमओ ने झाररखंड के मुख्य सचिव को दिया सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश

**आरटीआई कार्यकर्ता संपूणार्नंद सिंह ने नल जल योजना में अनियमितता का आरोप लगाते हुए पीएमओ को लिखा था पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** जल जीवन मिशन के तहत विश्रामपुर प्रखंड के पंचायतों में कराएं जा रहे नल जल योजना में भारी अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए आरटीआई कार्यकर्ता संपूणार्नंद सिंह ने जांच व कार्रवाई को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पत्र लिखा गया था। जिसमें पेयजल व स्वच्छता विभाग की संलिप्तता का जिक्र करते हुए सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गई सूचना उपलब्ध नहीं कराने का भी जिक्र किया गया था। इसे गंभीरता से लेते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुभाग अधिकारी शिखा शर्मा ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को पत्र प्रेषित कर संपूणार्नंद सिंह द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। पीएमओ द्वारा राज्य के मुख्य सचिव को जांचोपरांत कार्रवाई करने का भी निर्देश जारी किया गया है। पीएमओ कार्यालय द्वारा इसकी एक प्रति संपूणार्नंद सिंह को भी भेजा गया है। गौरतलब है कि पेयजल व स्वच्छता विभाग द्वारा निविदा निकाल कर जल जीवन मिशन के तहत प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में जल नल योजना का कार्य कराया जा रहा है। संवेदकों के द्वारा विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से कार्य से अधिक पैसों की निकासी कर ली गई है। संपूणार्नंद सिंह द्वारा जिला कार्यालय में इसकी शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होते देख सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी मांगी गई। जानकारी भी समय से उपलब्ध नहीं कराया गया। जिसके बाद संपूणार्नंद सिंह ने प्रधानमंत्री कार्यालय को जुलाई माह में पत्र भेजा था। साथ ही उपलब्ध कराई गई सूचना व संवेदक के द्वारा बरती गई अनियमित का भी जिक्र किया गया था।? उनके द्वारा साक्ष्य के तौर पर कई दस्तावेज भी पीएमओ को भेजा गया था। संपूणार्नंद सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ मेरी लड़ाई अंतिम सांस तक जारी रहेगी।

## हुसैनाबाद व विश्रामपुर नप के अनुबंधकर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, किया प्रदर्शन



**हुसैनाबाद/विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड लोकल बॉडी इम्प्लाइज फेडरेशन की हुसैनाबाद शाखा ने राज्य महासंघ के आह्वान पर छह सूत्री समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर शुक्रवार से नगर पंचायत कार्यालय के समीप अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गये। मांगों में निकाय में कार्यरत दैनिक मानदेय कर्मी का सेवा नियमित करने, वेतन के लिए सरकार द्वारा शतप्रतिशत आवंटन निर्गत करने, सेवानिवृत्त होने पर अन्य सेवानिवृत्त कर्मियों की तरह लाभ देने, निकाय में पदोन्नति की सुविधा, आउटसोर्सिंग की मजदूरी का भुगतान सरकार द्वारा करने, निकाय कर्मियों को बीमा का लाभ देने आदि की मांग शामिल है। वहीं, पूर्व पार्षद नजीर अहमद धरना स्थल पर पहुंचे और लोकल बॉडी इम्प्लाइज फेडरेशन के मांगों का समर्थन किया। साथ ही सरकार से यथाशीघ्र उनकी मांगों को पूरा करने की अपील की। मौके पर उमेंद्र ठाकुर, अवधेश कुमार, गुड्डू राम, सोनू, कृष्णा, विजय, प्रदीप कुमार पासवान, मंटू पटेल, रामधनी राम, अर्जुन राम, प्रदीप राम, माला देवू, अंजू देवी आदि शामिल थे। दूसरी ओर, विश्रामपुर नगर परिषद के अनुबंधकर्मी भी शुक्रवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए। अनुबंधकर्मियों ने नप कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना दिया। फेडरेशन के विश्रामपुर इकाई अध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि हमारी सभी 11 सूत्री मांग जायज है। सरकार को इसपर गंभीरता से विचार करते हुए सभी मांगों को मान लेनी चाहिए। उपाध्यक्ष मुबारक अंसारी ने कहा कि जब तक सभी मांगें नहीं मानी जायेगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर सुबोध केशरी, रवि कुमार, सुमित कुमार, राजेश प्रसाद, नीरज कुमार आदि थे।

## सत्ता में काबिज होने के बाद से ही गठबंधन सरकार ने युवाओं से किया केवल छलावा : विनीत पांडेय



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थी परिषद की ओर से जिला संयोजक नितीश दूबे की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने राज्य की गठबंधन सरकार के कार्यों पर सवाल खड़े करते हुए युवाओं को छलने का आरोप लगाया है। आरोप लगायाकि सत्ता में काबिज होने से पूर्व झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने सूबे के युवाओं को प्रत्येक वर्ष 5 लाख नौकरी देने का वादा किया था पर अब तक किसी को कुछ भी नहीं मिला। इस अवसर परिषद के राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सहसंयोजक विनीत पांडे ने सवाल किया कि वर्तमान झारखंड सरकार के शासनकाल में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता एवं गिरती शिक्षा व्यवस्था के लिए कौन जिम्मेवार हैं। कमान संभालने के बाद युवाओं को सिर्फ छलने का कार्य किया जा रहा है। बेरोजगारी भत्ता के नाम पर सिर्फ छात्रों को छलने का कार्य किया गया। राज्य के सभी विश्वविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता, सभी विभागों में व्याप्त घूसखोरी एवं जमा खोरी चरम पर हैं। राज्य के अधिकतर विश्वविद्यालय में कुलपति एवं प्रति कुलपति प्रभार के भरोसे चल रहे हैं। प्राइवेट एजेंसियां छात्रों के पैसे का दोहन कर रही हैं। झारखंड पात्रता परीक्षा के नाम पर छात्रों के पैसों का दोहन किया जा रही हैं। 5 वर्षों के अंदर जितनी भी परीक्षाएं आयोजित हुई सभी परीक्षाएं संदेह के घेरे में है। ऐसी स्थिति में इस बार के विधानसभा चुनाव में झारखंड के युवाओं ने कमर कस ली है। ऐसे भ्रष्ट सरकार को उखाड़ कर फेंकने का कार्य करेगी। इस अवसर पर विभाग संयोजक अभय वर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामाशंकर पासवान, राहुल कुमार चेरो, अभिषेक कुमार रवि, नगर मंत्री विपिन यादव, नगर सह मंत्री कौशल मिश्रा, विभाग छात्रा प्रमुख दीक्षा कुमारी, कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी आदि उपस्थित थे।

**बाधा:** रैली के लिए जा रहे भाजपाइयों को बालूमाथ पुलिस ने रोका

# गठबंधन सरकार ने युवाओं से किया छल: डॉ शशिभूषण

अमलेश ठाकुर

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा युवा आक्रोश रैली रांची जाने के क्रम मे बालूमाथ पुलिस ने रोका। पांकी विधानसभा के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता अपने सैकड़ो वाहन से युवा जन आक्रोश रैली मे भाग लेने के लिए रांची रवाना हो रहे थे। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने चेकिंग के नाम पर रैली को व्यवधान करने का प्रयास किया। हेरहंज थाना मे डीएसपी और थाना प्रभारी बीडीओ ने काफीला को जाने दिया इसके बाद बालूमाथ पांकी मोड़ मे बालूमाथ पुलिस ने काफीला को रोक दिया। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकर्ताओ का नुक्कड़ सभा मे तब्दील हो गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि यह हेमंत सरकार की साजिस है, राज्य सरकार चाहती है की रैली सफल नहीं हो। पार्टी के कार्यकर्ताओ ने हेमंत सरकार के खिलाफ नारे बाजी किया। हेमंत सरकार होश मे आओ हेमंत सरकार हाय हाय,पुलिस प्रशाशन मुदार्बाद का नारा लगाया गया। डां मेहता ने कहा कि राज्य के भ्रष्टाचार सरकार युवाओं को ठगने का काम किया है। चुनावी घोषणा मे युवाओं को प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी देने के साथ युवाओं को पांच से सात हजार बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। कहा कि युवाओं को छलने के अलावे अनेको झूठी घोषणाएं जैसे अनुबंध कर्मियों को नियमित करना, सरकार बनने के 90 दिनों के अंदर सभी पारा शिक्षकों को वेतन मान देने आदि घोषणा एवं झारखण्ड की जनता को गुमराह कर हेमंत सरकार सत्ता मे आई लेकिन उक्त वादे पूरा नहीं कर सकी। हेमंत सरकार के जंगल राज मे भ्रष्टाचार, महिलाओ के साथ अत्याचार किसानो एवं आम नागरिकों को अनदेखी किया जा रहा है। जिसे जनता समझ गई है। जो बर्दास्त करने के स्तिथि मे नहीं है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह,जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता,अजित प्रसाद,संजय चंद्रवंशी, प्रो बच्चन ठाकुर, शायमनंदन ओझा,कमेश यादव, लाला यादव, रंजय ठाकुर अखिलेश ठाकुर,रीमा शर्मा आदि ने नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया।



रांची जाने के क्रम में भाजपाईयों को रोकती बालूमाथ पुलिस।

# जर्जर मार्ग पर जलजमाव, स्कूल जाने की बजाय घर लौटे बच्चों को देख आक्रोशित ग्रामीणों का प्रदर्शन

## मुख्य सड़क से स्कूल भवन तक है रैयती भूमि, जिस कारण नहीं बन रही सड़क

**बच्चों ने कहा-स्कूल जाते समय कपड़ा और किताबें भीग जाती हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/नौडीहा बाजार।** नामुदाग राजकीय मध्य विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य सड़क से विद्यालय भवन तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। विशेष कर बारिश के दोनों में परेशानी अधिक बढ़ जाती है। बारिश के मौसम में मुख्य सड़क से स्कूल भवन के बीच पानी लबालब भरा रहता है। जिससे विद्यालय भवन तक बच्चों को पानी से होकर गुजरना पड़ता है। बारिश अधिक होने पर छोटे बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाते और घर वापस लौट जाते हैं। क्योंकि रास्ते में पानी होने के कारण बच्चों के डूबने का भी खतरा रहता है।

### ग्रामीणों में आक्रोश

शुक्रवार को नामुदाग पंचायत के मध्य विधालय में अध्यनरत बच्चों के परिजन अपने बच्चों के स्कूल के बजाय घर लौटने पर आक्रोशित दिखे। विद्यालय भवन के बाहर रास्ता बनाने की मांग को लेकर घंटों खड़े रहकर नाराजगी जाहिर की। इसकी सूचना मिलने पर नौडीहा थाना के एसआई आशीष कुमार पुलिस बल के साथ पहुंच गये। उन्होंने रैयतों के साथ बैठक कर रास्ते की समस्या को सुलझाने की बात कही। वहीं, प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी ने कहा कि इस विद्यालय को मैं गोद ली हूं। यहां मैं अपने पंचायत समिति के फंड से विद्यालय सुंदरीकरण का कार्य भी कराया है। इस विद्यालय में सड़क की मांग लोग वर्षों से कर रहे है, लेकिन रास्ते के लिए जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण रास्ता नहीं बन पाया। वहीं, नामुदाग मुखिया जितेंद्र पासवान ने कहा कि जिन्होंने रैयती भूमि के बीच में अपनी भूमि देकर स्कूल भवन का निर्माण तो करवा दिया लेकिन रास्ते के लिए जमीन नहीं दिया जिस कारण सड़क नहीं बन पा रही है। मुखिया ने कहा कि कई बार रैयती भूमि मालिक से रास्ते के लिए पहल की गयी, लेकिन वे लोग रास्ता के लिए जमीन देने को तैयार नहीं हैं। मुखिया ने कहा कि इस विद्यालय के बाहर प्रखंड बीआरसी कार्यालय है। जहां प्रखंड के सैकड़ों स्कूल के शिक्षक इसी रास्ते से आना-जान करते हैं उन्हें भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पानी में गिरते पड़ते भीगते हुए बीआरसी कार्यालय जाते हैं। वहीं, स्थानीय ग्रामीण धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि वर्ग एक से आठ तक के बच्चे उक्त स्कूल में पढ़ते है। बारिश के मौसम में बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। छोटे बच्चे पानी में गिरने और डूबने के डर से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। जबकि प्रधानध्यापक महेंद्र सिंह ने कहा कि विद्यालय में 550 बच्चों का नामांकन है। बरसात के मौसम में रास्ता नहीं होने से बच्चों की उपस्थिति आधी हो गई है। मौके पर उपमुखिया बसंत साव, वार्ड सदस्य डॉ संतोष कुमार, मफरहवग चौधरी, धर्मेंद्र सिंह, गणेश सिंह, महेश शर्मा सहित ग्रामीण व स्कूली बच्चे मौजूद थे।



**स्पोर्ट्स**

**नीरज चोपड़ा**

पेरिस ओलिंपिक के जेवलिन थ्रो इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा की ब्रांड वैल्यू 335 करोड़ रुपये हो गयी है।

# नीरज चोपड़ा की ब्रांड वैल्यू 335 करोड़ रुपये पहुंची, क्रिकेटर हार्दिक पांड्या को पीछे छोड़ा

## कोहली की ब्रांड वैल्यू में 29 फीसदी की बढ़ोतरी, धोनी दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस ओलिंपिक के जेवलिन थ्रो इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा की ब्रांड वैल्यू 335 करोड़ रुपए हो गई है। उन्होंने भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पंड्या को पीछे छोड़ दिया है। पंड्या की ब्रांड वैल्यू 318 करोड़ रुपए है। नीरज के ब्रांड वैल्यू के साथ ही सालाना एंडोर्समेंट फीस में भी बढ़ोतरी हुई है। नीरज के अलावा पेरिस ओलिंपिक में दो ब्रॉन्ज जीतने वाली मनु और कुश्ती में 50 किलो के वेट कैटेगरी में फाइनल तक पहुंचने वाली विनेश की भी एंडोर्समेंट फीस बढ़ी है। वहीं विराट कोहली की ब्रांड वैल्यू में 29 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वह भारत के सबसे मूल्यवान सेलेब्रिटी बन गए हैं। उन्होंने बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान और रणवीर सिंह को पीछे छोड़ दिया है। बतातें चलें कि नीरज चोपड़ा की ब्रांड वैल्यू 29.6 मिलियन अमरीकी डॉलर (248 करोड़ रुपए) से बढ़कर 40 मिलियन अमरीकी डॉलर (लगभग 335 करोड़ रुपए) से अधिक हो गई है। ओलिंपिक से पहले नीरज की ब्रांड वैल्यू भारत के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के समान थी, लेकिन अब वह उनसे आगे निकल गए हैं। जबकि हार्दिक पंड्या की ब्रांड वैल्यू लगभग 38 मिलियन अमरीकी डॉलर (318 करोड़ रुपए) है। हार्दिक भारतीय क्रिकेटरों की ब्रांड वैल्यू में पांचवें स्थान पर हैं।

### ओलिंपिक मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों की एंडोर्समेंट फीस में भी हुई बढ़ोतरी

**नीरज चोपड़ा की एंडोर्समेंट फीस में भी बढ़ोतरी हुई हैं। उनकी एंडोर्समेंट फीस 3 करोड़ रुपए से बढ़कर 44.5 करोड़ सालाना प्रति डील हो चुकी है। इसके अलावा, मनु भाकर की एंडोर्समेंट फीस 25 लाख सालाना प्रति डील से बढ़कर 1.5 करोड़ रूपए हो चुकी है। मनु ने हाल ही में सॉफ्ट ड्रिंक बेचने वाली एक कंपनी के साथ 1.5 करोड़ रूपए की ब्रांड एंडोर्समेंट डील साइन की है। इसी तरह, विनेश फोगाट की एंडोर्समेंट फीस 25 लाख सालाना से बढ़कर 75 लाख से 1 करोड़ रुपए हो चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक पेरिस ओलिंपिक में बेहतर करने वाले एथलीटों को पैकेज्ड फूड, हेल्थ, न्यूट्रिशन, ज्वैलरी, बैंकिंग और एजुकेशन जैसी कैटेगरी में ब्रांड का चेहरा बनाने की होड़ मची हुई है।**

### क्रिकेटरों के ब्रांड वैल्यू में विराट के बाद धोनी

क्रोल सेलिब्रिटी ब्रांड वैल्यूएशन रिपोर्ट 2023 के अनुसार क्रिकेटरों की ब्रांड वैल्यू में विराट के बाद धोनी हैं। धोनी की ब्रांड वैल्यू 95 मिलियन डॉलर (797 करोड़ रुपए) है। तीसरे स्थान पर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर हैं। उनकी ब्रांड वैल्यू 91 मिलियन डॉलर (763 करोड़ रुपए) है। धोनी और सचिन क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। धोनी अब भी आइपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेलते हैं। रोहित शर्मा 41 मिलियन डॉलर (343 करोड़ रुपए) की ब्रांड वैल्यू के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि पांचवें स्थान पर हार्दिक पंड्या हैं।

### कोहली सबसे ज्यादा ब्रांड वैल्यू वाले सेलिब्रिटी

**हाल ही में क्रोल की जारी सेलिब्रिटी ब्रांड वैल्यूएशन रिपोर्ट 2023 के अनुसार विराट की ब्रांड वैल्यू 22.79 मिलियन डॉलर (1904 करोड़ रूपए ) हो गई है। विराट कोहली स्पॉन्सरशिप के मामले में सबसे आगे हैं। दूसरे नंबर पर रणवीर सिंह हैं, जिनकी ब्रांड वैल्यू 20.31 मिलियन डॉलर (1703 करोड़ रुपए) है। इसके बाद शाहरुख खान ने 12.07 मिलियन डॉलर (1012 करोड़ रुपए) की ब्रांड वैल्यू के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है।**

# पलामू-गढ़वा के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे : हाइकोर्ट

## कनहर बराज का काम शुरू करने में देरी क्यूं

### पूर्व की सुनवाई में हाजिर थे मुख्य सचिव जल संसाधन सचिव, वन एवं वित्त सचिव

**दरअसल, पूर्व की सुनवाई में मामले में कोर्ट के आदेश पर मुख्य सचिव, जल संसाधन सचिव,वन सचिव और वित्त सचिव हाजिर हुए थे. कोर्ट ने उनसे मौखिक कहा था कि वर्ष 2020 में राज्य सरकार ने 5 साल में इस परियोजना को पूरी होने का टाइमलाइन दिया था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ा है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को कनहर बराज परियोजना पूरा करने को लेकर टाइम फ्रेम प्रस्तुत करने को कहा था। बता दें कि गढ़वा, पलामू के लोगों को पानी उपलब्ध करने के लिए कनहर बराज बनवाने का आग्रह करते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है।**

**रांची/पलामू।** झारखंड हाईकोर्ट ने पलामू एवं गढ़वा में सिंचाई के लिए प्रस्तावित कनहर बराज परियोजना अब तक शुरू नहीं किए जाने पर नाराजगी जाहिर की है। हाईकोर्ट ने मौखिक कहा कि इस परियोजना में देरी पर सरकार को जनता के समक्ष जवाब देना होगा। पलामू एवं गढ़वा ममें वर्षों से आकाल की स्थिति बनी रहती है। लंबे समय से कनहर बराज परियोजना के संबंध में प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया है. यहां तक कि कनहर बराज के लिए जमीन अधिग्रहण, वन भूमि का क्लीयरेंस, एनवायरमेंट क्लीयरेंस आदि का काम पूरा नहीं हुआ। राज्य सरकार के लचीले रुख के कारण केंद्र सरकार से फंड भी अब तक आवंटित नहीं हो सकी है। पहले राज्य सरकार को कनहर बराज के अधूरे काम को पूरे कर लेना चाहिए थे, फिर फंड के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाना चाहिए था। कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित कनहर बराज परियोजना के देरी का कारण बताने के साथ ही कनहर बराज प्रोजेक्ट को लेकर फॉलो अप एक्शन (अब तक की कार्रवाही) दो सप्ताह में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि वर्ष 2010 में भी राज्य सरकार की ओर से इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए 5 साल का समय मांगा गया था, अब वर्ष 2024 में भी 8 साल का समय मांगा जा रहा है. यह जनहित याचिका शुरू हुए 14 साल से अधिक का समय बीत चुका है, राज्य सरकार को कनहर बराज परियोजना की सारी बाधाओ को जल्द पूरा कर इसका निर्माण करना था।

## पांकी विस से उम्मीदवारी को लेकर रुद्र शुक्ला ने डॉक्टर रामेश्वर उरांव को बायोडाटा सौंपा




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला ने पांकी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अपनी उम्मीदवारी पेश करते हुए अपना बायोडाटा वित्तमंत्री सह कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव को सौंपा। अपनी उम्मीदवारी पेश करते हुए युवा नेता रुद्र शुक्ला ने मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को पांकी विधानसभा क्षेत्र में अपनी मजबूती और युवा साथियों व सभी समाज की वहां की वस्तु स्थिति से भी अवगत कराया। रुद्र शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस में डॉ रामेश्वर उरांव के आशीर्वाद से पार्टी के महत्वपूर्ण कई जिम्मेवारियां मिली जिससे मैं सुचारू रूप से काम कर सका। साथ ही पार्टी के संदेश को लेकर सदैव पांकी विधानसभा के हर इलाके में काम करता रहा हूं। कांग्रेस के सभी लोगों का अपार प्यार मुझे मिलता रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि पार्टी इस बार मुझे पांकी विधानसभा में अपना उम्मीदवार बनाएगी।

## वर्षो से अतिक्रमित भूमि को सीओ ने मुक्त कराया



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कौआखोह स्थित नाथा ग्राम में कृषि विभाग की अतिक्रमण भूमि को सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को मुक्त कराया। इस संबंध में सीओ ने बताया कि कृषि विभाग की जमीन पर किसान रामवृक्ष मस्ताना झोपड़ी बनाकर कब्जा किए हुए था। विभागीय नोटिस के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा था। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पुलिस बल के सहयोग से भूमि मापी कर अतिक्रमण हटाया गया। उन्होंने बताया कि ग्राम नाथा में कृषि विभाग की करीब 25 एकड़ भूमि है। इस दौरान अंचल निरीक्षक संजीव कुमार, उप निरीक्षक संतोष उरांव, अमीन सुरज कुमार और एसआई विगेश कुमार राय के पुलिस बल शामिल थे।

## पैक्स में खाद उपलब्ध नहीं, किसान ऊंचे दाम पर खरीदने को हैं मजबूर : कमलेश



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न पैक्सों में अभी तक सरकार द्वारा यूरिया खाद उपलब्ध नहीं कराई गई है। जिस कारण किसानों को निजी दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदना पड़ रहा है। इससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त बातें राजद नेता कमलेश कुमार यादव ने कही। वे शुक्रवार को पत्रकारों से बातें कर रहे थे। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से अविलंब सभी पैक्स को भरपूर मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। कहा कि किसानों को निजी दुकानों से महंगे दाम में यूरिया खाद खरीद कर खेतों में डालने से आर्थिक क्षति पहुंच रही है। इस हाल में किसानों की आय दोगुणा कैसे होगी। कहा कि जल्द ही पैक्स में खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो किसानों के साथ धरना प्रदर्शन करने पर विवश होंगे। उधर कई किसानों का कहना है कि बढ़ती महंगाई में पैक्स के माध्यम से खाद उपलब्ध नहीं करना गंभीर चिंता का विषय है।

# रूठे कांग्रेसियों को मनाकर वापस लाने व पार्टी को मजबूत करना ही लक्ष्य है : नीलम

## कहा- महिला कांग्रेस नये जोश व ताकत के साथ विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरेगी

**बैठक में दिखीं संगीता तिवारी, पार्टी के लिए निष्ठा पूर्वक काम करते रहने का भरा दंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता


बोकारो में बैठक करतीं महिला कांग्रेस की पर्यवेक्षिका नीलम टूली व अन्य।

**बोकारो।** परिषदन में बोकारो विधानसभा चुनाव की महिला कांग्रेस की ऑब्जर्वर (पर्यवेक्षिका) नीलम टूली ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर जिला सहित झारखंड महिला कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस का नारा मोहब्बत की दुकान व नारी का सम्मान को चरितार्थ करते हुए सबसे पहले पुराने कार्यकर्ताओं को मनाने की कोशिश करूंगी, जो किन्हीं कारणों से खुद को अपमानित, तिरस्कृत और बहिष्कृत समझते हैं। जिन लोगों ने पार्टी से दूरी बना ली है, उन सभी को सम्मान पूर्वक कांग्रेस से जोड़ने की कोशिश करूंगी। इसी कार्यक्रम के तहत झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव संगीता तिवारी को बुलाकर उन्हें पार्टी के कार्यक्रम में भाग लेने और पार्टी के सिद्धांतों को जनजातिक पहुंचने को कहा गया है। इस दौरान उन्होंने संगीता तिवारी को सम्मान देने की भी बात कही। नीलम टूली ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हमारी महिला कांग्रेस नई जोस और नई ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरेंगी। घर-घर जाकर कांग्रेस की विचारधारा, नारी सम्मान, बेरोजगारों को रोजगार देने, समाज में नफरत को दूर कर मोहब्बत पैदा करने वाली बात को बताकर चुनाव में कांग्रेस आला कमान द्वारा जो भी प्रत्याशी दिए जाएंगे उनको जिताने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगी। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव संगीता तिवारी, लीलावती देवी, सुधा पांडे, अर्चना कुमारी, सुनीता देवी, देवमुनि देवी, सुमन कुमारी बबीता देवी, अनीता सिंह आदि कई पुरानी पदाधिकारी भी उपस्थित थी। इस बाबत संगीता तिवारी ने कहा कि मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता कौन क्या कहता है। मैं कांग्रेस की कार्यकर्ता हूं और पार्टी के सिद्धांत पर चलती हूं। मुझे राष्ट्रीय कांग्रेस से जब भी जो कोई जिम्मेदारी दी गई है उसे ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक उसे निभाती रही हूं और आगे भी निभाती रहूंगी।

# 28 अगस्त से 13 सितंबर तक चलेगा एलसीडीसी अभियान

**घर-घर जाकर सहिया-स्वास्थ्य कर्मी करेंगे मरीजों की पहचान**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 28 अगस्त से 13 सितंबर तक लेप्रोसी केस डिटेक्शन कैंपेन (एलसीडीसी) अभियान का शुभारंभ होगा। इस दौरान सहिया एवं स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर मरीजों की पहचान करेंगे। अभियान को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन व सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभानु प्रतापन ने सभी एमओआईसी के साथ बैठक कर अभियान की सफलता को लेकर निर्देश दिए। सिविल सर्जन ने बताया कि लेप्रोसी केस डिटेक्शन कैंपेन के दौरान सहिया एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर कुष्ठ मरीजों की पहचान की जाएगी। इसके बाद उन्हें जागरूक करेंगे कि यह एक साधारण बीमारी है। समय पर इलाज कराने और नियमित रूप से दवा खाने से यह बीमारी जड़ से खत्म हो सकती है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग छुआछूत से नहीं, बल्कि मरीजों के शरीर से किसी भी प्रकार के रसाव (ड्रोपलेट इन्फेक्शन) से फैलती है। शुरूआती दौर में अगर बीमारी का पता चल जाए, तो मरीज का इलाज संभव है। बीमारी की पहचान हो जाने के बाद इलाज से मरीज 6 महीने और 12 महीने में पूरी तरह ठीक हो सकते है। वहीं निदेशक डीआरडीए ने कहा कि अभियान के पहले एमओआईसी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ, समाज कल्याण सभी सीडीपीओ और शिक्षा विभाग सभी बीईओ के साथ बैठक कर अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग को पूरा सहयोग करेंगे। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बाउरी, जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील सिंह, मलेरिया पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार, डिस्ट्रिक्ट लेप्रोसी कंट्रोलिंग ऑफिसर डॉ मंजु दास, डॉ अमित कुमार आदि मौजूद थे।


JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt of Jharkhand), Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401067 e-mail: japit_doit@rediffmail.com

Corrigendum-2
Request For Proposal (RFP), for
Empanelment of Agencies under Rate Contract for
Scanning, Digitization and Document Management System
Tender Reference No.: JAP-IT/RC/Digitization/01/2024
Reference PR No. 331503

This is in reference to the Request for Proposal (RFP) published for the purpose of "Empanelment of Agencies under Rate Contract for Scanning, Digitization and Document Management System" with Reference No.: JAP-IT/RC/Digitization/01/2024 dated 02/08/2024. Corrigendum-2 has been uploaded on e-procurement website.

Interested participants may download the Corrigendum-2 document from the Portal https://jharkhandtenders.gov.in.

The address for correspondence for the purpose of this RFP is:
Chief Executive Officer, JAPIT, Ground Floor, Near Golchakkar, Engineer's Hostel - 1, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Email: japit_doit@rediffmail.com, Phone No.: +91-651-2401044

Sd /-
OSD, JAP-IT
PR 333601 Information Technology(24-25)#D


# कुसुम विहार इस्कॉन में आज से होगा श्री वृंदावन महा महोत्सव का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कुसुम विहार इस्कॉन की ओर से 24 से 28 अगस्त तक श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं वृंदावन महा महोत्सव मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम के पहले दिन सुंदर गोविंद प्रभु द्वारा ललिता माधव कथा का आयोजन होगा। इसके बाद पश्चिम बंगाल से आए भक्तो ने कीर्तन, आश्रम के भक्तो द्वारा भगवान की आरती एवं महाभोग का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन सुंदर गोविंद प्रभु द्वारा ललिता माधव कथा, गुजरात एवम धनबाद के भक्तो द्वारा कीर्तन, उत्सव का आदिवास, आरती एवं महाभोग किया जायेगा। तीसरे व अंतिम दिन यानी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन धनबाद के बच्चो के द्वारा नृत्य, भक्तो द्वारा कीर्तन, वृंदावन से आए ससोधार प्रभु द्वारा कथा व जन्माष्टमी उत्सव मनाया जायेगा। इसबार मुख्य आकर्षण का केंद्र भगवान के साजोसज्जा के लिए मंगाया गया विशेष पुष्प, ललिता माधव कथा, ट्राइबल केयर से जुड़े सभी विद्यार्थी की ओर से विशेष ड्रामा एवं नृत्य होगा।

# 22 करोड़ की लागत से बनेंगी ग्रामीण क्षेत्रों की पांच सड़कें

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने की आहट को देखते हुए सरकारी विभागों ने टेंडर निकालने में तेजी ला दी है। सूत्रों की मानें तो ग्रामीण विकास विभाग ने शुक्रवार को वहां क ग्रामीणों की मरम्मति कराने के वर्षों की मागों को मानते हुए 22 करोड़ रुपये की लागत से पांच सड़कों को बनाने का टेंडर निकाला है। खबर है कि तीन सितंबर तक चेंडर निकाले जाने की अंतिम तारीख तय की गयी है। 12-18 महीने में सड़क निर्माण का काम पूरा करना होगा। सूत्रों की मानें तो पांच सितंबर को टेंडर खोला जाएगा।

### इन सड़कों के लिए निकाला गया है टेंडर

- गोविंदपुर के असना काशीटांड़ से मोहनपुर तक पथ निर्माण (3.4 किलोमीटर) - तीन करोड़ 12 लाख रुपये लागत
- गोविंदपुर के चेंगदाहा से सियासी घुटू तक पथ निर्माण (1.5 किलोमीटर) - एक करोड़ 28 लाख रुपये की लागत
- तोपचांची के तारा मंदिर, खरनी काली मंदिर होते हुए पांडेयडीहमोड़ (3.19 किमी)- तीन करोड़ 65 लाख लागत
- तोपचांची के साहू बहियार स्वास्थ्य केंद्र से खनुडीह तक सड़क निर्माण (5.35 किलोमीटर)- 7.5 करोड़ लागत
- तोपचांची के जीतपुर दुर्गा मंदिर से चिरूटांड़ विशुनपुर तक सड़क (1.63 किलोमीटर)- 1.51 करोड़ रुपये की लागत

# विभिन्न मांगों को लेकर अंशकालिक शिक्षकों का धरना

**बेरमो/गोमिया (आजाद सिपाही)।** अंशकालिक शिक्षक सह कर्मी संघ के बैनर तले अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अंशकालिक शिक्षक ने दो दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिसमें सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के अंतर्गत अपग्रेड किए गए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, अपग्रेड पीएम श्री विद्यालय के अंशकालिक शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। शिक्षकों ने बताया कि पूरे राज्य में शिक्षक शिक्षिकाओं को एक समान मानदेय नहीं मिलता है। कहीं दैनिक तो कहीं घंटी आधारित और कहीं मासिक भुगतान होता है। भुगतान भी मनमाने तरीके से किया जाता है। जबकि इसके लिए फंड सरकार की ओर से मुहैया होता है। पूरी व्यवस्था सरकार के अधीन कार्य करती हैं। यह सरकार की अति महत्वाकांक्षी परियोजना में है। सभी शिक्षक-शिक्षिका राष्ट्रीय स्तर के मापदंडों को पूरा करते हैं। लंबे समय से सेवा दे रहे हैं। अभी तक सब की सेवाएं संतोषजनक है। इसलिए 2016 में झारखंड शिक्षा परियोजना के परियोजना निदेशक के पत्रांक डब्ल्यूडीपी/49/09/180 10 फरवरी 2016 में संशोधन किया जाए। झारखंड सरकार के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के अनुसार विषयवार शिक्षक संशोधित किया जाए। विद्यालयों में अधिकांश ड्रॉप आउट छात्राओं को पढ़ाना पड़ता है जो चुनौती पूर्ण एवं कठिन काम है। इसके बावजूद भी राज्य के सभी विद्यालयों में बेहतर रिजल्ट हैं। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं के अतिरिक्त जो रिक्त पद हैं उन्ही रिक्त पदों पर प्रतिनियोजित किया जाए। ताकि हमारे कोई भी शिक्षक बंधू की आजीविका प्रभावित न हो।

# श्रमिकों का विश्वास ही संगठन की रीढ़ : अनुप सिंह

**सीसीएल में एक नंबर संगठन होने का दर्जा आरसीएमयू को प्राप्त है : अजय सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कथारा।** बेरमो विधायक व आरसीएमयू के केंद्रीय अध्यक्ष कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने कहा कि श्रमिकों का विश्वास ही संगठन की रीढ़ है। इसे हर हाल में आगे बढ़ाना है। श्रमिकों के अधिकार की रक्षा के लिए संगठन कटिबंध है। श्रमिकों के मौलिक अधिकार की रक्षा होगी। श्रमिकों के अधिकार के लिए संगठन हमेशा प्रयत्नशील है। वहीं, यूनियन के कथारा क्षेत्रीय अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने कहा कि पूरे सीसीएल में अधिकांश श्रमिक संगठनों की सदस्यता शुल्क चेकअप सिस्टम के आधार पर काटा जाता है। इंटक के आपसी विवाद के कारण सीसीएल में इंटक से संबद्ध आरसीएमएस पर चार गुटों द्वारा दावा दिया जाता रहा है। लेकिन 27 मार्च 2022 को अनुप सिंह के नेतृत्व में चलने वाले संगठन आरसीएमएस की जगह आरसीएमयू संगठन के नाम से नया निबंधन हुआ। जिसका एफीलिएशन इंटक से मिला हुआ है। मजदूरों का विश्वास नए संगठन पर भी कायम रहा। वर्ष 2023 के चेकअप सिस्टम के आधार पर श्रमिकों का सदस्यता शुल्क काटा गया। पूरे सीसीएल में आरसीएमयू की सदस्य संख्या 6,664 है, जो पूरे सीसीएल में एटक, एसएमएस, बीएमएस के चलने वाले संगठन से इंटक से संबंध आरसीएमयू की सदस्य संख्या सबसे ज्यादा हुई। इस संदर्भ में कथारा क्षेत्रीय सचिव सह विधायक प्रतिनिधि विल्सन फ्रांसिस ने कहा कि पूरे सीसीएल में राकोमयू को पहला श्रमिक संगठन का स्थान प्राप्त होना संगठन के लिए गौरव की बात है। यूनियन के पदाधिकारी श्रमिकों के हर सुख-दुख में शामिल होकर संगठन के परिवार होने का कर्तव्य का बोध कराते हैं जिससे निरंतर सदस्यों की संख्या में इजाफा होते जा रहा है। पूरे सीसीएल में एक नंबर श्रमिक संगठन यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष व बेरमो विधायक अनूप सिंह के कुशल मार्गदर्शन में हुआ है। यूनियन को मिले दर्जा पर क्षेत्र के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। इस दौरान वरीय श्रमिक नेता अवधेश सिंह, वेदव्यास चौबे, दयाल यादव, राजेश शर्मा आशीष चक्रवर्ती, चंद्रशेखर प्रसाद, धनेश्वर यादव, इस्लाम अंसारी, रंजय कुमार सिंह, उत्तम कुमार, अर्जुन रविदास, राजेंद्र दास, रंजीत कुमार सिंह, शहादत हुसैन, एच अधिकारी, गुरनाम सिंह आदि ने खुशी जाहिर की है।


कार्यालयः– जिला सहकारिता पदाधिकारी, हजारीबाग

कृषक बंधुओं के लिए आवश्यक सूचना
बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2024–25 (खरीफ)

विभागीय अधिसूचना सं0–916, दिनांक–14.08.2024 के आलोक में ऋणी किसानों एवं गैर ऋणी किसानों के लिए बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2024–25 (खरीफ) की नामांकन की अंतिम तारीख 31.08.2024 निर्धारित है।

| क्र0 | बीमा की ईकाई | बीमित राशि (रू0/हेक्टेयर) | | कृषक द्वारा टोकन देय राशि | बीमा कराने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | अगहनी धान | भदई मकई | | |
| 1 | ग्राम पंचायत | 65,550.00 | – | 1.00 रू0 | 31 अगस्त 2024 |
| 2 | प्रखण्ड | – | 50,750.00 | 1.00 रू0 | 31 अगस्त 2024 |

गैर ऋणी किसानो के लिए बीमा कराने हेतु निम्न आवश्यक दस्तावेज निर्धारित है–
1. आधार कार्ड 2. बैंक पासबुक 3. राजस्व पदा0 द्वारा निर्गत भूमि प्रमाण पत्र (नवीनतम) तत्काल उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में मुखिया/प्रधान से सत्यापित वंशावली एवं भूमि विवरणी 4. बटाई प्रमाण पत्र (नोटराईज्ड शपथ पत्र) 5. स्वसत्यापित फसल बुआई प्रमाण पत्र 6. मोबाईल नम्बर।

कृषक बंधु अपने नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र (CSC) एवं योजना के पोर्टल www.pmfby.gov.in पर स्वतः ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।
संबंधित किसी भी जानकारी के लिए निम्नलिखित पर सम्पर्क कर सकते है।
:–कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी, हजारीबाग (9431108778)
:– Bajaj Allianz Gic Ltd.- Helpline No. 14447

जिला सहकारिता पदाधिकारी
हजारीबाग
PR 333500 (Co-opretive)24-25*D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

ई– अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या– 01/RII/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 21.08.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/CHATRA/07/2024-25 | मयुरहण्ड | हुसिया | पुरैनी | ग्राम पुरैनी में देवी मंडप से बांध पर हरिजन टोला तक भाया धीरेन्द्र सिंह के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण | 96,27,400.00 | छियानबे लाख सत्ताईस हजार चार सौ मात्र | 06 माह | तृतीय |
| 2 | RWD/CHATRA/12/2024-25 | हण्टरगंज | पाण्डेयपुरा | पचमो | सत्येन्द्र यादव के घर से देवी मंडप तक पी.सी. सी. पथ निर्माण | 31,67,900.00 | इकतीस लाख सरसठ हजार नौ सौ मात्र | 03 माह | तृतीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 24.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 30.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02.09.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा।
PR 333520 (Rural Work Department) 24-25 (D)


# बीएसएल व बोकारो एससी/एसटी वेंडर्स के बीच बैठक

## एससी/एसटी वेंडरों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है बोकारो स्टील प्रबंधनः सीआर महापात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बीएसएल के अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) सीआर महापात्रा की अध्यक्षता में बोकारो एससी/एस टी वेंडर्स के साथ शुक्रवार को बैठक हुई। जिसमें मुख्य महा प्रबंधक (सेवाए) अनिल कुमार, मुख्य महा प्रबंधक (अनुरक्षण) पीके बैसाखिया, मुख्य महा प्रबंधक (शॉप्स) जेवी शेखर, मुख्य महा प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) ए बंकिरा, मुख्य महा प्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) हर्ष निगम, मुख्य महा प्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, मुख्य महा प्रबंधक (मैकेनिकल) प्रकाश कुमार, महा प्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) धनंजय कुमार, उप महा प्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) आइएच अंसारी, झारखंड सरकार, जिला उद्योग केंद्र धनबाद के महा प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद, सरकार के एससी/एसटी अनुभाग की वरीय प्रबंधक किरण तिरु आदि शामिल थे। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (परियोजनाए एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) सीआर महापात्रा ने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट एससी/एस टी वेंडर्स के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। बिजनेस एक्सीलेंस विभाग की वरीय प्रबंधक देवयानी चक्रवर्ती ने आईएसओ-8000 के बारे में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। वहीं, बैठक में चर्चा के दौरान एससी/एसटी वेंडर्स ने अपने विभिन्न मुद्दे बीएसएल के समक्ष रखी। बीएसएल की ओर से एससी/एसटी वेंडर्स की समस्याओं के निदान के बारे में विचार-विमर्श किया गया। साथ ही एससी/एसटी वेंडर्स द्वारा आपूर्ति किये गए सामग्रियों और सेवाओं में बेहतरी लाने पर भी चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने बैठक के दौरान परस्पर समन्वय द्वारा सभी पहलुओं के सकारात्मक निदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# कोर्ट व पुलिस के बीच बेहतर समन्वय को लेकर डीएसपी ने की समीक्षा बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय 2) संदीप गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में समीक्षा बैठक की। इस दौरान न्यायालय से मिलने वाले आदेश व प्रतिवेदन को लेकर समीक्षा करते हुए डीएसपी ने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को न्यायालय से मिलने वाले प्रतिवेदन पर समय पर कार्रवाई करने को कहा। साथ ही सभी मामलों मे तय समय पर गवाही सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। न्यायलय से जुड़े सभी मामलों मे संबंधित गवाहों को गवाही की तारीख व समय पूर्व में ही सूचित करने को कहा, ताकि गवाह समय पर अदालत में हाजिर हो सके। इसके अलावा पूर्व में दिए गए निर्देशों के तहत कार्यों की समीक्षा करते हुए अदालत की कार्यवाही से जुड़े पुलिस पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन लोगों की गवाही होनी है वैसे व्यक्तियों को नियमित तौर पर समय पूर्व मुकदमे से जुड़ी सूचनाएं दे दी जाये। इसके अतिरिक्त डीएसपी महोदय ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि माननीय न्यायालय से प्राप्त आदेशों, वारंट व कुर्की की कार्रवाई को यथाशीघ्र तामिल की जाये।


कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा (अभियंत्रण कोषांग)
Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

ई-निविदा (अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना)
निविदा संख्या – 01/2024–25 दिनांक 22.08.2024

| क्र0/ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कुडू | लावागांई | ग्राम लावागॉइ मीना बाजार से पंचायत भवन होते हुए REO रोड तक सडक निर्माण | 2153100.00 | 5000.00 | 43100.00 | 03(तीन) माह |
| 2 | कुडू | जीमा | ग्राम हेंजला में डेगी महतो के घर से मो0 यहिया के घर होते हुए छउआ मसना तक सडक निर्माण | 2467900.00 | 5000.00 | 49400.00 | 03(तीन) माह |
| 3 | कुडू | कोलसिमरी | ग्राम चन्दलासो नवाटॉड मण्डप से नवाटॉड पुल तक सडक निर्माण | 1140300.00 | 2500.00 | 22900.00 | 03(तीन) माह |
| 4 | कुडू | सुन्दरू | ग्राम में रूस्तम के घर से आदिवासी मुहल्ला होते हुए मदरसा तक सडक निर्माण | 2494100.00 | 5000.00 | 49900.00 | 03(तीन) माह |
| 5 | लोहरदगा | – | कचहरी मोड, रॉची लोहरदगा मुख्य पथ दरहा देखवाली एवं कुटमु मुख्य पथ में आर0सी0सी0 बॉक्स कलभर्ट निर्माण | 1083000.00 | 2500.00 | 21700.00 | 03(तीन) माह |

2 वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 27.08.2024
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 03.09.2024/04:00 बजे अपराह्न तक
4 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 04.09.2024/04:00 बजे अपराह्न
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा
PR 333482 Lohardaga (24-25)_D

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, पूर्व प्रिंसिपल और पीड़िता के साथ डिनर करने वाले 4 डॉक्टरों पर शिकंजा

# आरोपी समेत 6 का पॉलीग्राफी टेस्ट होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर करने वाले आरोपी संजय रॉय समेत 6 का पॉलीग्राफी टेस्ट होगा। इनमें कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के अलावा पीड़ित डॉक्टर के साथ 8 अगस्त की रात डिनर करने वाले 4 डॉक्टर भी शामिल हैं। शुक्रवार (23 अगस्त) को सीबीआई ने मुख्य आरोपी संजय रॉय को सियालदह की स्पेशल कोर्ट ने पेश किया। जहां कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सुनवाई के दौरान ही संजय पॉलीग्राफी टेस्ट के लिए भी तैयार हो गया था। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को एक ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर के विरोध में कोलकाता के डॉक्टर्स आज 15वें दिन (23 अगस्त) भी हड़ताल पर हैं। उन्होंने कहा- हमें न्याय नहीं मिला है। इसलिए काम पर नहीं लौटेंगे। इधर, दूसरे संगठनों यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट एसोसिएशन एसोसिएशन, रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने हड़ताल खत्म कर दी। उइक ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में अब तक 73 लोगों से पूछताछ कर चुकी है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कपिल सिब्बल को ट्रेनी डॉक्टर रेप मर्डर केस से हटने की सलाह दी है। अधीर ने कहा कि मैं गुजारिश करूंगा कि वे केस से अलग हो जाएं। अपराधियों की तरफदारी न करें तो बेहतर है। क्योंकि वे कभी चुने हुए जनप्रतिनिधि थे। अभी भी राज्यसभा सांसद हैं। इन सारी चीजों के मद्देनजर आपको केस से हट जाना चाहिए, ये मेरी आपसे रिक्वेस्ट है। इन सवालों को लेकर जांच कर रही सीबीआई। डॉक्टर रेप-मर्डर केस की जांच कर रही उइक की जांच के घेरे में कई सवाल हैं। उइकइस बात की जांच कर रही है कि इस अपराध को बिना किसी बाधा के सेमिनार हॉल में अंजाम दिया गया। उस हॉल के दरवाजे का टॉवर बोल्ट टूटा हुआ मिला। शुरूआती जांच में पता चला है कि टॉवर बोल्ट टूटने के कारण दरवाजा कुछ समय से खराब था।




सीबीआई यह भी पता लगाने की कोशिश में है कि क्या कोई दूसरा शख्स सेमिनार हॉल के बाहर तैनात था। इसकी पुष्टि के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। अधिकारी इसकी जांच भी कर रहे हैं कि जब घटना को अंजाम दिया जा रहा था, तो सेमिनार हॉल के अंदर से कोई आवाज क्यों नहीं सुन सका।

## अनिल अंबानी शेयर बाजार से 5 साल के लिए बैन

# 25 करोड़ का जुर्माना भी लगा, शेयरों में 11% तक गिरावट रही

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** मार्केट रेगुलेटर सेबी ने फंड की हेराफेरी के मामले में इंडस्ट्रियलिस्ट अनिल अंबानी को शेयर बाजार से 5 साल के लिए बैन कर दिया है। अंबानी पर 25 करोड़ रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। उनके किसी भी लिस्टेड कंपनी में डायरेक्टर रहने पर भी पाबंदी लगा दी गयी है। सेबी ने रिलायंस होम फाइनेंस के पूर्व प्रमुख अधिकारियों समेत 24 अन्य एंटीटीज को भी शेयर मार्केट से बैन कर दिया है। इन पर अलग-अलग जुमार्ना लगाया गया है। वहीं रिलायंस होम फाइनेंस कंपनी को 6 महीने के लिए बैन किया है और 6 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। सेबी की ओर से जारी 222 पेज के फाइनल ऑर्डर के मुताबिक, जांच



में पता चला कि रिलायंस होम फाइनेंस के अधिकारियों की सहायता से अनिल अंबानी ने पैसों की हेराफेरी की। उन्होंने फंड का खुद इस्तेमाल किया, लेकिन दिखाया की ये फंड लोन के तौर पर दिया गया है। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने इस तरह के लोन को बंद करने और कॉर्पोरेट लोन्स की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए थे, लेकिन कंपनी के प्रबंधन ने इन आदेशों को नजरअंदाज किया। सेबी ने कहा कि परिस्थितियों को देखते हुए, रिलायंस होम फाइनेंस को धोखाधड़ी में शामिल व्यक्तियों के बराबर जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। वहीं अन्य एंटीटीज ने फंड डायवर्जन में मदद की। अनिल अंबानी पर 25 करोड़ रुपए, अमित बापना पर 27 करोड़ रुपए, रवींद्र सुधालकर पर 26 करोड़ रुपए, और पिंकेश आर शाह पर 21 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। रिलायंस यूनिकॉर्न एंटरप्राइजेज, रिलायंस एक्सचेंज नेक्स्ट, सहित अन्य कंपनियों पर फंड की हेराफेरी में शामिल होने के कारण 25-25 करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। **रिलायंस इंफ्रा का शेयर करीब 11% टूटा, पावर में 5% की गिरावट :** सेबी के बैन के बाद अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रा, रिलायंस होम फाइनेंस और रिलायंस पावर में गिरावट है। रिलायंस इंफ्रा सबसे ज्यादा करीब 14%, रिलायंस होम फाइनेंस 5.12% और रिलायंस पावर 5.01% गिर गया है। मुकेश अंबानी 1981 और अनिल अंबानी 1983 में रिलायंस से जुड़े थे। जुलाई 2002 में धीरूभाई अंबानी का निधन हो गया। वो वसीयत लिख कर नहीं गये थे। मुकेश अंबानी रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन और अनिल अंबानी मैनेजिंग डायरेक्टर बने। नवंबर 2004 में पहली बार दोनों भाई मुकेश अंबानी और अनिल अंबानी का झगड़ा सामने आया था। परिवार में चल रहे इस विवाद से धीरूभाई अंबानी की पत्नी कोकिलाबेन परेशान थीं, जिसके बाद बिजनेस का बंटवारा किया गया था। ये बंटवारा जून 2005 में हुआ था, लेकिन किस भाई को कौन सी कंपनी मिलेगी इसका फैसला 2006 तक चला। इस बंटवारे में क्उक्उक बैंक के तत्कालीन चेयरमैन वीके कामत को भी हस्तक्षेप करना पड़ा था। बंटवारे के बाद मुकेश अंबानी के हिस्से में पैट्रोकैमिकल्स के कारोबार, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडियन पेट्रोल कैमिकल्स कॉर्प लिमिटेड, रिलायंस पेट्रोलियम, रिलायंस इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड जैसी कंपनियां आईं। छोटे भाई अनिल के पास आरकॉम, रिलायंस कैपिटल, रिलायंस एनर्जी, रिलायंस नेचुरल रिसोर्सेज जैसी कंपनियां थीं।

# देशभर में लागू होगी बीएनएस की धारा 479 : सुप्रीम कोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

- जो विचाराधीन कैदी सजा का एक-तिहाई वक्त हिरासत में काट चुका, उसे जमानत दें

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 (बीएनएस) की धारा 479 को 1 जुलाई से पहले दर्ज किये गये सभी विचाराधीन मामलों में लागू किया जायेगा। जस्टिस हिमा कोहली और संदीप मेहता की बेंच ने देशभर के जेल अधीक्षकों से कहा कि वे धारा 479 में दी गयी हिरासत की अवधि का एक तिहाई समय पूरा कर चुके कैदियों के आवेदनों पर कार्रवाई करें। इसे 3 महीने के अंदर निपटायें। सुप्रीम कोर्ट ने देश की जेलों में भीड़भाड़ से निपटने के लिए अक्टूबर 2021 में नजर बनाये हुए है। इस मामले पर खुद ही एक्शन लेते हुए इस मामले पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा था।

**जेलों में भीड़ कम करने में मदद मिलेगी :** पिछली सुनवाई में सीनियर एडवोकेट और एमिकस क्यूरी (कोर्ट की तरफ से नियुक्त किये गये वकील) गौरव अग्रवाल ने धारा 479 के तहत विचाराधीन कैदियों को हिरासत में रखने की अधिकतम अवधि से जुड़े प्रावधान पर कोर्ट का ध्यान खींचा था। उन्होंने कहा था कि धारा 479 में प्रावधान है कि यदि कोई व्यक्ति, किसी विशेष कानून के तहत किसी अपराध के लिए तय सजा का एक तिहाई वक्त हिरासत में रह चुका है, तो उसे कोर्ट जमानत पर रिहा करे। उन्होंने कहा कि इसे जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए। गौरव अग्रवाल ने कहा था कि इससे जेलों में भीड़ कम करने में मदद मिलेगी।

# केयर हॉस्पिटल ने एआइ और रोबोटिक सर्जरी पर किया कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आज के दुनियां में समय के साथ चिकित्सा विज्ञान में सुधार हुआ है। आजकल नवीनतम तकनीक की मदद से कई जटिल बीमारियों का सफलतापूर्वक इलाज किया जा रहा है। घुटने के विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई और रोबोटिक्स का उपयोग कैसे किया जा सकता है, इसके बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए केयर हॉस्पिटल द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इसमें राज्य के कई बुद्धिजीवियों, डॉक्टरों और घुटने के सर्जरी के मरीजों ने भाग लिया। लोकसभा सदस्य और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पंडा ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और कहा, भारत का भविष्य एआई और रोबोटिक्स पर निर्भर करेगा। परिणामस्वरूप, कई जटिल ऑपरेशन उच्च सफलता दर के साथ किए जा सकते हैं। भारत इस चिकित्सा क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाने और रोगी देखभाल में नए मानक




स्थापित करने के लिए तैयार है। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए के केयर हॉस्पिटल के एचसीओ केस्ले आनंद ने डॉ संदीप सिंह और उनकी पूरी टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। साथ ही एआई और रोबोटिक तरीकों की मदद से घुटने की सर्जरी सफलतापूर्वक करना न केवल ओड़िशा बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व की बात है। इसके अतिरिक्त, यह उपलब्धि केयर अस्पताल के अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर और अनुभवी डॉक्टरों और नर्सों की टीम द्वारा संभव हो पाई है। केयर हॉस्पिटल भुवनेश्वर ने घुटने की सर्जरी के लिए सभी प्रकार की बीमा कंपनियों के साथ साझेदारी भी की है। केयर हॉस्पिटल के वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ और विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप के अनुसार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और रोबोटिक सर्जरी की सफलता दर पारंपरिक सर्जरी की तुलना में बहुत अधिक है। इसमें मरीज को लंबे समय तक अस्पताल में नहीं रहना पड़ता है और वह जल्द ही अपने सारे काम पहले की तरह खुद ही कर सकता है। घुटने के रिप्लेसमेंट से लेकर खेल चोटों तक का सफल इलाज एआई और रोबोटिक्स से किया जा सकता है। केयर अस्पताल में रोबोटिक्स के माध्यम से घुटने की सर्जरी कराने वाले कई रोगियों ने अपने अनुभव साझा किए और अपने विचार व्यक्त किए कि वे कैसे दर्द मुक्त जीवन जी रहे हैं।

## राज्य सरकार को समय आने पर युवा जवाब देंगे: राजीव रंजन मिश्रा

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा आक्रोश रैली के समर्थन में विभिन्न युवा संगठनों के द्वारा रैली निकाली गयी। सैकड़ो की संख्या में युवाओ ने मोरहाबादी मैदान पहुंच कर रैली में भाग लिया। युवा आक्रोश रैली में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा,



विधायक रांची सी पी सिंह और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह संस्थापक, झारखंड छात्र परिषद के राजीव रंजन मिश्रा शामिल हुये। श्री मिश्रा ने बताया कि युवा आक्रोश रैली को रोकने के लिए राज्य सरकार के द्वारा विभिन्न जगहों पे कटीले तारो से बैरिकेट किया गया। जिसका युवाओं ने भारी विरोध करते हुए मोरहाबादी मैदान पहुंच युवा आक्रोश रैली को सफल बनाया। श्री मिश्रा ने राज्य सरकार के इशारों पर जिला प्रशासन के द्वारा लाठीचार्ज और आंसू गैस का विरोध किया। राज्य सरकार से कहा कि समय आने पर युवा जवाब देगी। श्री मिश्रा ने राजधानी के भाजपा युवा मोर्चा एवं सभी युवाओं को रैली को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। युवा आक्रोश रैली को सफल बनाने में सुनील गुप्ता, शंकर दुबे, प्रेम वर्मा, सतेंद्र वर्मा, अनिल गुप्ता, उपेन्द्र रजक, टिंकू महतो, ज्योति साहू, राहुल सिन्हा चंकी, राहुल सिंह, पीयूष आनंद, आकाश दुबे सहित सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

JAISWAL CCTV
आपके शहर राँची में
अपने घर ऑफिस दुकान में लगाऐं
CCTV कैमरा
कचहरी चौक, राँची
4 कैमरे का सेट अब सिर्फ 14999/-
2 कैमरे का सेट अब सिर्फ 9999/-
अभी कॉल करे 9162992862
स्टेट बैंक के सामने कचहरी चौक, राँची - 834001

# वेदांता एल्युमीनियम ने फैबियो मार्टिंस को बिलेट्स का सीइओ नियुक्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शुक्रवार को दुनिया के अग्रणी एल्युमीनियम उत्पादकों में से एक वेदांता एल्युमीनियम ने बिलेट्स के सीईओ के रूप में फैबियो रॉबर्टो मार्टिंस की नियुक्ति की घोषणा की है। अपनी नयी भूमिका में, फैबियो एल्युमीनियम बिलेट्स उत्पाद समूह का नेतृत्व करेंगे, जो उत्पादन दक्षता को अनुकूलित करके और उत्पाद मूल्य को बढ़ाकर मूल्य सृजन पर ध्यान केंद्रित करेंगे। वे वाणिज्यिक गतिविधियों की रणनीति और निष्पादन को आगे बढ़ायेंगे और नवाचार और अत्याधुनिक तकनीक के उपयोग के माध्यम से परिचालन प्रबंधन की देखरेख करेंगे, क्योंकि कंपनी अपनी बिलेट क्षमता को 1.2 मिलियन टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने की योजना बना रही है, जिससे यह दुनिया की सबसे बड़ी बिलेट उत्पादक बन जायेगी। फैबियो अपने साथ एल्कोआ से 26 साल से ज्यादा का व्यापक अनुभव लेकर आए हैं, जहां उन्होंने कई नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभाई हैं, हाल ही में वे संचालन निदेशक के पद पर कार्यरत थे। परिचालन प्रबंधन और रणनीतिक योजना में उनकी विशेषज्ञता और अनुभव वेदांता एल्युमीनियम की बिलेट्स उत्पाद श्रेणी को बढ़ाने में सहायक होगा। नियुक्ति पर अपने विचार साझा करते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ जॉन स्लेवन ने कहा, वेदांता बाजार की बदलती मांग को पूरा करने के लिए



मूल्यवर्धित उत्पादों के अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करना जारी रखता है। हम पहले से ही भारत के सबसे बड़े बिलेट उत्पादक और निर्यातक हैं। अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए, हम फैबियो का हमारे नेतृत्व दल में स्वागत करते हुए प्रसन्न हैं। एल्युमीनियम उद्योग में उनका व्यापक वैश्विक अनुभव और सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड अमूल्य होगा क्योंकि हम अपने बिलेट व्यवसाय में नवाचार और उत्कृष्टता को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे। हम उनके द्वारा हमारे संगठन में लाई जाने वाली रणनीतिक अंतर्दृष्टि और परिचालन विशेषज्ञता की प्रतीक्षा कर रहे हैं। अपनी नियुक्ति पर वेदांता एल्युमीनियम के बिलेट्स के सीईओ फैबियो मार्टिंस ने कहा, मैं बिलेट्स के लिए उत्पाद समूह की रणनीति, परिचालन प्रदर्शन और वाणिज्यिक निष्पादन का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हूं। वेदांता एल्युमीनियम अभूतपूर्व विकास पथ पर है और मैं इसका हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। मेरा लक्ष्य स्थिरता को बढ़ावा देते हुए विकास और नवाचार को आगे बढ़ाना है। एल्युमीनियम बिलेट्स एल्युमीनियम के ठोस, बेलनाकार आकार होते हैं जिन्हें कास्टिंग नामक प्रक्रिया के माध्यम से उत्पादित किया जाता है और विभिन्न विनिर्माण प्रक्रियाओं के लिए कच्चे माल के रूप में काम करते हैं। बिलेट्स उत्पाद समूह कंपनी के लिए रणनीतिक महत्व का है, जिसकी प्रति वर्ष 580 किलो टन बिलेट कास्टिंग क्षमता है, जो वेदांता एल्युमीनियम को भारत का सबसे बड़ा उत्पादक और उच्च गुणवत्ता वाले एल्युमीनियम बिलेट्स का निर्यातक बनाती है। वेदांता लिमिटेड का एक व्यवसाय वेदांता एल्युमीनियम भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है, जो वित्त वर्ष 2024 में भारत के आधे से अधिक एल्युमीनियम यानी 2.37 मिलियन टन का उत्पादन करता है। यह मूल्यवर्धित एल्युमीनियम उत्पादों में अग्रणी है, जो मुख्य उद्योगों में महत्वपूर्ण अनुप्रयोग पाते हैं। वेदांता एल्युमीनियम एल्युमीनियम उद्योग के लिए एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2023 विश्व रैंकिंग में प्रथम स्थान पर है, जो इसके अग्रणी सतत विकास प्रथाओं का प्रतिबिंब है। भारत में अपने विश्व स्तरीय एल्युमीनियम स्मेल्टर, एल्युमीना रिफाइनरी और बिजली संयंत्रों के साथ, कंपनी हरित कल के लिए 'भविष्य की धातु' के रूप में एल्युमीनियम के उभरते अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के अपने मिशन को पूरा करती है।

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

THIRD EYE CLINIC
ADVANCE PHACO LASER EYE CARE CENTRE
Contact For More Details
DR. VISHAL CHOUDHARI
OPHTHALMOLOGIST
Mob - 7003381944, 9431594628
NH- 33 Near Madarsa, Irba, Ranchi - 835219
Branch 2 : Sri Sai General Store, Dipatoli, Ranchi -9

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**